ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 34, अंक 143, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज 15

फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 16

## दिल्ली को पानी दिलवाने के लिए आतिशी ने मोदी को लिखा पत्र, 21 से करेंगी अनशन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को पानी दिलवाने के लिए दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर हरियाणा से पानी दिलवाले का अनुरोध किया है। वह दिल्ली वालों को उनके हिस्से का पानी दिलवाने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला है। दिल्ली में इस 100 एमजीडी पानी की कमी से 28 लाख लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, दिल्लीवालों के कष्ट की हर सीमा पार हो चुकी है। तीन करोड़ की आबादी वाली दिल्ली को मात्र 1050 एमजीडी वहीं तीन करोड़ की आबादी वाले हरियाणा को 6500 एमजीडी पानी मिलता है। उन्होंने कहा हमने हर संभव प्रयास किए लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद हरियाणा दिल्ली को 100 एमजीडी पानी देने को तैयार नहीं है।

## केंद्रीय मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा

**धार (मप्र)।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। कार्यक्रम धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में ठाकुर सफेद बोर्ड पर देवनागरी लिपि में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई फैसले**

# धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपये बढ़ाकर 3421 रुपये प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपये बढ़ाकर 4290 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्का का एमएसपी 135 रुपये बढ़ाकर 2225 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। अरहर के एमएसपी में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका एमएसपी 7550 रुपये प्रति क्विंटल होगा। मूंग का एसपी 124 रुपये बढ़कर 8682 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द का एमएसपी 450 रुपये की वृद्धि के साथ 7400 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

### वाराणसी हवाई अड्डे के लिए 2,869 करोड़

**नई दिल्ली।** वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 2,869 .65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन के साथ अन्य कार्य होंगे। अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### एनएफआईईएस स्कीम को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 2254 .43 करोड़ रुपये के केंद्रीय क्षेत्र की योजना नेशनल फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) को मंजूरी दी गई। संबंधित वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किया जाएगा।

### 76,200 करोड़ से बनेगा बड़ा बंदरगाह

महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ की लागत से एक विशाल बंदरगाह के विकास को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है।




# यूजीसी-नेट रद, सीबीआई जांच के आदेश

**पेपर लीक की आशंका पर लिया फैसला**

**मामले की गहन जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने लिया फैसला, 18 जून को हुई थी परीक्षा**

- 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण
- दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए शीघ्र की जाएगी घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी


शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) रद करने का आदेश बुधवार को दिया। मामले की गहन जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा फिर से आयोजित की जाएगी। जिसके लिए अलग से जानकारी साझा की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि यूजीसी-नेट की शुचिता से समझौता कदापि नहीं किया जा सकता।इसलिए इसे रद करने का फैसला लिया गया है। मंत्रालय का यह फैसला मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है। यह मुद्दा अब सुप्रीम कोर्ट में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)-2024 एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई। जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। वहीं, करीब 9 लाख अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे। यूजीसी-नेट के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति व भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है।शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यूजीसी को गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से परीक्षा के संबंध में कुछ सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। इन सूचनाओं से प्रथम दृष्टया संकेत मिला है कि उक्त परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया।

उधर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यूजीसी-नेट में धांधली की भनक लगने के बाद परीक्षा को रद कर दिया गया है। अभ्यर्थियों के हितों से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा।

### क्या है यूजीसी-नेट

यूजीसी-नेट का फुल फार्म है- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा। मास्टर डिग्री वाले अभ्यर्थी के लिए कुल 83 विषयों के लिए ये परीक्षा ली जाती है। इसमें पास होने वाले यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी पाने की अर्हता प्राप्त करते हैं। टॉप 6 फीसद कटऑफ में आने वालों को जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) दी जाती है। जिसके तहत उन्हें भारत सरकार की ओर से शोध कार्य के लिए एक निश्चित राशि का भुगतान किया जाता है। ये परीक्षा साल में दो बार अर्थात जून व दिसंबर में आयोजित होती है।



### नीट को भी रद्द करे सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेट परीक्षा रद्द होने को छात्रों के जज्बे की जीत बताया और कहा कि मोदी सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को भी रद्द करना चाहिए। खडगे ने कहा आप परीक्षा पर चर्चा तो बहुत करते हैं, नीट परीक्षा पर चर्चा कब करेंगे। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री पहले कहते हैं कि नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। जब बिहार, गुजरात एवं हरियाणा में शिक्षा माफिया की गिरफ्तारियां होती हैं तो शिक्षा मंत्री मानते हैं कि कुछ घपला हुआ है। नीट की परीक्षा रद्द कब होगी।

### शिक्षा मंत्रालय ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से मांगी रिपोर्ट

**नीट पेपर लीक मामला**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत से अपहृत छात्रा को लखीमपुर में फेंका, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, छात्रा 12 जून से गायब थी छात्रा

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है। किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है।
> - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### गुजरात सरकार 7,500 अध्यापकों की करेगी भर्ती

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने शिक्षक योग्यता परीक्षा (टीएटी) उत्तीर्ण कर चुके 7,500 अध्यापकों को माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सरकारी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में स्थायी शिक्षक के रूप में भर्ती करने का निर्णय लिया है। इससे पहले, पात्र उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किया था।

### केदारनाथ के पुजारियों ने अधिकारी का घेराव किया

**देहरादून।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद पांडे के बुधवार को केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए वहां पहुंचने पर पुजारियों और व्यापारियों ने क्षेत्र में जारी तोड़फोड़ कार्य को लेकर उनका घेराव किया। केदारनाथ में पुजारियों के संगठन केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पांडे को कई घंटों तक वहां से जाने नहीं दिया गया और वे उखीमठ के एसडीएम अनिल शुक्ला के हस्तक्षेप के बाद ही जा सके। शुक्ला ने प्रदर्शनकारी पुजारियों और व्यापारियों को उनकी शिकायतों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## अलीगढ़ में युवक को भीड़ ने पीटकर मार डाला, तनाव

अलीगढ़, एजेंसी

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने के बाद तनाव, चोरी का था आरोप

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था।

पुलिस अधीक्षक एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं।

## योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

## मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।




### रियासी आतंकी हमलाः मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू (ब्यूरो)।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

## मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

# गर्मी व लू के कहर से 28 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- मरने वालों में 3 चालक, एक परिचालक, 1 सिपाही शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर थम नहीं रहा है। बीते 24 से 48 घंटों में 28 लोगों की मौत हो गई। कानपुर में 10, अयोध्या में 4, लखनऊ में 3, इटावा में 3, उन्नाव में 2, औरैया और उरई में 1-1 व अन्य जगहों पर 4 रोडवेज कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गर्मी व लू से बचने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए हैं। हालांकि सभी की मौत गर्मी व लू की वजह से हुई है, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

जानकारी के अनुसार, अमेठी डिपो की बस लेकर लखनऊ आ रहे चालक लवकुश दुबे की बुधवार को हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार को हरदोई डिपो के ज्ञान प्रकाश, बस्ती के अर्जुन प्रसाद और बदायूं डिपो के परिचालक कुलदीप की हीट स्ट्रोक से जान चली गई थी। इसे देखते हुए बुधवार को परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बैठक कर सभी बसों में गर्मी से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, लखनऊ में बुधवार को भीषण गर्मी के कारण विशेष सुरक्षा वाहिनी के सिपाही समेत तीन की मौत हो गई। सुशांत गोल्फ सिटी माढ़रमऊ निवासी होटल कर्मी रंजीत (35) मंगलवार को फुफेरा भाई सतीश हाल चाल लेने के लिए पहुंचा तो रंजीत फर्श पर बेसुध पड़ा मिला। केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शारदा नगर निवासी मजदूर प्रेम कुमार (35) काम करने के बाद कमरे पर लौटा तो उसे उल्टी होने लगी। तबीयत बिगड़ने पर उसने पड़ोसियों से मदद मांगी, आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, गोमतीनगर विकासखंड निवासी लक्ष्मीकांत पाठक (45) विशेष सुरक्षा वाहिनी में तैनात था। मंगलवार शाम को ईको गार्डन में ड्यूटी के लिए पहुंचा था। बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर साथी कर्मचारी उसे सिविल अस्पताल ले गए, जहां उसकी जान चली गई। आशंका है कि लू लगने के कारण इन सभी की तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान मौत हो गई।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

# बेंगलुरु में अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

बेंगलुरु, एजेंसी



- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया :** दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

### पुलिस ने उस कर्मी को ढूंढा जिसकी उंगली कटी थी

**मुंबई।** पुलिस ने पुणे जिले में आइसक्रीम में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिलने के मामले में आइसक्रीम फैक्टरी के उस कर्मचारी की पहचान की है, जिसकी उंगली काम के दौरान कट गई थी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक कर्मचारी की पहचान पुणे के (24) ओमकार पोटे के रूप में हुई है। जिसकी उंगली का एक हिस्सा 11 मई को इंदापुर में फॉर्च्यून डेयरी फैक्टरी में आइसक्रीम कोन भरते समय कट गया था। पुलिस ने पोटे के डीएनए नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेज दिया है। मुंबई के एक एमबीबीएस डॉक्टर ने 12 जून को ऑनलाइन ऑर्डर पर आइसक्रीम कोन मंगाई थी।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढ़क मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स के पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था।

## एक नजर

### दिव्यांगों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार देगी। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं इन पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं।

### अभिनेता नवाजुद्दीन ने की डीजीपी से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार से भेंट किया। इस दौरान अभिनेता ने यूपी पुलिस द्वारा प्रदेश में किए जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं नवाचारों की प्रशंसा करते हुए अपनी आगामी फिल्म रौतू का राज, में निभाई गई पुलिस अधिकारी की भूमिका के अनुभव भी साझा किए।

# वर्दी भत्ता व प्रोन्नति में पीपीएस अधिकारी हो रहे उपेक्षित

डीपी शुक्ल, लखनऊ

▸▸ **आईपीएस को प्रतिवर्ष 20 हजार, जबकि पीपीएस अफसर को 914 रुपये दिया जाता है वर्दी भत्ता**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस संगठन में पीपीएस कैडर सबसे महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई पर्यवेक्षण व अभियोजन के कार्यों में इस कैडर के बिना कार्य करना आसान नहीं है। सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक लगभग साढ़े तीन लाख की संख्या के पुलिस बल का अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा पीपीएस कैडर के अभाव में सुनिश्चित करना कठिन है।

सरकार द्वारा पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर डीजीपी तक को वर्दी भत्ता दिया जाता है। लेकिन, इस मामले में पीपीएस अफसर उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। फॉलोअर दो हजार रुपये प्रतिवर्ष, सिपाही तीन हजार रुपये प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता पाते हैं। इसी प्रकार आईपीएस अफसरों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये वर्दी भत्ता मिलता है। जबकि पीपीएस अफसरों को 914 रुपये प्रतिवर्ष की दर से सात साल बाद 6400 रुपये वर्दी नवीनीकरण के लिए मिलता हैं। इस मामले में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि यह मुद्दा सिर्फ रुपये से नहीं, बल्कि सम्मान से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि या तो सरकार वर्दी भत्ता समाप्त कर दे या फिर इसका निर्धारण वर्दी पहनने की आवश्यकता अनुसार तार्किक दरों पर तय करें। यह भी बताया कि पूर्व में पुलिस मुख्यालय ने इस मामले का प्रस्ताव भेजा था, परंतु शासन की उपेक्षा का शिकार होकर पत्रावली वापस लौट आई।

कैडर की समस्याओं के मुद्दे पर एसोसिएशन के एक पदाधिकारी का कहना हैं कि राज्य लोक सेवा आयोग से एक साथ भर्ती होने के बावजूद पीसीएस अधिकारी अपने सेवा संबंधी लाभों में पीपीएस अफसर से दस वर्ष आगे निकल गए हैं। उदाहरण के तौर पर जैसे 1994 बैच के पीपीएस अफसर आईपीएस कैडर में प्रोन्नत हुए हैं। जबकि 2004 बैच के पीसीएस अधिकारी आईएएस अफसर बना दिए गए हैं। इसी प्रकार 30-31 साल सेवा करने के बावजूद पीपीएस अफसर 12000 ग्रेड-पे स्केल लेवल-15 में कोई पद नहीं पा रहे हैं। जबकि पीसीएस अधिकारी 10 पद इस वेतनमान में पाते रहे हैं। 10 हजार रुपये ग्रेड-पे वेतनमान में पीपीएस अफसरों के 10 पद हैं, जबकि पीसीएस के 65 पद हैं। इसी तरह 8900 ग्रेड-पे में पीपीएस के 27 पद हैं, जबकि पीसीएस के 110 पद हैं। 8700 ग्रेड-पे में पीपीएस के 67 पद, जबकि पीसीएस के 200 पद हैं। 7600 ग्रेड-पे में पीपीएस के 182 पद हैं, जबकि पीसीएस के 250 पद हैं। इस प्रकार देखा जाए तो वित्तीय क्षेत्र में भी पीपीएस अफसर कम वेतन पा रहे हैं जो की सार्वजनिक रूप से उनका मनोबल तोड़ने वाला है।

### वर्तमान समय में संगठन है निष्क्रिय

कहने को तो अनुशासित पुलिस बल में संघ या यूनियन बनाने में प्रतिबंध है। लेकिन, पीपीएस कैडर के अधिकारियों ने अपना एक संगठन बना रखा है। जो वर्तमान समय निष्क्रिय होने के साथ-साथ अपनी दुर्दशा पर रोने तथा एक दूसरे को सांत्वना देने तक ही सीमित रह गया है। जिस कारण इनकी समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं देता, और इसका खामियाजा सभी को भरना पड़ रहा है।



पीपीएस कैडर के अधिकारियों के प्रमोशन में काफी विलंब होता है। उनका वर्दी भत्ता भी न के बराबर है। सरकार भी इनके प्रति उदासीन है। -**सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक**



वर्दी भत्ता के मामले में पीपीएस के नये अफसरों का मनोबल बढ़ाने के लिए आनुपातिक रूप से बराबर होनी चाहिए। जिससे समानता आएगी। -**शशि शेखर सिंह, अध्यक्ष पीपीएस एसोसिएशन**

## जेल के बाहर से ढेबर गिरफ्तार, हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाले के मामले में आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से जमानत मिलते ही उप्र. एसटीएफ ने उसे जेल से निकलते ही गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जेल के बाहर खूब हंगामा हुआ। हालांकि किसी प्रकार एसटीएफ अनवर को लेकर मेरठ के लिए रवाना हुई।

बतादें कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले केस में एसीबी ने मुकदमा पंजीकृत किया था। उस पर हाईकोर्ट की ओर से 14 जून को आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे गई थी। शराब घोटाले में नोएडा स्थित एक शराब कंपनी में होलोग्राम बनाए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस प्रकरण की जांच कर रही थी। इस प्रकरण में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को कस्टडी में लेने के लिए नोएडा पुलिस द्वारा दो प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। इसमें दो आवेदन ईओडब्ल्यू कोर्ट और एक ईडी कोर्ट में पेश किया गया था। बतादें कि जुलाई 2023 को नकली होलोग्राम मामले में ईडी के उपनिदेशक ने नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# शहरी दर पर बिल वसूलने को लेकर कॉरपोरेशन से जवाब तलब

## नियामक आयोग ने कहा, अविलंब पेश करें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **जवाब न देने पर कार्रवाई शुरू करने की दी चेतावनी**

**अमृत विचार:** प्रदेश में कई जिलों में ग्रामीणों से शहरी दर पर बिजली बिल वसूलने के मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि कॉरपोरेशन अविलंब विस्तृत रिपोर्ट पेश करे, अन्यथा आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करेगा।

बिजली आपूर्ति 24 घंटे किए जाने के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर नियामक आयोग ने परीक्षण शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नियामक आयोग ने बुधवार को पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी पूर्व में चल रहे इस तरह के मामले में जवाब तलब कर लिया है।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को जारी नोटिस में आयोग ने 15 दिसंबर 2023 को आयोग की ओर से जारी निर्देश का हवाला देते हुए अभी तक जवाब न दाखिल करने पर नाराजगी जताई है। कहा गया है कि कई जिलों में ग्रामीणों से आपूर्ति श्रेणी बदलकर ज्यादा बिल वसूल किया गया, पर 10 माह बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने जवाब दाखिल नहीं किया है।

मालूम हो कि शहरों के निकट ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित कर बिल वसूलने के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बीते दिन अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसमें कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, साथ ही, 2023 के प्रकरण में जवाब न देने पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी।

### किसी भी दशा में लागू नहीं होने दिया जाएगा प्रस्ताव: अवधेश

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं समेत किसानों से वसूल की जाने वाली फुल कास्ट का कुछ भाग सरकार सब्सिडी के रूप में कारपोरेशन के खजाने में भेजती है। यह लगभग 14000 करोड़ सालना से अधिक है। बिल का शेष भाग ग्रामीण जमा करते हैं। ऐसे में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का प्रस्ताव लागू नहीं होने दिया जाएगा।

## आईएएस मोहम्मद मुस्तफा का वीआरएस मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा का स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) स्वीकार कर लिया है। सार्वजनिक उपक्रम विभाग के प्रमुख सचिव 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मुस्तफा ने पिछले दिनों शासन को पत्र भेजकर आगे सेवा में न रह पाने के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस मांगा था।

# ललितपुर इकाई ठप, विद्युत आपूर्ति बाधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **60 मेगावाट क्षमता की एक इकाई के ठप होने बिजली संकट गहराया**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब पांच सौ मेगावाट की आपात कटौती गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट का कहर जारी रहा।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि ललितपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इस इकाई को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंताओं ने 21 जून तक इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई, जबकि पहले से बंद चल रहे टांडा की 110 मेगावाट व पारीछा की 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इन इकाइयों के 20 जून तक चालू होने की संभावना जताई गई है।

सूत्रों ने बताया कि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,585 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 24,227 मेगावाट दर्ज हुई।

## इमामबाड़े में तोड़फोड़ रोकने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बरेली में किला स्थित इमामबाड़ा वक्फ नवाब मोहम्मद हुसैन खां में तोड़फोड़ नहीं होगी। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ अंजना सिरोही ने अमृत विचार में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए तत्काल तोड़फोड़ रोकने और अवैध कब्जे को हटाने के आदेश दिए हैं।

इमामबाड़े को अपनी सम्पत्ति बताकर पिछले कई दिन से ताहिर जैदी, नदीम जैदी और हुमा जैदी तोड़ रहे थे। अपने आदेश में सहायक सर्वे आयुक्त वक्फन ने कहा है कि इमामबाड़ा किला बरेली की आराजी पर किए जा रहे अवैध कब्जे और निर्माण के प्रयास को रोकने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उप जिलाधिकारी सदर और बरेली के अपर नगर आयुक्त को दिए आदेश में कहा गया है कि वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ में तहव्वर अली बनाम उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के बीच चले मुकदमे में वक्फ न्यायाधिकरण के आदेश पर शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने 17 दुकानों को वक्फ रजिस्टर से हटा दिया था।

# एक लाख 62 हजार बूथों पर करेंगे पौधरोपण



कांग्रेस मुख्यालय पर पौधरोपण के लिए शपथ लेते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की हुई शुरुआत**

**अमृत विचार:** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पार्टी नेता राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केक काटकर राहुल के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई। कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के एक लाख 62 हजार बूथों पर एक-एक पौधा रोपने का संकल्प लिया। इसके लिए नेताओं-कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई।

प्रदेश अध्यक्ष इस मौके पर कहा कि विकास के नाम पर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने लाखों पेड़ कटवा दिये, जिसका नतीजा यह है कि गर्मी के प्रकोप से पूरा देश व प्रदेश झुलस रहा है। रोज कई लोग खासकर गरीब तबके के लोग इस भयंकर गर्मी की चपेट में आकर आकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। इस यातना से निजात केवल पौधरोपण से ही मिल सकता है। कांग्रेस राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के जरिए इस कार्य को पूरा करेगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश अजमानी, पूर्व मंत्री राज बहादुर सिंह, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

### अस्पताल में फल वितरण

प्रदेश अध्यक्ष ने राजधानी के वृंदावन स्थित पॉल मर्सी होम पहुंचकर मानसिक रूप से कमजोर लड़कियों को फल, मिठाइयां व उनकी जरूरत की अन्य वस्तुएं वितरित कीं। इसी क्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी व प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान ने मरीजों को फल वितरित किया।

## बिल्डर को तलब कर आवंटी को दिलाया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊः** गौतमबुद्ध नगर में एक आवंटी को शर्तों के मुताबिक बिल्डर ने फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया। साथ ही उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के न्यायनिर्णायक अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया। इस पर पीठ ने बिल्डर को तलब करके फ्लैट की चाबी आवंटी को सौंप कर कब्जा दिलाया।

आवंटी मेराज अंसारी ने 2010 में मेसर्स उत्तम स्टीलस एंड एसोसिएटस (कंसोर्टियम) की ईकाई में एक फ्लैट बुक कराया था। लेकिन, तय समय पर बिल्डर ने कब्जा नहीं दिया। इस पर आवंटी ने 2019 में बिल्डर के खिलाफ रेरा में शिकायत दर्ज कराई। इसकी सुनवाई न्यायनिर्णायक अधिकारी आरपी सिंह ने करते हुए नियम-24 के तहत आवंटी को कब्जा देने का आदेश दिया। लेकिन, बिल्डर ने बराबर उल्लंघन किया। इस पर नाराजगी जताते हुए पीठ ने बिल्डर को तलब किया और आवंटी को उसके फ्लैट की चाबी देकर कब्जा दिलाया। बिल्डर ने देनदारी संबंधी अनापत्ति प्रमाण व कब्जा प्रमाण पत्र की प्रति पीठ में जमा करने का आश्वासन दिया। आवंटी के पक्ष में रजिस्ट्री भी कराई जाएगी। न्यायनिर्णायक अधिकारी ने बताया कि रेरा अधिनियम के प्राविधानों का उल्लंघन करने पर बिल्डर को तलब कर आवंटी को चाबी दिलाई है।

# मूर्तिकार आत्महत्या : आयोग ने लिया संज्ञान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मानवाधिकार आयोग ने लखनऊ जिलाधिकारी एवं पुलिस कमिश्नर को भेजा नोटिस**

**अमृत विचारः** राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मूर्तिकार द्वारा फेसबुक लाइव हो जहर खाकर जान देने के मामले में उप्र मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने लखनऊ जिलाधिकारी एवं पुलिस कमिश्नर से प्रकरण की सभी पहलुओं पर जांच करते हुए दो हफ्ते में जांच आख्या तलब की है।

बतादें कि ठाकुरगंज के शेखपुर निवासी मूर्तिकार रजनीश रावत उर्फ गोलू (28) ने गत 8 जून को फेसबुक लाइव पर आकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस दौरान उसने हुसैनबाड़ी निवासी व्यापारी रामू, उसकी पत्नी और पुलिसकर्मी कुलदीप पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इस प्रकरण पर पुलिस द्वारा मृतक रजनीश रावत के पिता को भी थाने बुलाकर परेशान करने के आरोप लगे थे। उधर, इस घटना के बाद कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। मंगलवार की देर शाम उप्र. राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान ले लिया। आयोग के सदस्य ब्रजभूषण शर्मा ने लखनऊ के जिला अधिकारी और पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया है कि दो हफ्ते के अंदर पूरे प्रकरण की जांच कराकर आख्या आयोग भेजी जाए।

## वीरों के नाम पर पौने दो करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश के अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से अलंकृत वीरों के नाम पर एकमुश्त एवं वार्षिक पुरस्कार की धनराशि की स्वीकृति शासन ने दे दी है।

इस कड़ी में 01 करोड़ 73 लाख 52 हजार चार सौ रुपये अलग-अलग पुस्कार राशि के हिसाब से सम्मानित 153 वीरों अथवा शहीदों के परिजनों को सौंपी जानी है। इस संबध में अपर मुख्य सचिव जितेन्द कुमार की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

# पर्यटकों की संख्या के आधार पर होंगी सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **31 जुलाई 2025 तक की जाएगी पर्यटकों की गणना**

**अमृत विचारः** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की गणना की जाएगी, उसके बाद पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएंगी ताकि अधिक से अधिक पर्यटक आएं। इसके लिए उन्होंने 31 जुलाई 2025 तक प्रदेश में पर्यटकों की गणना पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं, इसलिए जिन पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का भारी दबाव है, वहां पर सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी साथ ही रहने व खान-पान की सहज उपलब्धता कराने के लिए संसाधन बढ़ाए जाएंगे। देश-विदेश से पर्यटक आते हैं, इसलिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन से लेकर एयर पोर्ट पर आने वाले पर्यटकों की भी गणना कराई जाएगी, अयोध्या, वाराणसी और अन्य स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है, पर्यटन विभाग और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों की गणना के लिए संस्था, इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट को नामित किया गया है।

## 30 हजार रिश्वत लेते डिप्टी रेंजर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान मेरठ की टीम ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार लिया।

सीओ दीपक त्यागी ने बताया कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छपकौली निवासी किसान ने शिकायत करते हुए बताया कि आंधी आने के कारण 23 पेड़ गिर गए थे। इसकी सूचना उसने वन क्षेत्राधिकारी को 10 जून को दी थी। डिप्टी रेंजर शशी शेखर शर्मा ने पीड़ित को गैरकानूनी तरीके से पेड़ काटने के मामले में फंसाने और प्रति पेड़ 10 हजार रुपये जुर्माना भरने की धमकी देते हुए तीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

# ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे प्रवर्तन दस्ते के वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **कई अन्य टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया भी शुरू**

**लखनऊः** राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इस डिवाइस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। बतादें कि सीएम योगी के निर्देश पर राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है। श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कार्यावंटन के बाद मिलेगा। इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी।

**223 जीपीएस डिवाइसेस को किया जाएगा इंस्टॉलः** अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइस को इन्सटॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइट बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### वाहन की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग

बैकएंड सॉफ्टवेयर को डिजिटल मैप पर वाहन की आवाजाही की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिहाज से डेवलप किया जाएगा। वाहन ट्रैकिंग डिवाइस को ओवर-द-एयर (ओटीए) कन्फीगर करने की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर दरअसल एक वेब-आधारित एप्लीकेशन होगा, जिसे विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टैबलेट कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि पर एक्सेस किया जा सकेगा।

## आज से शुरू होगी सारस की गणना

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। साल में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी।

2023 में हुई गणना में राज्य में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध करानी होगी। पिछली गणनाओं में यह पाया गया कि साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बाद राज्य में 2021 में 17329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19522 हो गई।

**रणनीति** | केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी

# वाया वायनाड लोकसभा पहुंचने की तैयारी में प्रियंका

यूपी से सीखी राजनीति की बारीकी, पहली बार लड़ेंगी चुनाव



दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार। 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भले ही सफल न रही हों। किंतु यहां से सीखी राजनीति की बारीकी सीखने का लाभ अब उन्हें केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के दौरान मिल सकता है। प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी।

52 वर्षीया प्रियंका कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य हैं। राहुल गांधी के वायनाड से इस्तीफा देने के बाद वह चुनावी राजनीति में पहली बार उपचुनाव के जरिए प्रवेश करने जा रही हैं। प्रियंका ने औपचारिक रूप से सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उन्हें 23 जनवरी 2019 को यूपी के पूर्वी हिस्से के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। 11 सितंबर, 2020 को उन्हें पूरे प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। इससे पहले वह पार्टी संगठन में ही काम करती रही हैं। प्रियंका वर्ष 2004 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल रहीं। वर्ष 2007 के प्रदेश विधानसभा चुनावों में जब राहुल ने कांग्रेस के लिए राज्यव्यापी प्रचार अभियान का जिम्मा संभाला तो प्रियंका ने अमेठी-रायबरेली क्षेत्र की 10 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वह करीब डेढ़ दशक तक चुनावी राजनीति में उतरने से कतराती रहीं। लेकिन, यूपी में कांग्रेस का कामकाज जरूर देखती रहीं। वह रायबरेली में मां सोनिया गांधी और अमेठी में भाई राहुल के चुनाव अभियानों में सहायक की भूमिका में रहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका के कभी रायबरेली तो कभी अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा तो खूब हुई। लेकिन, अंतिम समय में केएल शर्मा को मौका मिला।

### प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस ने लड़ा था 2022 का यूपी चुनाव

कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के ही नेतृत्व में वर्ष 2022 का प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा। जनवरी 2022 में प्रियंका ने राहुल के साथ यूपी चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लांच किया। महिला मतों को आकर्षित करने व सक्रिय राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को उन्होंने राज्य में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने के उनके सभी प्रयासों के बावजूद कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2022 के यूपी चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी थी।

### वायनाड में लगे पोस्टर प्रियंका हमारा ख्याल रखें

प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड पहुंचने से पहले कांग्रेस पार्टी वहां के लोगों के साथ आत्मीय रिश्ता जताने से भी नहीं चूक रही है। केरल के उत्तर-पूर्व में स्थित व प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध वायनाड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को क्षेत्र न छोड़ने व उनके समर्थन में पोस्टर लगाए। कुछ पोस्टर में तो यह भी लिखा गया कि राहुल को यदि क्षेत्र छोड़ना ही पड़ जाए तो बहन प्रियंका गांधी से उनका ध्यान रखने को जरूर कहें। वायनाड की जनता ने राहुल गांधी को दूसरी बार सांसद बनाया है। यहां से राहुल गांधी 3,64,422 लाख मतों से चुनाव जीते हैं। वर्ष 2019 में राहुल ने वायनाड से 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था।

# स्थानांतरित शिक्षकों की सूची जारी, 22 तक होंगे अवमुक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **2796 शिक्षकों का स्थानांतरण मनचाहे जिले में हुआ**

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 2796 परिषदीय शिक्षकों का स्थानांतरण मनचाहे जिले में हो गया। स्थानांतरित शिक्षकों सूची की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बुधवार को बताया कि अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण के आदेश जारी कर दिया गया है। कुल 1398 जोड़े (2796 शिक्षकों) के तबादले को मंजूरी मिली है। सचिव ने पहली बार एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण करने की बजाए सीधे एक से दूसरे स्कूल में तबादला कर दिया है इससे शिक्षकों को राहत मिल जायेगी। सचिव ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिका को कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही 22 जून तक की जाएगी। साथ ही अभिलेखों का परीक्षण करते हुए स्थानान्तरित शिक्षकों को अनिवार्य रूप से एक साथ कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराया जाए। यदि स्थानान्तरित जिले में उस बैच के अध्यापकों की पदोन्नति नहीं की गई है तो ऐसे शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## मौसम

आसमान साफ रहेगा। तेज धूप खिलेगी। दिनभर लू चलेगी।

43.1° अधिकतम तापमान | 30.6° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- बाबा नीब करोरी ध्यान केन्द्र, लेटे हुए हनुमान मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास – 7 :30 बजे।
- गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत –10 :00 बजे।
- उर्दू अकादमी गोमती नगर में अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस, कबीर जयंती और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम साधो जग दर्शन का मेला– 5 :00 बजे।

# मिट गया अकबर नगर का नामो-निशान, 15 दिनों में हट जाएगा मलबा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** बुधवार तड़के चार बजे पुलिस बल की मौजूदगी में दो धर्मस्थल और एक मदरसे के ध्वसीकरण के साथ ही राजधानी के नक्शे से अकबर नगर का नामो-निशान मिट गया। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में 10 जून से चली कार्रवाई में 1,169 मकान, 101 व्यवसायिक भवन समेत कुल 1,900 अवैध निर्माण तोड़ कर भूमाफिया, घुसपैठियों व रोहिंग्या से 24.5 एकड़ जमीन कब्जा मुक्त कराई गई। भवनों का मलबा 15 दिन में हटाने की तैयारी है।

**1900** अवैध निर्माण तोड़े गए 10 दिन चली एलडीए की कार्रवाई में

### संवरेंगे रिवर फ्रंट, बनेगी नाइट सफारी

कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार कुकरैल रिवर फ्रंट बनाने के अलावा वन क्षेत्र भी विकसित करेगी। वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब बनाया जाएगा। देश की पहली नाइट सफारी भी विकसित की जाएगी। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। इसका रोडमैप तैयार हो गया है।

### नए सिरे से विकसित होगा नदी का उद्गम क्षेत्र

बख्शी के तालाब के दशौली गांव में कुकरैल नदी के उद्गम स्थल का विकास नए सिरे से किया जाएगा। नगर विकास विभाग यहां तालाबों की इंटरलिंक करके क्षेत्र को संवारेगा। अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इन परियोजनाओं का लेआउट प्लान तैयार किया जा रहा है। जो जल्द मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद धरातल पर उतारा जाएगा।

**नदी के 4.30 किमी तक होगा पौधरोपण**

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बुधवार को बैठक कर एलडीए, नगर निगम व सिंचाई विभाग को कुकरैल नदी के 4.30 किलोमीटर की दूरी तक संयुक्त रूप से पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य वन संरक्षक रेनु सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, डीएफओ व सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



अवैध भवन ध्वस्त होने के बाद मलबे के ढेर में तब्दील अकबर नगर के किनारे बहती कुकरैल नदी दूर से दिखाई देने लगी है। अमृत विचार

## एक नजर

### भाकपा आज निकालेगी मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट रद्द कर दोबारा कराने, लेखिका अरुधंति राय और राजनीतिक विश्लेषक डॉ. शेख शौकत हुसैन के ऊपर यूएपीए जैसे काले कानून के तहत मुकदमा चलाने के खिलाफ भाकपा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 11 : 30 बजे परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च निकाला जाएगा।

### गृहकर समाधान दिवस कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआईएस समाधान दिवस शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 9 से दोपहर 12 :30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जीआईएस सर्वे में बढ़े गृहकर को भवन स्वामी सही कराने के लिए आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि समाधान दिवस में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जोनल अधिकारी तथा जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### शहर में कई क्षेत्रों में आज रहेगी बिजली गुल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहिबरनपुर डालीगंज में बागशाह फीडर के गोडियन टोला 400केवीए ट्रांसफार्मर मे बिजनेस प्लान के तहत गुरूवार को कार्य किया जाना है। जिसके चलते गोडीयन टोला और उसके आसपास के क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह 11से 4 बजे तक बाधित रहेगी। वही विकास नगर के कल्याणी पार्क की एलटी सप्लाई के खराब कंडक्टर को बदलकर नया एबी केबल लगाने के कार्य के चलते मयूर विहार और कल्याणी पार्क के आसपास की बिजली सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। इसके अलावा पक्का पुल फीडर के अंतर्गत बाबा का पुरवा ट्रांसफार्मर के एलटी 250 केवीए पर कार्य किये जाने के कारण उसके आसपास के इलाकों में सुबह 9 से 3 बजे तक बाधित रहेगी। जानकीपुरम और इंजीनियरिंग कॉलेज में एबीसी केबल और खंभे लगाने का काम किया जायेगा। इससे ब्राइट वे के आसपास सेक्टर एच जानकीपुरम, शिव विहार, गौशाला, सुंदरम पार्क, सुल्तानपुर गांव, नियर बनाना काउंटी, सेक्टर आई जानकीपुरम के अंतर्गत अलीशा नगर, जानकीपुरममे सुबह 10 से शाम 4बजे तक बिजली गुल रहेगी।

# अवैध कब्जे हटाने में जुटे नगर निगम को लगा बड़ा झटका

## शासन ने वापस बुलाए प्रतिनियुक्ति पर भेजे तहसीलदार, नायब तहसीलदार व लेखपाल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम की भूमि के सर्वे और भूमि कब्जा मुक्त कराने के अभियान को झटका लगा है। शासन ने प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और लेखपालों को वापस बुला लिया है। यह कार्रवाई महापौर और नगर आयुक्त को विश्वास में लिए बिना की गई। कार्रवाई बिल्डरों, भूमाफिया के दबाव में होना माना जा रहा है।

नगर निगम की भूमि अतिक्रमणकारियों से बचाने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल की पहल पर शासन ने चकबंदी विभाग से दो तहसीलदार, चार नायब तहसीलदार और 25 लेखपाल प्रतिनियुक्ति पर भेजे थे। जनवरी 2024 में तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और लेखपालों को सभी आठ जोन में तैनाती दे दी गई थी। इसके बाद अभियान चलाकर नगर निगम की 33,33061 वर्गमीटर भूमि खाली कराई गई। इस भूमि की कीमत लगभग 9.74 अरब बताई गई थी। आठ महीने बाद ही शासन ने तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और लेखपालों को वापस बुलाने का आदेश दे दिया है। इसकी वजह महापौर और नगर आयुक्त को भी पता नहीं है।इससे नगर निगम में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। लोग दबी जुबान में कह रहे हैं कि भू-माफिया के दबाव में अतिक्रमण हटाओ अभियान को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है। इस निर्णय से नगर निगम के सामने अपनी जमीन सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है।

**मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण चिन्हित करने का महापौर ने दिया था निर्देश :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने एक सप्ताह पहले सम्पत्ति विभाग की समीक्षा की थी। उन्होंने सभी आठ जोन में मुख्य मार्गों का सर्वे करके नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। इसके कुछ दिन बाद ही राजस्व विभाग ने प्रतिनियुक्ति पर आए स्टाफ को वापस लेने का आदेश जारी कर दिया।

**निगम की कार्रवाई से बिल्डरों में मचा है हड़कंप :** तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और लेखपालों को जोनों में तैनाती के बाद टीमों ने वार्डवार अतिक्रमण का सर्वे करने के साथ जमीन खाली करानी शुरू कर दी थी। सर्वे में नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर कब्जे का खुलासा हुआ था। अधिकारियों की मिलीभगत से चिनहट के सेमरा और सरोजनीनगर के बेहसा में निगम की जमीन पर होटल बन गए थे। आईआईएम रोड पर मुतक्कीपुर में 5.5 करोड़ कीमत की 10,000 वर्ग फीट भूमि बिल्डर को दे दी गई। इस जमीन की फाइल भी नगर निगम से गायब हो गई थी। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर बिल्डर को जारी एनओसी निरस्त करके जमीन वापस ले ली गई। सर्वे और अवैध कब्जों पर कार्रवाई से बिल्डरों में खलबली मची थी।

**अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत अब तक हुई कार्रवाई**

| दिनांक | ग्राम | भूमि वर्ग मीटर में | मूल्य |
|---|---|---|---|
| 28-12-2023 | बालागंज | दो लाख | 1.10 अरब |
| 4-1- 2024 | शाहपुर | 1,64,628 | 10 करोड़ |
| 15-1-2024 | सैथा | 100700 | 10.90 करोड़ |
| 25-1-2024 | सरसवां | 35,647 | 1.06 अरब |
| 13-2-2024 | सेमरा | 52832 | एक अरब |
| 2-3-2024 | अमौसी | 48760 | 10 करोड़ |
| 6-3-2024 | हरिकंशगढ़ी | 54000 | 6 करोड़ |
| 8-4-2024 | सोनई कंजेहरा | 62645 | 12.52 करोड़ |
| 15-5-2024 | जेहटा | 10868 | दो करोड़ |
| 11-6-2024 | अमराई गांव | 3,28,945 | 20 करोड़ |

- बिल्डरों व भूमाफिया के दबाव में उठाए गए कदम की निगम में चर्चा
- नगर आयुक्त और महापौर को विश्वास में लिये बगैर हुई कार्रवाई

> प्रतिनियुक्ति पर आए लेखपाल, नायब तहसीलदार और तहसीलदारों को वापस लिए जाने की जानकारी नहीं है। इसके बारे में शासन के अधिकारियों से बात की जाएगी। नगर निगम अपनी जमीन कैसे सुरक्षित करेगा, इसके लिए विकल्प पर बात की जाएगी।
> –सुषमा खर्कवाल, महापौर

# हवा उड़ा ले गई प्री-मानसून अब 25 तक करें इंतजार

**03** दिन के लिए प्रदेश में लू का रेड अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में बुधवार को आए प्री-मानसून को हवा उड़ा ले गई। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर बाद हल्की बारिश के आसार बन रहे थे, लेकिन हवा की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से बादल उड़ गए। अब प्रदेश में 25 जून तक मानसून दस्तकदे सकता है। हालांकि देर रात बादल छाए और बूंदाबांदी भी हुई। इस तरह बादलों की आवाजाही के बीच छिटपुट बारिश की संभावना है। इस दौरान लू से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने 19 से 21 जून तक प्रदेश भर में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, मंगलवार देर रात लखनऊ और इर्द-गिर्द इलाकों में प्री- मानसून आया। तेज हवा की वजह से बादल रुक नही पाए। इससे रात के तापमान में थोड़ी गिरावट भी हुई। दिन का तापमान 43.1 और रात का 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार 40-45 किमी प्रति घंटा रही। अगले तीन दिन तक लू का प्रकोप रहेगा।



हजरतगंज में बच्चे और खुद को धूप से बचाने के लिए छाता लगाकर जाती महिला।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहे कानपुर और आगरा

बुधवार को कानपुर और आगरा का सबसे तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। पूर्वी यूपी में बस्ती 44 और गोरखपुर में 42 डिग्री तापमान रहा। सबसे गर्म जिला कानपुर रहा, यहां तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हमीरपुर, झांसी, उरई सहित बुंदेलखंड में अभी तक तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच बना हुआ है। जून की शुरूआत से 45 से 47 डिग्री के बीच झुलस रहे प्रयागराज को गर्मी से काफी राहत मिली। यहां परा लुढ़ककर 40.9 डिग्री पर आ गया।

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू का असर**

अगले तीन दिन लू का सबसे घातक असर कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में रहेगा। लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, उन्नाव, बरेली, पीलीभीत और अयोध्या में दिन में लू चलने के साथ रात में भी गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बरेली, गोण्डा, गोरखपुर, पीलीभीत और शाहजहांपुर में आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

# टर्मिनल-3 से विमानों ने भरी उड़ान

## दुबई, शारजाह, बैंकॉक समेत कई देशों के लिए रवाना हुए विमान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ।

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल-3 से बुधवार को विमानों ने उड़ानभरी। पहले दिन अबू धाबी, दुबई, शारजाह, दम्मम, रियाद, जेद्दा, मस्कट, रस अल खैमाह और बैंकॉक के लिए विमान रवाना हुए। फ्लाइनस एयरलाइन के विमान ने पहली उड़ान भरी।

एयरपोर्ट पर विश्वस्तरीय टर्मिनल-3 का निर्माण इसी महीने पूरा हुआ है।

अभी तक टर्मिनल-1 व 2 से अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू विमान अलग-अलग आवागमन कर रहे थे। इस टर्मिनल से दोनों विमान सेवाओं को एक साथ संचालित किया जाना है। घरेलू विमानों को यहां पहले ही स्थानांतरित कर दिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा इससे 12 जून से शुरू होनी थी, तकनीकी कारण से नहीं हो पाई थी। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 6:36 बजे पहला विमान यात्रियों को लेकर इस रनवे पर उतरा और 7:50 बजे फ्लाइनस की पहली फ्लाइट रवाना हुई।

इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सउदिया एयरलाइंस, ओमान एयर, थाई एयर एशिया, फ्लाइनस, सलाम एयर और फ्लाई दुबई के सभी विमान अब टर्मिनल-3 से आवागमन करेंगे।



उड़ान भरने से पहले अमौसी एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर खड़े विमान। अमृत विचार

# बिहार की टीम करेगी शहरी आवासों का अध्ययन

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का निरीक्षण करने के लिए बिहार से टीम आएगी। ये टीम 21 जून तक आवासों का निरीक्षण कर अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम (एएचपी) का अध्ययन करेगी।

गुरुवार को बिहार से टीम के आने की संभावना को देखते हुए भ्रमण की तैयारी की गई। जिसे लखनऊ विकास प्राधिकरण हरदोई रोड स्थित बंसतकुंज में बने शहरी आवासों का निरीक्षण कराएगा। टीम में पीपीपी स्पेशलिस्ट अर्पित सक्सेना, म्यूनिसिपल इंजीनियर राय प्रभाकर रमन, दुर्गेश कुमार आएंगे। टीम के सदस्य प्रधानमंत्री शहरी आवासों में रह रहे लोगों से बातचीत कर अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम यानी यह आवास गरीबों के कितने किफायती है यह जानेगी। इसी तरह 21 जून तक जिले में रहकर डूडा के आवासों का निरीक्षण करेगी।

**गड़बड़ी** | निबंधन विभाग ने शुरू की जांच, चिह्नित किए व्यावसायिक भवन

# रजिस्ट्री की बजाय किरायानामा, स्टाम्प शुल्क चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में कारोबारी स्टाम्प शुल्क चोरी करके निबंधन विभाग को करोड़ों रुपये की चपत लगा रहे हैं।

इनमें ज्यादातर बड़े कारोबारी चिह्नित किए गए हैं, जबकि छोटे की गिनती नहीं है। जो बिना रजिस्ट्री कराये वर्षों से वेयर हाउस, गोदाम, दुकान, कारखाना आदि स्टाम्प शुल्क चोरी करके किरायानामा पर चला रहे हैं।

किरायानामा भी 150 से 500 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बनवाएं हैं, जबकि प्रति वर्ष किराया 25 से 35 लाख रुपये देते हैं। इस किराये पर चार फीसद स्टाम्प शुल्क देयता बनती है।

कई किरायानामा ऐसे हैं जिनका नवीनीकरण नहीं कराया गया तो कई रजिस्ट्री से बचने के लिए हर वर्ष किरायानामा नवीनीकरण कराते हैं। निबंधन विभाग ने पिछले सप्ताह वेयर हाउस के खिलाफ अभियान चलाया तो बड़े पैमाने पर इस तरह से स्टाम्प शुल्क चोरी का खेल पकड़ा है।

अब इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। किरायानामा जब्त कर जांच की जाएगी और जमा कर रहे जीएसटी से मिलान करके जुर्माना वसूला जाएगा।

### स्टाम्प शुल्क चोरी पर यह होगी कार्रवाई

स्टाम्प वाद, स्टाम्प शुल्क चोरी का चार गुना जुर्माना व डेढ़ प्रतिशत ब्याज

**निजी के साथ सरकारी भवन शामिल**

जो दुकान, गोदाम आदि व्यवसायिक भवन किराये पर लिए गए उनमें निजी के साथ सरकारी भी शामिल हैं। इनमें शराब दुकानों की संख्या सबसे अधिक है। जबकि शासन के सख्त निर्देश हैं कि एक वर्ष से अधिक व्यवसाय के लिए दुकान, गोदाम आदि बिना रजिस्ट्री के किराये पर न दिए जाएं। यदि एक वर्ष के लिए जो भवन किराये पर दिए उनका किरायानामा नियमानुसार स्टाम्प शुल्क के साथ लगाया जाए।

**तो राज्य कर विभाग निभाए जिम्मेदारी**

इधर कारोबारी स्टाम्प शुल्क चोरी करके उन्हीं किरायानामा पर जीएसटी अदा करते हैं। विभाग के मुताबिक राज्यकर विभाग किरायानामा की जांच करे तो स्टाम्प शुल्क चोरी रोक सकते हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधक से जांच कराई जाती है। लेकिन, इन नियमों का पालन विभाग नहीं करता है।

# छूट चाहिए तो 30 तक जमा करें गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर में 15 प्रतिशत का लाभ लेना है तो हर हाल में 30 जून तक जमा कर दें, क्योंकि नगर निगम छूट खत्म करने जा रहा है। इसका प्रस्ताव तैयार हो चुका है। पहली अप्रैल से 31 जुलाई तक मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट और 31 दिसंबर तक दी जाने वाली पांच प्रतिशत की छूट खत्म हो जाएगी। अभी वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत के साथ पांच प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने 30 जून तक गृहकर जमा कर 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

# एक वे-बिल पर दो बार लाखों का पान मसाला भेजा, जीएसटी टीम ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 26 लाख से अधिक की कर चोरी, दोनों ट्रक राज्यकर अधिकारियों ने किए जब्त

अमृत विचारः जितने बार माल का परिवहन उतनी बार ई-वेबिल बनवाने का प्राविधान है, लेकिन कम दूरी और समय का लाभ उठाते हुए टैक्स चोरों ने एक नई तरकीब निकाली। एक बार ई-वेबिल जेनेरेट किया और उसके सहारे कई बार दूसरे जनपदों में बिना टैक्स दिए पान मसाला परिवहन कर लाखों का खेल किया। सूचना पर जीएसटी टीम ने दो अलग-अलग मार्गों पर घात लगाकर दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया। करीब 26 लाख से अधिक की कर चोरी सामने आई।

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश सिंह के नेतृत्व में अफसरों ने लखनऊ से हरदोई जा रही पान मसाला और तंबाकू भरे ट्रक को रोका। ई-वेबिल की जांच में पता चला कि पान मसाला लेकर ट्रक हरदोई का एक चक्कर लगा चुका है। दूसरे फेरे में ट्रक में करीब 13लाख 73 हजार 468 रुपये का पान मसाला लदा था। टीम ट्रक को जब्त कर मीराबाई स्थित जीएसटी भवन ले आई। दूसरी सूचना संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा एके सिंह ने तत्काल लखनऊ जोन से जुड़ी सीतापुर इकाई को सतर्क कर तत्काल जांच करने को कहा। कुछ देर में ही परिणाम सामने आए। लखनऊ से अयोध्या जा रहे तंबाकू और पान मसाला के ट्रक की जांच की। चालक ने बताया कि ई-वेबिल है। जांच में दूसरा प्रकरण सामने आ गया। इसमें भी एक ई-वेबिल जेनेरेट कर दूसरी बार पान मसाला को दूसरे जनपद भेजा जा रहा था। तकनीकी जांच से पुष्टि होने पर इस ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया। इस पर भी 13लाख 05 हजार 944 रुपये कीमत का पान मसाला था। माल के बराबर कीमत और पेनाल्टी जमा कराई जा रही है।

# 11 घंटे गुल रही बिजली, सड़क पर उतरे व्यापारी

## चेतावनी दी : सुधार न हुआ तो दुकानों की चाबी सौंपकर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


नादान महल रोड पर बिजली समस्या को लेकर आक्रोश जताते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिजली की समस्या से पूरा शहर त्रस्त है। बाजारों में कारोबार चौपट है। बुधवार को सुबह करीब आठ बजे बिजली चली गई। नादान महल रोड फीडर में मकबरे के आगे फॉल्ट हो गया लेकिन उसे ढूंढने में घंटों लग गए। फॉल्ट की जानकारी करने के लिए मशीन मांगी गई तो वह एक बजे मिल पाई। नतीजा व्यापारी भड़क उठे और नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर जमा हो गए।

नाराज व्यापारियों का कहना है कि 15 दिन से रोज बिजली गुल हो जाती है। आज दिनभर करंट गायब रहा। इससे पूरा कारोबार चौपट हो गया। कल साप्ताहिक बंदी है। इससे बड़ा नुकसान हुआ है। अगर जल्द सुधार न हुआ तो दुकानों की चाबियां बिजली विभाग के अधिकारियों को सौंपकर आंदोलन किया जाएगा।

यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आज सुबह बिजली चली गई। यहियागंज और आसपास का इलाके में कारोबार ठप हो गया। फीडर की लाइन का फॉल्ट ढूंढने के लिए मशीन ढूंढी जा रही थी लेकिन जांच मशीन नहीं मिल पाई। करीब एक बजे के बाद मशीन आई और फिर फाल्ट सही किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग 15 दिन से बाजार में तीन चार घंटे बिजली बाधित रहती है।

## 80 गांवों की आपूर्ति बाधित, उपकेंद्र पर हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** निगोहां पावर हाउस की 33केवी लाइन में चार दिन में तीन बार ब्रेक डाउन होने से 80 गांवों की बिजली आपूर्ति घंटों ठप रही। परेशान उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र जाकर हंगामा कर दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार रविवार को आठ घंटे आपूर्ति बाधित रही। मंगलवार रात लगभग 3 बजे फिर से ट्रिपिंग होने लगी जो बुधवार सुबह 8 बजे तक जारी रही। परेशान लोगों ने उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। आनन-फानन एसडीओ समेसी ने पेट्रोलिंग शुरू कराई। बुधवार लगभग 12 बजे फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति शुरू की गई। शाम 6 बजे फिर हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट होने से सप्लाई ठप हो गई। रात 10 बजे तक फाल्ट ठीक नहीं किया जा सका था। उधर, कामता चिनहट के अजय नगर में करीब 3 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। अलीगंज के ततारपुर, न्यू अलीगंज, पांडे टोला में बिजली की आंखमिचौली बनी रही। महानगर के चौधरी टोला, मेंहदीटोला के साथ चुंगी के आसपास के इलाकों में करीब 4 घंटे बिजली गुल रही।

## आलमबाग के व्यापारियों ने सौंपा अधिशासी अभियंता को ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली और स्थानीय समस्याओं से नाराज आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल ने नगर निगम जोन- 5 के अधिशासी अभियंता योगेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि करीब 15 दिन से लोग त्रस्त हैं। व्यापार ठप होता जा रहा है। समस्याओं को लेकर अध्यक्ष मनीष अरोड़ा की अगुवाई में वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, उपाध्यक्ष रूबल सिंह, नवल अग्रवाल, रवि कुमार समेत कई व्यापारियों ने ज्ञापन दिया।


अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते आलमबाग क्षेत्र के व्यापारी।

## सार-संक्षेप


इंदिरा नगर वार्ड में नाला सफाई का निरीक्षण करतीं महापौर। अमृत विचार

### नाले में सिल्ट और गंदगी देख महापौर का चढ़ा पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में नाला सफाई की हकीकत जांचने बुधवार देर शाम निकलीं महापौर सुषमा खर्कवाल को जोन 7 में नाले सिल्ट और गंदगी से पटे मिले। इंदिरा नगर वार्ड के सुषमा अस्पताल के पास नाला सफाई न मिलने पर महापौर का पारा चढ़ गया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को जांच के आदेश के साथ सहायक अभियंता अशोक सिंह और अवर अभियंता शिल्पी सिंह पर कार्रवाई का आदेश दिया। रेडियो कालोनी के नाला सफाई की फाइल मांगने पर अधिशासी अभियंता कहीं भी सिल्ट नहीं दिखा पाए। इस पर महापौर ने अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जलभराव होने पर ठेकेदार पर एफआईआर होगी और भुगतान नहीं किया जाएगा।


प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करतीं बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य।

### पीएमएमवीवाई : पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) का लाभ दिलाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बुधवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। शुरुआत महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य और राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की। मंत्री बेबी रानी ने बताया योजना में लाभार्थी को पहले जीवित बच्चे (बालक या बालिका) के जन्म पर पांच हजार रुपये दो किस्तों में दिए जाते हैं। दूसरे जीवित बच्चे (केवल बालिका) के जन्म पर छह हजार रुपये प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाओं का पंजीकरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहायता से pmmvy .wcd .gov .in पोर्टल पर कराया जाएगा।


अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाए पौधे, वितरित किए फल

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेसियों ने बुधवार को राहुल गांधी के जन्मदिन पर पौधरोपण किया और अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की प्रदेश इकाई के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पौधे लगाए। श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव मो. यूनुस, प्रदेश सचिव अमर दीप, महासचिव जेपी मिश्रा, आरपी त्रिपाठी, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, ताजुउद्दीन, वासुदेव यादव, जीएस जायसवाल, राम नारायण और राम बरन गौतम आदि उपस्थित रहे। उधर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान की अगुवाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। योगेश्वर सिंह, रविन्द्र गिरि, रविन्द्र वर्मा, इस्लाम अली मौजूद रहे।

# डॉक्टर छुट्टी पर, टले ऑपरेशन

## कई मरीजों को दो बार तारीखें मिलने के बाद भी ऑपरेशन नहीं हो पाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई में आधे डॉक्टरों के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर जाने के कारण हार्ट सर्जरी और ब्रेन ट्यूमर सहित कई ऑपरेशन टालने पड़ रहे हैं। ऑपरेशन की तारीख में बदलाव होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी अस्पतालों में ऑपरेशन का खर्च चार से पांच गुना अधिक होने के कारण मरीज इंतजार करने को मजबूर हैं।

▸▸ **ऑपरेशन की तारीखों में बदलाव होने से मरीज हो रहे परेशान**

प्रयागराज निवासी दीपक ने बताया कि 16 वर्षीय बेटे के सिर में ट्यूमर है। न्यूरो सर्जरी विभाग की ओपीडी में दिखाने पर डॉक्टरों ने मई में ऑपरेशन की तारीख दी थी। एक यूनिट खून और रुपयों का बंदोबस्त कर लिया है। ऑपरेशन की तारीख आने पर पता चला कि डॉक्टर छुट्टी पर चले गए। अब डॉक्टर लौट आए हैं, लेकिन अभी नई तारीख नहीं बताई गई।

इसी तरह बलिया निवासी राकेश सिंह के 65 वर्षीय पिता की बाईपास सर्जरी होनी है। बीएचयू के डॉक्टर ने जल्द ऑपरेशन की सलाह देकर पीजीआई रेफर किया था। ऑपरेशन की तारीख के लिए एक माह से भटक रहे हैं। दो यूनिट खून भी जमा है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक सबसे ज्यादा न्यूरो सर्जरी विभाग, सीवीटीएस, गैस्ट्रो सर्जरी, इंडोक्राइन सर्जरी व यूरोलॉजी विभाग में ऑपरेशन के लिए तारीखें दी जा रही हैं। कई मरीजों को एक से दो तारीख मिल चुकी हैं, लेकिन किसी का ऑपरेशन नहीं हो पाया है।

संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन का कहना है कि पूरी क्षमता के अनुसार ओटी का संचालन किया जा रहा है। मरीजों की अधिकता के चलते उन्हें अगली डेट दी जा रही है लेकिन किसी भी मरीज को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है।

## लीपापोती में जुटे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

**अमृत विचार , लखनऊ :** गुड़ंबा क्षेत्र कुर्सी रोड स्थित विष्णु हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग के अफसर मेहरबान हो गए हैं। बिना पंजीकरण संचालित मिले अस्पताल पर जुर्माना लगाने की बजाए उसका पंजीकरण करवा रहे हैं। सीएचसी प्रभारी का कहना है अस्पताल संचालक को निर्देश दिए गए हैं बिना पंजीकरण कोई भी मरीज भर्ती न किया जाए।

गुड़ंबा मिश्रपुर स्थित विष्णु हॉस्पिटल पर गुड़ंबा सीएचसी प्रभारी डॉ. विनय टीम के साथ छापा मारा था। वहां पर नौ मरीज भर्ती मिले थे। इलाज लिए कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिला था। आईसीयू-ओटी व वार्ड में जगह-जगह गंदगी थी। नियम के अनुसार अवैध अस्पताल के संचालन पर 50 हजार रुपए जुर्माने का नियम है लेकिन विभाग ने जुर्माना नहीं लगाया।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है अस्पताल में किसी भी मरीज के भर्ती करने पर रोक लगाई गई है। इसके बाद भी कोई मरीज भर्ती मिला तो अस्पताल पर ताला लगाने की संस्तुति होगी। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवल के मुताबिक निजी अस्पताल पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।


अमरनाथ यात्रियों के लिए राशन से भरे ट्रक को रवाना करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक योगेश शुक्ला।

## अमरनाथ यात्रियों की सेवा के लिए रवाना की गई सामग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री गौरी शंकर अमरनाथ सेवा संस्थान व श्री बाबा अमरनाथ बर्फानी संस्था ने चौक में भगवान शिव का दिव्य पूजन-अर्चन आचार्य राजेश शुक्ल व नीरज अवस्थी की ओर से कराया। संयोजक पार्षद अनुराग मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया।

लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष उत्तम कपूर ने बताया कि लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पांच गाड़ी रसद सामग्री (50 बोरा आटा, 50 बोरा चावल, 25 बोरी दाल, 25 बोरा छोला, 30 बोरी नमक) को रवाना किया। 160 लोगों को अमरनाथ यात्रा किट प्रदान की। 40-40 शिव भक्तों का जत्था भी रवाना हुआ। स्वामी अर्पितानंद, विष्णु अवस्थी, आशीष मिश्रा आदि ने संतोषी माता मंदिर के शिवालय में भोग लगाकर भंडारे को शुरू कराया। डॉ. उमंग खन्ना एवं डॉ. मनीष द्वारा दवाइयां प्रदान की गईं। इस दौरान कारोबारी उत्तम कपूर, बिन्नी गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता सीएल दीक्षित, सुनील खन्ना, प्रवीन गर्ग की ओर से रेनकोट और हेलमेट यात्रियों को प्रदान किए गए।

**उपलब्धि** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने सर्जरी कर दिया जीवन

# पित्त की नली बना दी नयी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने जन्मजात दुर्लभ बीमारी कोलेडोकल सिस्ट (पित्त की नली का जन्मजात विकृति) से पीड़ित ढाई साल की बच्ची के आंत का ऑपरेशन किया। पित्त की खराब नली को हटा कर लिवर से छोटी आंत को जोड़ नई नली बनाई। ऑपरेशन में चार घंटे का समय लगा। पीकू (पीआईसीयू) वार्ड में भर्ती बच्ची पूरी तरह से स्वास्थ्य है।


चिकित्सक के साथ पीड़ित बच्ची और उसकी मां। अमृत विचार

अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि माल निवासी तुलसीराम व रेनू की ढाई वर्षीय बेटी गुंजन के पेट दर्द रहता था। जांच में कोलेडोकल सिस्ट की पुष्टि हुई। निजी अस्पतालों में ऑपरेशन का खर्च डेढ़ से दो लाख बताया गया। परिजन बच्ची को बलरामपुर अस्पताल लाए पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार की देखरेख में सरकारी खर्च पर मुफ्त में ऑपरेशन किया गया। डॉ. पवन ने बताया कि यह बीमारी एक लाख से डेढ़ लाख में एक बच्चे में होती है। बीमारी में लिवर में बना पित्त आंतों तक नहीं पहुंच पता है। बार बार पीलिया के कारण लिवर खराब हो जाता है। ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ अखिलेश कुमार, डॉ. एमपी सिंह , डॉ. एएस चंदेल, डॉ. बीबी भट्ट, सीमा शुक्ल, नर्सिंग स्टाफ निर्मला मिश्रा शामिल रहीं।


**सूचना**

सूचित हो कि अचल संपत्ति जिसका गाटा संख्या 213 क्षेत्रफल 959 हेक्टेयर है। मौजा बिशनपुर राहु, तहसील व जिला– बहराइच में खाली भूखंड (इसके बाद संपत्ति के साथ में संदर्भित) वर्तमान में शराफत अली उर्फ ननकू के स्वामित्व में है। निम्नलिखित दस्तावेज अर्थात विक्रय विलेख दस्तावेज संख्या –2177/98 दिनांक 11/12/1998 के साथ में ओपन रजिस्ट्रार कार्यालय बहराइच में पंजीकृत है जो कि मेरे घर का नवीनीकरण कार्य करते समय खो गया था। उपरोक्त संपत्ति को मेसर्स तौफीक एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ली गई। ऋण सुविधा के लिए सराफात अली उर्फ ननकू द्वारा इंडियन बैंक बहराइच मुख्य शाखा में बंधक रखा जाएगा। कोई भी संस्था या व्यक्ति जिसमें कोई बैंक या वित्तीय संस्था भी शामिल हैं जिसके पास उपयुक्त शीर्षक दस्तावेज है यह वह संपत्ति के संबंध में दावा कर रहा है या किसी बिक्री विनिमय असईमेंट शुल्क के बारे में कोई जानकारी रखता है या उसमे पक्षकार है। उपहार, लाइसेंस, किरायेदारी, विरासत, गृहणाधिकार, बंधक, दृष्टि बंधक, ऋणभार, लंबित मुकदमेबाजी या संपत्ति के संबंध में कोई अन्य बाधा इसके प्रकाशन की तारीख से 10 दिन के अवधि के भीतर नीचे दिए गए पते पर दस्तावेजी प्रमाण के साथ हमें सूचित कर सकते हैं। सूचना ऐसा करने में विफल रहने पर यह माना जायेगा कि संपत्ति के संबंध में कोई प्रतिकूल दावे नहीं है और उपयुक्त मालिक के पास संपति का पूर्ण संपत्ति और विपणन योग्य शीर्षक और स्वामित्व निहित है। **–प्रार्थी– सराफत अली उर्फ ननकऊ पुत्र मोटे निवासी– ग्राम विशुनपुर राहु, तहसील सदर थाना दरगाह**

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा MOHD SADADAM KHAN था। अब बदलकर MOHD SADDAM KHAN हो गया है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। अन्य कोई नाम नहीं है। **पता – मोहम्मद सद्दाम खां पुत्र बुद्धू खां राजापुर बुलबुल नेवाज बहराइच, 271882**

**सूचना**

सूचित हो कि, मैं **श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री पीयूष सिंह निवासिनी :– मोहल्ला सकलेनाबाद, जिला गाज़ीपुर,** मेरा प्लाट संख्या– 4, 5, ग्राम मिर्ज़ापुर, परगना लखनऊ, तहसील बक्शी का तालाब, 4536 व.फु., खसरा नं. 369, 372, 361स, 362, रजिस्ट्री सं.248/05, निबंधन सं. 3783/04, खाता सं. 00040, जोकि श्री अनुराग गुप्ता ने पावर आफ अटार्नी के द्वारा (पावर आफ अटार्नी नवनीत ललाम से अनुराग गुप्ता जो बही संख्या 4 जिल्द संख्या 18 पृष्ठ संख्या 191 से 202 क्रमांक 49 दिनांक 09/09/2008 को रजिस्ट्रीकृत) नीलम सिंह को विक्रय किया था, जिसे मैंने नीलम सिंह से क्रय किया था, इसमें अनुराग गुप्ता कि मूल रजिस्ट्री व पावर ऑफ़ अटार्नी वास्तव में कहीं खो गई हैं। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा ।

**सूचना**

मैंने अपने बेटे दीवांश गुप्ता के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 216695 114 कराई थी। किंतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में इनका नाम दिव्यांश कसौंधन लिख गया है। अतः अब मेरे बेटे दीवांश गुप्ता को दिव्यांश कसौधन के नाम से जाना जाए। **दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी– रगड़गंज बाजार जनपद– गोंडा**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का मूल मार्कशीट जिसका क्रमांक IN-UP 78962997525132W है जो कहीं खो गया है। **प्रार्थी– शुभम यादव पुत्र विनय यादव वार्ड नं 20 गोपाल नगर (कबिलसहां) नगर पालिका हाटा जनपद कुशीनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARAJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARAJU PRASAD PASI ADD- PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम शुभम था जिसे परिवर्तित करके मैने अपना नाम शुभम गोस्वामी रख लिया है। मुझे भविष्य में शुभम् गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **शुभम् गोस्वामी पता – 117/71 पुरानी बस्ती काकादेव, कानपुर नगर,** 208025

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा प्रथम नाम गलती से आशा पाण्डेय अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक प्रथम नाम आशा एवं उपनाम पाण्डेय है। मुझे इसी नाम एवं उपनाम से जाना जाये। **आशा पाण्डेय पत्नी रमाकांत पाण्डेय, इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान–4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/0 ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **गणेश शंकर सोनी पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– मौनी मोहल्ला, मजरे घूरेमऊ, थाना सरेनी, जिला रायबरेली** मेरा पुत्र भीमशंकर सोनी व पुत्रवधू स्वाती पत्नी भीमशंकर का चाल चलन, व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के प्रति अच्छा नहीं है और आये दिन लड़ाई झगडा व मारपीट करते रहते है उसके इन कृत्य से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भीमशंकर सोनी व उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वंय उत्तरदायी होगा।

**उद्यान विभाग, लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

पत्रांक: 17911 / पी० / उद्यान दिनांक : 19.06.2024

**Expression of Interest (इच्छा की अभिव्यक्ति)**

नगरीय निकायों के अन्तर्गत अवस्थित पार्कों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव तथा उनके उन्नयन हेतु पार्कों को अंगीकृत (Adoption) किये जाने हेतु निम्न वर्णित संस्थाओं से स्वयं के व्यय पर प्रथम चरण में 01 वर्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र संस्थाओं का विवरण निम्नवत् है :-
(1) कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत गठित किसी कार्पोरेट बाडी /संस्था।
(2) सोसाईटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत गठित संस्था।
(3) राज्य सरकार, भारत सरकार द्वारा गठित किसी सार्वजनिक संस्था, अण्डरटेकिंग, बोर्ड इत्यादि।
(4) भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अन्तर्गत गठित किसी ट्रस्ट/संस्था।
(5) सोसाईटी एक्ट के अन्तर्गत गठित रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA)।
(6) अन्य वैधानिक संस्थायें।
इच्छुक संस्थाएं 30 दिवस (16 जुलाई 2024) तक की अवधि के अन्तर्गत उद्यान अनुभाग, नगर निगम लखनऊ त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 में भौतिक रूप से आवेदन जमा कर सकते हैं अथवा नगर निगम लखनऊ की वेबसाईट lmc.up.nic.in पर जाकर पार्कों को अंगीकृत करने हेतु पार्कों की सूची, पात्रता एवं शर्तों का अवलोकन कर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। पात्र संस्थाओं का चयन नगर निगम के द्वारा गठित की गई समिति द्वारा नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जून, 2024 को जारी शासनादेश के अनुसार किया जायेगा। पार्कों के अंगीकृत की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि पार्कों के चयन/आवंटन को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय लें, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।
**उद्यान अधीक्षक-2,4,6,8 उद्यान अधीक्षक-1,3,5,7 अपर नगर आयुक्त नगर आयुक्त**

**कानपुर नगर निगम**

**निगम निविदा सूचना**
**निविदा संख्या–04/मु0अभि0/2024–25**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–
1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या 10 दिनांक 27.06.2024
2. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या 02 दिनांक 11.07.2024
उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
Ro no.26 दिनांक: 19.06.2024

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-4**
जलकल विभाग, नगर निगम, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक 115/ई0ई0–4/एल0जे0एस0 दिनांक 18.06.24

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि025/6/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 25/6/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–4 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Reboring of 1.50 Hp Submersible pump in front of H. No. 1/8 Viswas Khand, Gomti Nagar, Lko.. | 3300.00 | Rs 200 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः– 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–4
जलकल विभाग, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइन्ट सबीएफसी फाइनेंस 1st फ्लोर तिवारी कॉम्प्लेक्स नियर अंबेडकर चौराहा इफ्रोंट ऑफ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप (गोंडा) यू पी 271001 की तरफ से सूचित किया जाता है कि आनंद कुमार मोदनवाल पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवसी परगना गावरिच मुहल्ला मौर्य नगर कस्बा करनैलगंज थाना करनैलगंज जनपद गोंडा में गृह ऋण हेतु आवेदन किया है, जिसमें दो बैनामा सत्तार पुत्र बकरीदी ने सत्यनारायण पुत्र रामदास को दिनांक 15/07/1981 बही संख्या 01 क्रमांक–2720 जो कि सब रजिस्ट्रार तरबगंज में दर्ज है, जिसका गाटा संख्या 601 रक्बा 1890 वर्ग फिट तथा दूसरा दिनांक 21/08/1991 बही संख्या 01 क्रमांक– 1405 जो कि सब रजिस्ट्रार तरबगंज में दर्ज है, जिसको गाटा संख्या 601 रक्बा 510 वर्ग फिट बैनामा ग्राम मौर्य नगर परगना गावरिच तहसील करनैलगंज जनपद (गोंडा) है, जो कहीं खो गया है को बन्धक रखने हेतु संस्था में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बन्धक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 10 दिन के अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर दें, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी भी प्रकार के उपरोक्त संस्था को बंधक रखने में कोई आपत्ति नहीं है। सचिन शंकर एडवोकेट शेड नं. 3 सिविल कोर्ट, फैजाबाद मो.–8299765176

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तररेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-94, कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में रेल नवीनीकरण (16.70 किमी.) का कार्य। अनुमानित लागत(₹): 2,61,13,494.63, अग्रिम धन (₹): 2,80,600/-, समापन अवधिः 24 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-95, कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/ लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर-गोण्डा (अप लाइन)-CTR(P)-33.100 Tkm (अप लाइन में किमी 549/5-552/6=3.3 किमी., 625/0-628/2 =3.8 किमी., 630/0-632/8= 2.8 किमी. और 635/ 8-644/0=8.2 किमी. और किमी. 588/8-598/0=9.2 किमी. और 616/0-621/8=5.8 किमी. कुल 33.10 किमी.) का कार्य। अनुमानित लागत (₹): 9,35,93,792.19, अग्रिम धन (₹): 6,18,000/-, समापन अवधिः 24 माह। **क्रम सं.-03,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-96, कार्य का नामः गोरखपुर-गोण्डा (अप एवं डाउन)-टीबीआर-60 किमी. (अप लाइन किमी. 509/0-520/0=11 किमी., 526/ 0-533/5=7.5 किमी. और 545/0-549/0=4 किमी. और डाउन लाइन 506/0-512/0=6 किमी., 514/0-526/0=12 किमी., 533/5-540/0=5.5 किमी., 540/0-545/5=5.5 किमी. और 549/5-557/0=7.5 किमी., 557/4 -570/0=12.60 किमी. और 591/ 0-610/0= 19.00 किमी., कुल 91.60 किमी.) का कार्य। अनुमानित लागत (₹): 7,10,78,528.94, अग्रिम धन (₹): 5,05,400/-, समापन अवधिः 24 माह। **क्रम सं.-04,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-97, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः-गोरखपुर-बाराबंकी-टीबीएसआर (एच-बीम)-1580 नग। अनुमानित लागत (₹): 5,52,23,567.97, अग्रिम धन (₹): 4,26,100/-, समापन अवधिः 12 माह।
**नोटः (1)** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-94-97 के लिये ई-निविदा दिनांक 19-07-2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-125 **लखनऊ**
**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**सं. इज्जत/इले./ओ.टी./10/2024 दि. 14.06.2024**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :
**क्रम सं. : 01, कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में कानपुर-फर्रुखाबाद सेक्शन में मनीमऊ स्टेशन पर हाल्ट को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के द्वारा नये गुड्स शेड का प्रावधान कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य तथा कासगंज स्टेशन की एनएमजी के लिये स्फर लाईन एण्ड 01 स्टेबलाईजिंग लाईन, कोचिंग डिपो की सर्विस बिल्डिंग का आगमेन्टेशन, एम एण्ड पी परोक्योरमेन्ट से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में :** 35,50,050.45, **धरोहर राशि रु. में :** 71,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह। **क्रम सं. : 02, कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में लालकुआँ यार्ड में स्पार्ट स्टेबलाईजिंग लाईन, पाथ वे, शेड और प्वाइन्ट लाईन कार्य इनक्लूडिंग फेन्सिंग कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में :** 16,39,795.88, **धरोहर राशि रु. में :** 32,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह। **क्रम सं. : 03, कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में काठगोदाम, काशीपुर, हाथरस सिटी में आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान एवं इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में प्रतिबन्धित विजिबिलिटी के 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग तथा इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में 12 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग थ्रू एफएसी और ईएलडी, आरटीयू डाटालोगर, आई.पी.एस. 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में :** 32,02,380.61, **धरोहर राशि रु. में :** 64,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह।
• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिएँ।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/**
**मुजाधि/विद्युत-66 इज्जतनगर**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना


आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### लविवि में बीकॉम का परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों की बीकॉम सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित हुए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि विस्तृत परीक्षाफल लखनऊ विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध किए गए हैं। परीक्षा परिणाम बीकॉम नेप से जुड़ा छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम है।

### 13 बने एडिशनल व असिस्टेंट डायरेक्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय बोर्ड ऑफ सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने एडिशनल और असिस्टेंट डायरेक्टर नियुक्त किए हैं। रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि एडिशनल डायरेक्टर के पद पर प्रो. शिव गोविंद पुरी, प्रो. विमल जायसवाल, डॉ. हिमांशु पाण्डेय नियुक्त किए गए हैं। वहीं डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. नेहा साहू, डॉ. खुशबू रावत, डॉ. जीतेंद्र कुमार, डॉ. शशि पाण्डेय, डॉ. ओमेंद्र कुमार यादव, डॉ. अभिषेक कुमार जायसवाल, डॉ. दिनेश यादव और डॉ. अर्चना सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर बनाए गए हैं।

### लविवि में होगा सामूहिक योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य और द्वितीय परिसर में छात्र, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और शिक्षक सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के बाद सामूहिक योगाभ्यास से होगी, फिर संगीतमय योग प्रस्तुति भी होगी। इस दौरान प्रतिभागियों को योग की शपथ दिलवाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्ति पद्मश्री डॉ. नवजीवन रस्तोगी उपस्थित रहेंगे।

# कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक होनी चाहिए छह वर्ष आयु

## सरकारी स्कूलों में घटते नामांकन के चलते बदला गया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए आदेश को संशोधित करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में अब कक्षा 1 में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 जुलाई तक छह वर्ष होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति के तहत अब तक 1 अप्रैल को बच्चे की आयु छह वर्ष निर्धारित थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश पर संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है जो सत्र 2024-25 से लागू होगा।

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को छह वर्ष की आयु के नियम वाले आदेश के बाद सरकारी स्कूलों में बच्चों की नामांकन संख्या घटने लगी थी। शिक्षकों की ओर से आयु निर्धारण की तारीख 31 जुलाई किए जाने की लगातार मांग की जा रही थी। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए निदेशक को आदेश में संशोधन करने का निर्देश दिया था।

दरअसल, पुराने नियम के चलते उन बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा था। जिनकी आयु मई-जून में छह वर्ष हो रही थी। उन्हें प्री-प्राइमरी या बाल वाटिका में प्रवेश लेकर कक्षा 1 में प्रवेश के लिए पूरे एक साल इंतजार करना पड़ता। साथ ही सरकारी स्कूलों में प्री-प्राइमरी सेक्शन नहीं है, ऐसे में बच्चे का प्रवेश निजी विद्यालय में दिलाना पड़ता। इससे अगले वर्ष प्रवेश के लिए सरकारी विद्यालय में आने की संभावना कम हो रही थी। अब आदेश में संशोधन के बाद सरकारी स्कूलों में नामांकन संख्या बढ़ने की संभावना है।

# योग से युवाओं को प्रेरणा दे रहा रूसी छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में योग सीख रहे रूसी छात्र युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। इनका कहना है कि योग ही है, जो तमाम बीमारियों से मुक्ति दिलाता है। इसे हम सबको दैनिक दिनचर्या का अंग बनाना ही होगा। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विवि में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में रूसी छात्र योगा अभ्यास कराएगा।

लखनऊ विवि में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-आर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव के माध्यम से बातचीत करते हुए बीए योग के रूसी छात्र स्टानिस्लाव पावलोविच करौसोव ने कहा कि योग के प्रति उनका प्रभाव रूसी अभिनेता कॉन्स्टेंटिन स्टैनिस्लावस्की


सेमिनार के दौरान रूसी छात्र को प्रमाण पत्र देते लविवि के पदाधिकारी। अमृत विचार

▸▸ बीए योग के सेकेंड सेमेस्टर में अध्ययनरत है रूसी छात्र

सहित अन्य लोगों के माध्यम से बढ़ा। सेकेंड सेमेस्टर के विदेशी छात्र ने बताया कि वे 5000 किमी दूर से आकर योग सीख रहे हैं। अब तक आसन, प्राणायाम और विभिन्न प्रकार की यौगिक मुद्राएं सीख चुके हैं। बताया कि अक्सर योग क्लास में शामिल होकर सहयोगी छात्रों को सिखाना उन्हें अच्छा लगता है।

डॉ. अमरजीत यादव का कहना है कि स्टानिस्लाव पावलोविच करौसोव की कक्षा में सबसे अधिक उपस्थिति और योग के प्रति बढ़ते लगाव के कारण काफी संख्या में भारतीय छात्रों की प्रेरणा बन गए हैं।

### विश्व प्रचार में योग का माध्यम बनेंगे

रूस के येकातेरिनबर्ग से आए 23 वर्षीय रूसी छात्र ने विभागाध्यक्ष के माध्यम से बताया कि वे योग की पढ़ाई पूरी करने के बाद योग के महत्व और उसके अभ्यास का विश्वव्यापी प्रचार करेंगे। ताकि लोग सेहत के इस गुर को अच्छी तरीके से अपने जीवन में अपना लें।

### मां से मिली प्रेरणा

रूसी छात्र की मां नादेज्दा वासिलिव ना करौसोवा एक स्कूल में प्रमुख हैं। छात्र ने बताया कि बचपन से ही उन्हें मां ने योग सीखने की प्रेरणा दी। योग सीखने का ये जुनून उसे लखनऊ विश्वविद्यालय तक ले आया है। कहते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए वे रोज पैदल ही कक्षा में सम्मिलित होने के लिए घर से निकलते हैं।

# अभ्युदय स्कूल की सुविधाओं को प्रमुख सचिव ने परखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** काकोरी ब्लॉक में बने मुख्यमंत्री अभ्युदय भरोसा स्कूल का निरीक्षण प्रमुख सचिव बेसिक एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बुधवार को किया। इस दौरान शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा, निदेशक प्रताप सिंह बघेल की मौजूदगी में स्कूल की सभी सुविधाओं को परखा गया। अब इस स्कूल का मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन होगा।

स्कूल में इसी सत्र से बच्चों की पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। जिसमें 450 बच्चे एक साथ पढ़ाई कर सकेंगे। निजी स्कूलों की तर्ज पर विद्यालय में सारी सुविधाएं मौजूद


मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल भरोसा का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव बेसिक, शिक्षा महानिदेशक, साथ में बेसिक शिक्षा निदेशक। अमृत विचार

हैं। विद्यालय बनकर तैयार होने के बाद अमृत विचार ने बीते रविवार के अंक में सबसे पहले समाचार का प्रकाशन किया था। जिसके बाद प्रमुख सचिव ने इसका निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने कम्प्यूटर लैब में अलग से शिक्षक की तैनाती के आदेश दिए हैं। विद्यालय को हर-भरा बनाने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 2000 पौधे उपलब्ध कराएं हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल उतरेटिया में भी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बनवाया जा रहा है।

> विद्यालय का निरीक्षण कर लिया गया है। सभी सुविधाएं दुरुस्त हैं। यहां बच्चों को प्रवेश मिलने के बाद काफी अच्छा लगेगा। एक शैक्षिक वातावरण देने का प्रयास किया गया है। विद्यालय में 450 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।
>
> –डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा

▸▸ 450 बच्चे एक साथ कर सकेंगे स्कूल में पढ़ाई

# गरीब बच्चों के लिए वरदान होंगे पीएमश्री विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण पूरा

▸▸ प्रमुख सचिव ने कहा, बच्चों को केंद्र में रख कर गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया कराना लक्ष्य

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) केंद्र सरकार की ओर से चयनित 1707 विद्यालयों में गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी।

निजी विद्यालयों की तर्ज पर नई शिक्षा नीति की गाइडलाइन का पालन करते हुए इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए राजधानी के एक निजी होटल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को पूरा हुआ है। ये प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्यों और एसआरजी को दिया गया है।

प्रमुख सचिव बेसिक एम.के. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि इसमें बेसिक और माध्यमिक दोनों ही विद्यालयों को पीएम श्री योजना के तहत चयनित किया गया है। जिसमें बेसिक से बीईओ मुख्यालय, माध्यमिक से सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक और इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया है। अब ये जिले स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि ये विद्यालय गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित होंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों को स्टेट नोडल श्याम किशोर तिवारी और संजीव कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र वितरित किया।

### 75 जनपदों से 135 प्रतिभागी शामिल

इस प्रशिक्षण में 75 जनपदों से 135 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नेतृत्व कौशल, आत्मरक्षा कौशल, शिक्षकों के व्यवहार का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रभाव के बारे में बताया गया।

# सॉफ्टवेयर की मदद से तीन नए विभाग में पढ़ेंगे दिव्यांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय नए सत्र से चित्रकला, मूर्तिकला और व्यवहारिक कला के तीन विभाग स्थापित करने जा रहा है। विभागाध्यक्ष का कहना है कि नए विभाग में अध्ययन पाने वाले छात्रों को आधुनिक साफ्टवेयर की मदद से पढ़ाया जाएगा। ताकि दिव्यांग छात्र बाजार में अपनी पैठ बना सकें।

ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पाण्डेय राजीव नयन ने बताया कि अभी तक चित्रकला, मूर्तिकला और व्यवहारिक विषय व्यवहारिक कोर्स के रूप में शामिल रहे। अगले सत्र में इनके तीन नए विभाग स्थापित किए जा रहे हैं। आधुनिक सॉफ्टवेयर की मदद से नए-नए डिजायन तैयार किए जाएंगे। ताकि पढ़ने वाले छात्र अभ्यास और अध्ययन के बाद बाजार में अपनी पैठ बनाकर रोजगार के साधन उपलब्ध करा सकें।


अवनीश भारती


सौरवी सिंह

▸▸ पुनर्वास विवि में नए सत्र में शुरू होंगे चित्रकला, मूर्तिकला और व्यवहारिक कला के विभाग

**टेक्निकल लैब किया जा रहा स्थापित :** प्रो. पाण्डेय राजीव नयन ने बताया कि आधुनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से टेक्निकल लैब स्थापित किया जा रहा है। ताकि हर छात्रों को आधुनिक तकनीकी की बारीकियों से ज्ञान प्राप्त हो सके।


विभागाध्यक्ष ने बताया कि प्रयोगशाला में आधुनिक सॉफ्टवेयर की मदद से कलाकृतियों को तैयार करके उन्हें संगृहित किया जाएगा। इसके बाद निजी संस्थानों और बाजारों में इन्हें ले जाया जाएगा। ताकि बाजार में दिव्यांग छात्रों की मजबूत पकड़ बन सके।

### अध्ययन और परीक्षण करने में होगी आसानी

छात्र अवनीश भारती कहते हैं कि पुरानी व्यवस्थाओं में किसी कलाकृतियों को तैयार करने में अधिक समय और पैसा लगता था। लेकिन नया सॉफ्टवेयर निश्चित तौर पर दूरगामी परिणाम लाएगे। छात्रा सौरवी सिंह कहती हैं कि नया विभाग स्थापित होने से अध्ययन और प्रयोगात्मक परीक्षण करने में आसानी रहेगी। सीखने के अवसर भी मिलेंगे।

### एक से तीन वर्ष तक का होगा पाठ्यक्रम

विभागाध्यक्ष ने बताया कि पाठ्यक्रमों को विषयवार पढ़ने के लिए एक से लेकर तीन वर्ष तक का समय लगेगा। जिनमें मार्केट ओरियेंटेड शिक्षा के तहत प्रतिमा निर्माण (स्टेच्यू मेकिंग), भूदृश्य (लैंड्स स्केप), आंतरिक साज-सज्जा के विषयों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस बीच प्रयोगात्मक परीक्षाओं के आयोजन भी विभाग की ओर से कराए जाएंगे।


पुस्तक का विमोचन करते लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय। अमृत विचार

# लविवि में योग स्पेक्ट्रम का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-आर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव की लिखित पुस्तक योग स्पेक्ट्रम का विमोचन कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने किया। डॉ. यादव ने बताया कि इस पुस्तक में 32 अध्याय हैं।

पुस्तक में योग की वैज्ञानिकता, समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा, स्वास्थ्य का नियम व आधुनिक जीवन शैली के कारण होने वाले रोगों का योगिक उपचार का वर्णन है। इसके अतिरिक्त आसनों प्राणायामों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन भी किया गया है। यह पुस्तक अंग्रेजी माध्यम में है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर, डॉ रामनरेश उपस्थित थे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नामः रिट्रीवल ऑफ ग्लॉस एन्ड सरफेस बिल्ड–अप ऑफ एक्सिस्टिंग एपॉक्सी फ्लोरिंग इन टॉयलेट्स ऑफ ए0सी0 / एल0एच0बी0 ए0सी0 कोचेस। | |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० **94,81,093.00** मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० **1,89,600/-** मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 26.06.2024 से 10.07.2024 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्रः फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | खुलने का समयः निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट - www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं–2024–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–15 दिनांकः 18.06.2024
1846/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एकेटीयू में 350 छात्रों का साक्षात्कार आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस 350 छात्रों का पर्सनल राउंड के तहत साक्षात्कार करेगी। ये छात्र कंपनी की ओर से टेक्निकल टेस्ट में शॉर्टलिस्टेड हैं।

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के लिए कंपनी की 60 सदस्यीय टीम आयी है। कंपनी के तीन-तीन सदस्यों का पैनल एक-एक छात्र को पर्सनल राउंड में परखेगा। अंतिम रूप से चयनित छात्रों को अधिकतम 11 लाख रुपये सालाना का पैकेज कंपनी की ओर से मिलेगा। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के अनुसार पर्सनल राउंड प्रातः साढ़े नौ बजे से शुरू होगा।

# कल्पना फाउंडेशन की आसान जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कल्पना फाउंडेशन ने आरकेबी क्लब को आसान मुकाबले में 68 रन से मात देते हुए सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरे अंक प्राप्त किए। कल्पना फाउंडेशन के 214 रन के जवाब में आरकेबी क्लब की टीम 34.4 ओवर में 146 रन पर ही सिमट गई।

# विश्व स्तरीय गणित प्रतियोगिता में रूद्रेश प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-4 के छात्र रूद्रेश पटेल ने अंतरराष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में 100 परसेंटाइल के साथ विश्व में प्रथम रैंक प्राप्त किया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता इंटरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आईबीटी) के अंतर्गत आयोजित हुई।

जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि आस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (एसीईआर) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान व प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।

**तैयारी** | शहर की 30 से अधिक टीमें करेंगी जोर आजमाइश

# 7 जुलाई से शुरू होगी जिला फुटबॉल लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर भर के पूर्व और मौजूदा फुटबॉल खिलाड़ियों को जिस टूर्नामेंट का वर्ष भर इंतजार रहता है, उसकी शुरुआत 7 जुलाई होगी। चार दिन बाद होने वाली जिला फुटबॉल संघ की बैठक में टीमों के फिक्सचर्स की घोषणा की जाएगी। चौक स्टेडियम पर फुलबाल लीग के सभी महत्वपूर्ण मुकाबले होंगे।

आयोजन सचिव कन्हैया लाल अनुसार जिला फुटबॉल लीग में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। अभी तक 25 से अधिक टीमों के आवेदन आ चुके हैं। 23 जून को मुकाबलों की तस्वीर साफ हो जाएगी।

पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में टेक्ट्रो क्लब की टीम विजेता और सहारा की टीम उपविजेता रही थी। कभी भारत की सर्वश्रेष्ठ आठ टीमों में शामिल सिटी क्लब इस लीग को दर्जन से अधिक बार जीत चुका है। इस बार यह टीम आकर्षण का केंद्र होगी।

> जिला फुटबॉल लीग के आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। कुछ ही टीमों के आवेदन आने शेष हैं। 23 जून को मुकाबलों की तस्वीर साफ हो जाएगी। चौक स्टेडियम में आयोजित होने वाली बैठक में इसका निर्णय लिया जाएगा।
>
> –कन्हैया लाल, सचिव, लखनऊ जिला फुटबॉल लीग

### ▸▸ भर्ती बंद होने से विभागीय टीमें हुईं दूर

सरकारी विभागों में फुटबॉल खिलाड़ियों की भर्ती बंद होने से कई टीमें अब इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पा रही हैं। इनमें उत्तर रेलवे, लोको, आरडीएसओ और कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप की टीमें प्रमुख हैं। इनके अलावा खिलाड़ियों की कमी से स्टेट बैंक और लखनऊ पोस्टल की टीमें भी नहीं बन पा रही थीं।

### ▸▸ कई टूर्नामेंट को नहीं मिले प्रायोजक

लखनऊ में प्रायोजकों की कमी के चलते कई टूर्नामेंट खत्म हो चुके हैं। इनमें ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू फुटबॉल टूर्नामेंट प्रमुख है। खेल विभाग की देखरेख में यह टूर्नामेंट को औपचारिक तौर पर कभी इस शहर तो कभी उस शहर में आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा रोशन मेमोरियल, मिर्जा कासिम हुसैन और मान सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट भी प्रायोजकों की कमी से आयोजित नहीं हो पा रहे हैं।

# यूपी डाइविंग टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदौर (मध्य प्रदेश) में 7 से 11 जुलाई तक होने वाली नेशनल डाइविंग चैंपियनशिप के लिए यूपी टीम घोषित कर दी गई है। इसमें चार खिलाड़ी लखनऊ के हैं।

शहर की 35वीं वाहिनी पीएसी के स्वीमिंग पूल में आयोजित ट्रायल के बाद सात सदस्यीय टीम का चयन किया गया। यूपी स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर ने बताया कि ट्रायल के बाद सात बालक और एक बालिका का चयन किया गया। बालकों में लखनऊ के शिवम कुमार शर्मा, अभि प्रताप यादव, दीप त्रिवेदी और आलिया अवस्थी का चयन हुआ है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

लखनऊ मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू)

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु **01** मेडिकल प्रैक्टिसनरों पुरूष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी और अनुबंध की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अनुबंध को आगे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और अधिकतम अनुबंध की अवधि 12 वर्ष की हो सकती है। सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को 65 वर्ष की आयु तक (एक वर्ष हेतु) अधिकतम पाँच अनुबंध अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

**– इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। विस्तृत विवरण नियम शर्ते, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।**

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ0रे0/चारबाग, लखनऊ। | 15.07.2024 | 11:00 बजे |

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ0रे0, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु (CMP- GDMO) | 01 GDMO (EWS- हेतु आरक्षित) | - MBBS |

**शैक्षिक योग्यता :-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**पारिश्रमिक -** CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न हैं –

| सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रूपये में |
|---|---|
| GDMO | 75000/- |

**आयु – क.**–दि० 01.06.2024 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
**ख.** सेवानिवृत्त आई0आर0एम0एस0 अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि०– 01.06.2024 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।

**पदों की संख्या–01**

| स्टेशन/स्वास्थ्य ईकाई | EWS |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 01 GDMO |

.चयनित CMP/GDMO को Private practice करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी।
रिक्तियाँ केवल सांकेतिक हैं, आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। प्रशासन चयनित उम्मीदवारों को लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे में कहीं पर भी नियुक्त कर सकता है। **सं0 – NR-LKO0PERS(GAZZ)/3/2024-O/o SR DPO/LKO/NR** दि०–19.06.2024
**1841/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### पत्नी से झगड़ा कर फंदे से लटका मजदूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर में पत्नी से झगड़ा कर आशीष कुमार (38) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक शराब पीने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। खरगापुर निवासी मजदूर आशीष मंगलवार दोपहर घर में बैठ कर शराब पी रहा था। पत्नी रुबी ने मना किया। इस बात पर झगड़ा होने लगा। विवाद के दौरान आशीष ने पत्नी को तमाचा जड़ दिया। पति से हुए झगड़े के बाद रुबी काम पर चली गई। कुछ देर बाद वापस घर लौटने पर कमरे का दरवाजा बंद मिला। रुबी ने गोमतीनगर विस्तार पुलिस को फोन कर सूचना दी। दरवाजा तोड़े जाने पर आशीष का शव पंखे के हुक में गमछे के फंदे से लटका मिला।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के आइटी चौराहे के पास सड़क हादसे में घायल हुए माधव लाल (43) की मंगलवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि माधव मूलरूप से सीतापुर की रहने वाले थे। पत्नी सुनीता ने बताया कि वह कुछ दिन पहले बच्चों को लेकर सीतापुर गई हुई थी। सोमवार शाम माधव पैदल घर का सामान खरीदने जा रहे थे। तभी आइटी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाइक सवार मौका देखकर फरार हो गया था।

### गाली गलौज व मारपीट करने का मामला दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के कुरौनी निवासी सुरेश कुमार ने गांव के ही संगम रावत, विशाल रावत, सुमित रावत और अन्य दो दोस्तों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी उसके घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जान से मारने की दी धमकी, एफआईआर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के पिपरसंड निवासी जानकी देवी ने क्षेत्र के ही विनोद कुमार सिंह, मीरा सिंह, आशीष सिंह, आकाश सिंह और नीरज के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि वर्तमान में वह अलीगंज के सेक्टर-आई (एलआईसी) लोनी संगम चौराहे पर रहती है। मंगलवार को वह पिपरसंड स्थित अपने मकान में कमरा बनवाने पहुंची थी। वहां पर उसके ससुर के दो भाई विश्वनाथ सिंह और कैलाश सिंह रहते हैं। जबकि इस पर पीड़िता के ससुर का एक तिहाई हिस्सा है। वह अपने अपूर्ण कमरे को बनवाने के लिए देवर के दो पुत्रों रणवीर और संजय के साथ यहां आई थी।

# बेकरी दुकानदार लूटकर भागा था चेन और ब्रेसलेट, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भूतनाथ मार्केट में सुनार ज्वैलर्स पर रविवार दोपहर में हुई थी वारदात
- बहन को यूपीएससी की परीक्षा दिलाने आया था आरोपी


चेन व ब्रेसलेट लेकर भागने का आरोपी।

**अमृत विचार :** भूतनाथ मार्केट में स्थित सुनार ज्वैलर्स से सोने की दो चेन और दो ब्रेसलेट लूटकर भागने वाला आरोपी कानपुर में बेकरी की दुकान चलाता है। वारदात वाली दिन वह अपनी बहन को यूपीएससी की परीक्षा दिलाने के लिए आया था। रविवार की दोपहर करीब 2 बजे वारदात हुई थी। पुलिस ने मंगलवार देर रात को आरोपी को कानपुर के नौबस्ता से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटी गई चेन और ब्रेसलेट के साथ वारदात में प्रयुक्त क्रेटा कार भी बरामद कर लिया है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी फहीम अहमद कानपुर के नौबस्ता का रहने वाला है। वहां उसकी बेकरी की दुकान है। फहीम ने भूतनाथ मार्केट स्थित सुनार ज्वैलर्स की दुकान से रविवार को दो चेन और दो ब्रेसलेट लेकर भाग गया था। इसकी कीमत चार लाख रुपये बताई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फहीम की तस्वीर मिली। वारदात के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गई थी। मंगलवार देर रात को टीम ने कानपुर के नौबस्ता से पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि फहीम अपनी बहन को यूपीएससी की परीक्षा दिलाने वर्धमान इण्टर कालेज इंदिरानगर आया था। बहन को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने के बाद वह इधर-उधर टहल रहा। दिन में 12:46 बजे सुनार ज्वैलर्स की दुकान में पहुंचा था।

**दो घंटे तक उलझाये रखा, फिर भाग निकला :** इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि फहीम दुकान में सोने की चेन और ब्रेशलेट खरीदने की बात कही। भरोसे में लेकर बताया कि पैसा भाई लेकर आ रहा है। काफी देर तक वहीं बैठा रहा। सोने की चेन और ब्रेसलेट देखता रहा। जैसे ही दुकानदार ज्वेलरी निकालने में व्यस्त हुआ आरोपी हाथ में लिए सोने की 2 चेन और 2 ब्रेशलेट लेकर भाग निकला था।

**250 फुटेज खंगाले, तब मिला आरोपी :** पुलिस के मुताबिक केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में चार टीमें लगी थी। दो टीम ने भूतनाथ मार्केट में लगे करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी से पता चला आरोपी लक्ष्मणपुरी कॉलोनी की तरफ भागा है। जहां से ओला कैब किया और फरार हो गया। इसके बाद ओला ड्राइवर को पकड़ा गया। पूछताछ में चालक ने बताया आरोपी भूतनाथ मार्केट में खड़ी अपनी क्रेटा कार के पास गया था। फिर उसमें बैठकर निकल गया।

### ओला कैब से आरोपी तक पहुंची पुलिस

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि आरोपी फहीम वारदात के बाद भूतनाथ मार्केट के आसपास की गलियों से होता हुआ निकल गया। इसके बाद उसने रविंद्रपल्ली के पास एक ओला कैब किया। इस कैब से वह करीब तीन घंटे तक इधर-उधर घूमता रहा। शाम 5 बजे के करीब दोबारा पंचवटी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा। जहां से अपनी क्रेटा कार उठाई और बहन को लेकर कानपुर नौबस्ता निकल गया। सीसीटीवी फुटेज में उसे ओला से जाते हुए देखा गया। ओला चालक की तलाश की गई। उसने पूरी जानकारी दी। इसके बाद क्रेटा कार के पंजीकरण में दर्ज पते पर पुलिस ने दबिश देकर उसे दबोच लिया।

### व्यापार मंडल करेगा पुलिस टीम को सम्मानित

भूतनाथ मार्केट में सुनार ज्वैलर्स में हुई वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने दी। देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि 16 जून को सुनार ज्वैलर्स के यहां खरीदारी करने आया युवक चार लाख की चेन व ब्रेसलेट लेकर भाग गया। गाजीपुर पुलिस ने इस वारदात का खुलासा 72 घंटे में कर दिया। वहीं, सारा सामान बरामद कर लिया। पुलिस के खुलासे से व्यापार मंडल के पदाधिकारी व मार्केट के व्यापारी खुश है। पुलिस टीम के लिए सम्मान समारोह का आयोजन जल्द किया जाएगा।

# गुजरात में रची गई 120 करोड़ रुपये हड़पने की साजिश

## 48 घंटे में खाते से निकाल लिए गए थे एक करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एकेटीयू के 120 करोड़ रुपये हड़पने के लिए गुजरात में साजिश रची गई थी। साइबर क्राइम थाने की टीम ने जालसाज गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अभी सात से अधिक सदस्य फरार बताए जा रहे है। जिनमें तीन गुजरात से जुड़े है। वहीं, दो यूपी और दो महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं। टीम इन सभी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस टीम महाराष्ट्र में किन लोगों ने एक करोड़ रुपये खपाए इसकी डिटेल जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक एकेटीयू के 120 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के मामले में शामिल गिरोह के सरगना कपिल व साथी अनुराग ने 48 घंटे में ही करीब एक करोड़ रुपये निकाल लिये थे। ये रकम इन लोगों ने पहले से चिह्नित बचत व फर्जी दस्तावेज से खोले गये खातों में जमा करवायी। इसके बाद अपने कुछ परिचितों की मदद से ये एक करोड़ रुपये महाराष्ट्र में निकलवा भी लिये। इसके लिये एटीएम कार्ड व चेक बुक का इस्तेमाल किया गया। ज्यादातर रकम मुंबई में निकाली गई। कुछ बैंक खातों की डिटेल पुलिस के पास आ गई है। वहीं, कुछ की डिटेल खंगाली जा रही है।

**गुजरात में छिपा है मास्टर माइंड :** जालसाज गिरोह का सरगना कपिल गुजरात का रहने वाला है। वहीं उसने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए बस्ती निवासी अनुराग श्रीवास्तव और जय कुमार उर्फ एनके सिंह को मोहरे की तरह प्रयोग किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो इन दोनों को हड़पी गई रकम का दो-दो प्रतिशत हिस्सा देने का लालच दिया था। दोनों बैंक ओर एकेटीयू में अधिकारी बनकर गए थे। वहां खाता खुलवाया और फंड ट्रांसफर कराए। इसके बाद का काम गिरोह के महाराष्ट्र के सदस्यों ने किया। रकम निकालने के लिए मुंबई और महाराष्ट्र के पुणे जैसे स्थानों का चयन किया गया था। ताकि पुलिस गिरोह के सरगना तक आसानी से नहीं पहुंच सके।

### फरार आरोपियों की तलाश में छापे

एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत ने बताया कि मुख्य आरोपी सूरत का कपिल और अनुराग श्रीवास्तव हाथ नहीं लगे है। दो दिन पहले गिरफ्तार हुए इनके सहयोगी उदय पटेल, देवेन्द्र प्रसाद प्रभाशंकर, गिरीश चन्द्र, शैलेश कुमार, राजेश बाबू, दस्तगीर आलम और कृष्णकांत से कई घंटे पूछताछ की गई थी। फर्जीवाड़े के अहम कदम के बारे में इन्हें ज्यादा नहीं पता था।

### संदेह के घेरे में बैंक मैनेजर

पुलिस सूत्रों की माने तो इस फर्जीवाड़े में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका संदेह में है। सबसे अधिक संदेह के घेरे में बैंक प्रबंधक है। जो छुट्टियों पर होने के बाद बावजूद कई अहम दस्तावेज उपलब्ध कराए और खाता खुलवाने से लेकर फंड ट्रांसफर कराने में सहयोग किया। वहीं फर्जी तरीके से खोले गए एकेटीयू के खाते से सौ करोड़ रुपये बिना किसी उच्चाधिकारी के संज्ञान में आए निकासी की अनुमति दे दी। डेली रिपोर्ट में मिलाने में डीजीएम ने इस हेराफेरी को पकड़ा तो आनन-फानन बैंक मैनेजर मामला दर्ज कराने पुलिस के पास पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों की माने तो बैंक मैनेजर की भूमिका और मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

### फर्जीवाड़े के लिए खुलवाए थे दो दर्जन खाते

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े खाते इस फर्जीवाड़े के कुछ दिन पहले ही खुलवाये गये थे। कुछ अन्य खातों को भी चिह्नित किया गया था। चिह्नित खातों के संचालक ने कमीशन के लालच में प्रयोग करने दिया था। पुलिस ने इन लोगों से भी सम्पर्क किया है। इनसे काफी कुछ जानकारियां मिली है। पुलिस दावा कर रही है कि कपिल व अनुराग और उसके अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद पूरा नेटवर्क सामने आयेगा। इसके बाद ही पता चलेगा कि इसमें कितने लोग शामिल थे। बैंक के कौन लोग संपर्क में रहे। एकेटीयू का कोई कर्मचारी इस गिरोह के सम्पर्क में तो नहीं था। ऐसे कई सवालों का जवाब सरगना की गिरफ्तारी के बाद ही पता चलेगा।

# वीआईपी गाड़ियों से उतरवाए हूटर व बत्तियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


हजरतगंज चौराहे पर आरटीओ की निजी वाहन से नीली बत्ती को निकालते यातायात पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार


हजरतगंज चौराहे पर मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गाड़ियों से काली फिल्म हटाते यातायातकर्मी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री के आदेश पर एक सप्ताह का शुरू हुआ विशेष अभियान

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस ने बुधवार पूरे दिन हजरतगंज इलाके में विशेष अभियान चलाकर 50 वीआईपी गाड़ियों से हूटर, बत्तियां और काली फिल्म उतरवाई। डीसीपी यातायात के मुताबिक एक सप्ताह के विशेष अभियान मुख्यमंत्री के आदेश पर चलाया जा रहा है।

एसीपी सेंट्रल जयेन्द्रनाथ अस्थाना के नेतृत्व में बुधवार को यातायात पुलिस ने हजरतगंज के अटल चौराहे पर वीआईपी गाड़ियों की चेकिंग का विषेश अभियान चलाया। टीआई वेंकटेश्वर सिंह ने बताया कि हजरतगंज चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस ने करीब 50 वाहनों से अधिक गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने निजी वाहनों से नीली, लाल बत्ती उतरवाई। वहीं, राजनैतिक झंडे लगे वाहनों से हूटर और काली फिल्म उतरवाई। इस दौरान कई वाहनों से पूर्व मंत्री, महामंत्री, जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष लिखे स्टीकर नोंच दिए। इन सभी वाहनों का चालान भी काटा गया। टीआई ने बताया कि यह अभियान 25 जून तक जारी रहेगा।

**साइलेंसर में छेड़छाड़ पर कटेगा चालान :** एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया कि कंपनी से खरीदने के बाद वाहन के बाद साइलेंसर में बदलाव यानी मॉडिफिकेशन किया तो पकड़े जाने पर एक्ट के पांच हजार रुपये जुर्माने की कार्रवाई होगी।

## दादी की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे युवक को डंपर ने रौंदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित गंगापुल के पास दादी की अस्थियां गंगा नदी में विसर्जित करने जा रहे राज श्रीवास्तव (47) को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं छोटा भाई मनोज चोटिल हो गया।

डालीगंज के ठठरी बाजार निवासी राज श्रीवास्तव नगर निगम में संविदाकर्मी थे। कुछ दिन पहले उनकी दादी गायत्री की मृत्यु हो गई थी। बुधवार सुबह वह अपने छोटे भाई मनोज के साथ दादी की अस्थियां लेकर गंगा नदी में विसर्जित करने चंदन घाट जा रहे थे। बाइक मनोज चला रहे थे, राज पीछे बैठे थे। चंदनघाट मोड़ के पास मनोज ने सड़क किनारे बाइक खड़ी कर दी। बाइक में पीछे बैठे राज नीचे उतरे ही थे कि तभी कानपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद डंपर चालक भाग निकला। वहीं भाई मनोज के पैर में चोट आई है। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक कानपुर-लखनऊ हाईवे पर जाम की स्थिति रही। मृतक राज के भांजे सहादतगंज निवासी ऋषभ ने बताया कि मौत की खबर घर पहुंचते ही उनकी पत्नी रंजना व 15 वर्षीय बेटे नंदकिशोर बेसुध हो गए।

# एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगे 18 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर थाने में दर्ज हुई प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक पर एफआईआर

**अमृत विचार :** जीसीआरजी इंस्टीट्यूट में एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर प्लेसमेंट एजेंसी संचालक ने 18 लाख रुपये ठग लिए। छात्रा को प्रवेश नहीं मिला तो मां ने रुपये वापस मांगे। आरोपी रुपये वापस देने को राजी नहीं हुए, वहीं जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने गाजीपुर कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर प्लेसमेंट संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

मुगलसराय निवासी दीपिका विश्वकर्मा की बेटी स्वाति ने वर्ष 2023 में नीट की परीक्षा दिया था। कम रैंक आने की वजह से एमबीबीएस में दाखिला नहीं हो सका। इसी बीच दीपिका को गाजीपुर लेखराज मार्केट स्थित श्रीत कॅरियर गाइड सर्विसेज के बारे में जानकारी हुई। जिसका संचालन अनिल कुमार यादव है। बेटी को साथ लेकर दीपिका कॅरियर गाइड सर्विसेज के कार्यालय गईं। अनिल ने बताया कि जीसीआरजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में दाखिला हो जाएगा। इसके लिए रुपये खर्च करने होंगे। फीस और हॉस्टल के रुपये सीधे कॉलेज के खाते में जमा होंगे। भरोसा जीतने के लिए अनिल ने कई कागज दिखाए। एमबीबीएस सीट हासिल करने वाले छात्रों की डिटेल भी बताई। जिसके चलते दीपिका को भरोसा हो गया। उन्होंने 18 लाख रुपये अनिल को दिए। कुछ दिन में एडिमशन लेटर दिलाने का दावा आरोपी ने किया। दीपिका के मुताबिक काफी दिनों तक एडमिशन से जुड़ी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। जिस पर उन्हें संदेह हुआ। छानबीन करने पर पता चला कि अनिल का जीआरजीसी इंस्टीट्यूट से कोई संपर्क नहीं है। सच्चाई पता चलने पर दीपिका ने रुपये लौटाने के लिए कहा। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि दीपिका की तहरीर पर अनिल कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगे 7.70 लाख, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाज ने महिला को फ्लैट दिलाने का झांसा देकर 7.70 लाख रुपये हड़प लिये। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से की। उनके निर्देश पर पीजीआई थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

वृन्दावन कालोनी निवासी इन्दू के मुताबिक उनके पड़ोस में महेन्द्र कुमार ने उनकी मुलाकात प्रापर्टी कारोबारी शैलेन्द्र कुमार से कराई। शैलेन्द्र ने एक फ्लैट के बारे में बताया। इसके लिए इंदू ने 7.70 लाख रुपए दिया। आरोप है कि कब्जा देने के लिए टाल-मटोल करता रहा। अचानक एक दिन आरोपी ने फ्लैट दिलाने से साफ इनकार कर दिया। रुपये वापस मांगे तो गाली-गलौज की जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया। महिला ने इसकी शिकायत पीजीआई इंस्पेक्टर की, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान होकर महिला ने डीसीपी से पूरे मामले की शिकायत की, जिनके निर्देश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया गया।

# किशोरी को भगा ले जाने वाले को युवकों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- धर्मांतरण का दबाव बनाकर कर रहा था निकाह की तैयारी

**अमृत विचार :** आशियाना इलाके की किशोरी को मंगलवार को दूसरे संप्रदाय का युवक बहलाकर भगा ले गया। उस पर धर्मांतरण का दबाव बनाकर निकाह की तैयारी कर रहा था। किशोरी की तलाश कर रहे परिजन बजरंगदल के कार्यकर्ताओं की मदद से बख्शी का तालाब से पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सुपुर्द कर दिया। आशियाना पुलिस आरोपी युवक को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक परिजन धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगा रहे हैं। इसकी जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक इलाके में 16 वर्षीय किशोरी अपनी बहन के साथ किराये के मकान में रहती है। बहन ने बताया कि मंगलवार सुबह किशोरी घर से मार्केट खाना खरीदने की बात कहकर बंगला बाजार गई थी। आरोप लगाया कि मोहनलालगंज निवासी मौसिम नाम का युवक उसकी बहन को बहलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि बहन के साथ इवेंट कंपनी में काम करने वाले युवक और युवती ने मौसिम की मदद की है। जबकि मौसिम पहले से शादीशुदा व दो बच्चों का पिता है। वहीं, परिजन ने बजरंगदल से संपर्क कर किया और मौसिम के मोहनलालगंज स्थित घर पहुंचे, जहां से आरोपित किशोरी को लेकर बक्शी का तालाब लेकर भाग गया था। वहां पहुंचकर किशोरी को बरामद कर मौसिम की जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे आशियाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## लोहे की सरिया से सिर पर किया वार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा के भटगांव में रहने वाले मुकेश कुमार ने वादे खेड़ा के अमरजीत सिंह के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि बीती 17 जून को रात करीब 9 बजे ठेकेदार का फोन आने पर गोविंद घर से डीआरडीओ बचान खेड़ा गेट पर पहुंचा। जहां पुराने विवाद को लेकर अमरजीत ने लोहे की सरिया से गोविंद के सिर पर हमला कर दिया।

# स्मैकियों का नया ठिकाना केजीएमयू का वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिसर को ही बना रखा है अड्डा, तीमारदारों के चोरी हो रहे मोबाइल और पर्स
- परिसर में बिखरे रहते हैं एविल इंजेक्शन और सिरिंज

> यदि परिसर के अंदर भी स्मैकियों का जमावड़ा लग रहा है तो यह गंभीर विषय है। यहां सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहते हैं। मामले की जांच करवाई जाएगी। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी। उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
> 
> - डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू


नालियों में पड़े एविल इंजेक्शन व सिरिंज


एसी के आउटडोर के पास पड़ीं खाली सिरिंज

**अमृत विचार :** केजीएमयू के आस-पास स्मैकियों के जमावड़े पर अंकुश लगाने में संस्थान प्रशासन और पुलिस नाकाम है। फरवरी में अमृत विचार ने इसका खुलासा किया था। जिसके बाद पुलिस ने थोड़े दिन सख्ती दिखाई। जिससे शताब्दी, ट्रॉमा सेंटर और लारी कार्डियोलॉजी के आस-पास तो इनकी संख्या कम हो गई। लेकिन पुलिस और संस्थान प्रशासन की ढील के चलते अब स्मैकियों ने वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग परिसर को अपना नया ठिकाना बना लिया है। यहां शाम होते ही इनका जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। पूरे परिसर में गंदगी फैलाते हैं। एक-दूसरे को सिरिंज के माध्यम से नशे की डोज नसो में दे रहे हैं। वहीं, यहां मरीजों की देखरेख में लगे तीमारदारों की जेब पर हाथ साफ कर रहे। उनके मोबाइल चोरी हो रहे हैं।

गोंडा निवासी राजकुमार ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार का इलाज यहां से चल रहा है। उनकी देखरेख के लिए वह परिसर में बने टीन शेड के नीचे रुकते हैं। राजकुमार के मुताबिक वैसे तो पूरा दिन यहां स्मैकिए रहते हैं। लेकिन रात में इनकी संख्या बढ़ जाती है। यह एक दूसरे को सिरिंज से नशे की डोज देते हैं। आए दिन तीमारदारों के मोबाइल और पर्स चोरी की घटनाएं होती है। पुलिस से शिकायत पर भी सुनवाई नहीं होती। मजबूर होकर तीमारदारों को रात में जागना पड़ता है। वहीं, एक महिला तीमारदार ने बताया कि स्मैकियों के कारण हर समय डर की स्थिति बनी हुई है। लेकिन मरीज के इलाज के लिए यहां रुकना मजबूरी है।

**इस तरीके से लगाते हैं नशे का डोज :** बातचीत में एक नशेड़ी युवक ने बताया कि स्मैकिए 10 एमएल एविल इंजेक्शन से 5 एमएल सिरिंज में निकाल लेते हैं। बचे हुए 5 एमएल एविल इंजेक्शन में एक पुड़िया स्मैक डालकर इंजेक्शन की शीशी में गर्म करते हैं। जब स्मैक इंजेक्शन में घुल जाती है तब सिरिंज में निकालकर अलग रखे गए 5 एमएल एविल इंजेक्शन को स्मैक के घोल में मिलाकर अपनी नसों में लगा लेते हैं। इससे करीब 12 घंटी तक तेज नशा रहता है।

**बिना प्रशिक्षण के इंजेक्शन लगाने से जान का खतरा :** सिविल अस्पताल के फिजीशियन डॉक्टर कुलदीप वर्मा का कहना है कि स्मैकिए बिना किसी प्रशिक्षण के खुद इंजेक्शन लगा रहे हैं। गलत जगह इंजेक्ट होने से नसों व मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है। एक सिरिंज से 2 या 3 नशेड़ी इंजेक्शन लगा रहे हैं। इससे एड्स जैसे खतरनाक रोगों की चपेट में आ सकते हैं। सीधे नसों में स्मैक जाने से दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है।

### मरीज ही बेच रहे नशे की टेबलेट

बीते दिनों अमृत विचार की जांच में खुलासा हुआ था कि मानसिक रोग विभाग में भर्ती नशे के आदी मरीजों को ऐसी टेबलेट खिलाई जाती हैं जो शरीर में नशे को पूरा करते हैं इससे उसे नशा अचानक से छोड़ने में होने वाली दिक्कत नहीं झेलनी पड़ती है। धीरे-धीरे इसका डोज कम कर दिया जाता हैं। ये टेबलेट खिलाने के दौरान मेडिकल स्टॉफ के सामने यह खाने का नाटक करते हैं। जबकी नशे की गोलियों को वह मुंह में ही छिपा लेते है। स्टॉफ के जाने के बाद वह गोलियों को मुंह से निकाल कर सुखा लेते हो। बाद में इन्हीं गोलियों को स्टॉफ की नजरों से छिपाकर अस्पताल के बाहर स्मैकियों को 50 से 70 रूपये में बेच देते है। स्मैकिए इन गोलियों को एविल इंजेक्शन में मिला कर नसों में लगा लेते हैं।

# थम नहीं रहा कच्ची शराब का अवैध कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

> सूचना के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर से सटे गांवों में आबकारी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।
> 
> -राकेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ

**अमृत विचार:** आबकारी विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद अवैध रूप से शराब बनाने वाले सक्रिय है। लखनऊ के आसपास के क्षेत्रों के गांवों में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने का काम जोरों पर है।

5 मार्च 2024 से 19 जून तक आबकारी टीम द्वारा 1052 लीटर अवैध कच्ची शराब और 5630 लहन बरामद किया गया तथा 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत कबीरपुर, बस्तियां, रामपुर व महुरा खुर्द, मोहनलालगंज और नगराम अन्तर्गत भज्जा खेड़ा और छोटी खेड़ा, माल थाना क्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर, नारू खेड़ा और रामनगर, रहीमाबाद अन्तर्गत गांव औलिया खेड़ा, मोहनलालगंज अन्तर्गत गांव इंद्रजीत खेड़ा, निगोहां अन्तर्गत बनीगंज और दयालपुर, माल क्षेत्र में केडौरा, बाजार गांव, काकोरी अन्तर्गत रहमान खेड़ा, खालिसपुर एवं लोधौसी, गोसाईगंज अन्तर्गत सीथौली, बंथरा अन्तर्गत गदौली, रतौली, माल थाना अन्तर्गत भभूतीखेड़ा, नारूखेड़ा, माल थाना अन्तर्गत रामनगर, बाजार गांव और नारू खेड़ा बंथरा अन्तर्गत अयनगांव में अवैध रूप से कच्ची शराब बन रही है।

# निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य भी दे सकेंगे यूपी बोर्ड को सुझाव

## संभवतः इसी वर्ष से लागू हो सकती है प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कक्षा 9 और 10 के परीक्षा प्रारूप सहित प्रश्नपत्र में बदलाव और प्रश्नों की संख्या को लेकर जो सुझाव मांगे हैं। इसमें निजी स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य भी अपना सुझाव ईमेल पर 29 जून तक भेज सकते हैं।

बुधवार को इसकी जानकारी सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला की ओर से दी गई। उन्होंने बताया कि सभी सुझावों पर कमेटी अध्ययन करेगी। उसके बाद इन सुझावों के साथ प्रस्तावित ड्राफ्ट शासन को भेजा जायेगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि बच्चों से परीक्षा का भार कैसे कम किया जाए इस पर भी कार्य किया जा रहा है।

▸▸ 9वीं व 10वीं की परीक्षा और पाठ्यक्रम से जुड़ा मामला

अधिकारियों के मुताबिक, यूपी बोर्ड परीक्षाएं जो डेढ़ माह में होती थी। इसमें हर विषय के दो-दो प्रश्नपत्र आते थे। जबकि गणित विषय के तीन प्रश्नपत्र आते थे ऐसे में परीक्षा में समय ज्यादा लग जाता था। अब परीक्षा को 15 दिनों में पूरा करवा लिया जाता है। इसी प्रकार से अब कक्षा 9 और 10 की परीक्षा को लेकर भी तैयारियां चल रही है।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बोर्ड की ओर से सीधे अब इंटरमीडिएट का अंक व प्रमाण पत्र देने की तैयारी चल रही है। कहा ये भी जा रहा है 10वीं की परीक्षा कॉलेज स्तर से कराए जाने की अनुमति दी जा सकती है। संभवतः इसी सत्र या अगले सत्र तक इसका निर्णय हो सकता है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एक लंबी प्रक्रिया है समय लग सकता है।

## विद्यार्थियों के विकास में योगासनों का विशेष महत्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के नोवा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में बुधवार को एक योग शिविर और 'व्यक्तित्व के विकास में योग की भूमिका' विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य एवं आयोजक डॉ. अरुण कुमार भरारी ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए यम, नियम, तथा योगासनों का विशेष महत्व है। प्रदेश महासचिव डॉ. एलके, राय ने मौजूद लोगों को योगाभ्यास कराया गया।

# प्रतिभागियों ने बनाएं 10 विश्व रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोती महल वाटिका लखनऊ में योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल की ओर से बुधवार को 10 प्रतिभागियों ने अपने-अपने आसनों में एकल रूप से 10 विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए।

जश्ने आजादी ट्रस्ट और भारतीय आदर्श योग संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उप्र के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल के चेयरमैन डॉ. आनंदेश्वर पांडे, सैय्यद रफत जुबेर रिजवी यूएई अध्यक्ष, काउंसिल के सीईओ आचार्य डॉ. यश पाराशर, चीफ एडिटर मालविका वाजपेयी ने सभी 10 विश्व कीर्तिमानों को घोषित किया।

लखनऊ से आरना खुराना ने सुप्त तितिभासन 33 मिनट 6 सै., पदम चक्रासन में 2 मिनट 31 सै. विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्नाव से भूमि तिवारी ने तीन आसनों में रामदूतासन 35 मिनट 27 सै., कमरमरोड़ आसन मे 12 मिनट 35 सै. और राजकपोतासन 5 मिनट 26 सै. तक रुक कर रिकॉर्ड अपने नाम किया।



विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले प्रतिभागियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

▸▸ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल की ओर से योगासन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

▸▸ लखनऊ की आरना ने सुप्त तितिभासन और पदम चक्रासन में बनाया विश्व रिकॉर्ड

सौम्या ओझा कानपुर ने परिवर्तित जानू शीर्षासन मे 23 मिनट 34 सै. और तिम्यासन में 7 मिनट 15 सै. रुक कर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किए। रायबरेली से सृष्टि सोनकर ने पदपुत्र परिवर्तित जानू शीर्षासन में 33 मिनट 6 सै. कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। कानपुर से डॉ. भावना श्रीवास्तव ने वज्रआसन में 45 मिनट 3 सै. करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। गाजियाबाद से अंजलि भारद्वाज ने शशांकासन में 39 मिनट 11 सेकंड तक रुककर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### गर्भावस्था में आसन कर दिया ने बनाया रिकॉर्ड

लखनऊ की दिया आहूजा ने 9 महीने की गर्भावस्था में चार कठिन आसन जिसमें वॉरियर पोज, टाइगर पोज, सेतुबंध आसन और वृक्षासन में विश्व रिकॉर्ड बनाएं। मालविका के निर्देशन में बने ये चारों आसन के लिए उन्होंने बताया की ऐसी परिस्थिति में ये कारनामा करने वाली दिया पहली योगिनी है और पूरी महिला वर्ग के लिए एक प्रेरणा है।

## सार-संक्षेप

### बतकही में आकर्षण का केंद्र बना चंद्रेश्वर का काव्यपाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित किसान बाजार में बतकही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध कवि चंद्रेश्वर का काव्य पाठ इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। उन्होंने सुनाया, "प्रतिरोध के होते हजार तरीके, दुनिया के किसी कोने में, कोई ऐसा हिंसक या क्रूर शासक नहीं, जिस पर न हंसा जा सके, लतीफे या चुटकुले गढ़कर या सुनाकर"। कविता पाठ के बाद हुई परिचर्चा में कवि अरुण सिंह ने कहा कि चंद्रेश्वर की कई कविताओं में बचपन और गांव – घर की यादें बसी हुई हैं, रामबहादुर सिमिर के संपादन में निकलने वाली "अवध ज्योति" पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर धनंजय शुक्ल, अजीत प्रियदर्शी और ओम मिश्र आदि उपस्थित रहे।



पत्रिका का विमोचन करते साहित्यकार

### कला प्रतियोगिता में डॉ. लता और अंकित प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ :** योग सप्ताह के तहत टूड़ियागंज स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में बुधवार को स्नातकोत्तर और स्नातक छात्रों के बीच कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातकोत्तर से डॉ. लता श्रीवास्तव को प्रथम स्थान मिला। वहीं, डॉ. स्वाती गुप्ता दूसरे और डॉ. मोहिनी गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। स्नातक छात्रों में अंकित यादव प्रथम, श्वेता पाण्डे को दूसरा और नेहा वर्मा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके आलावा भाषण प्रतियोगिता में डॉ. रोशन लाल और सना खान प्रथम, डॉ. सुधीर मिश्रा दूसरे और डॉ. रजत शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रो. अंजना द्विवेदी, डॉ. शरद जौहरी, डॉ. अरविंद कुमार और डॉ. राजेश यादव रहे।



मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### नाटक सवा सेर गेहूं में दिखी महाजन की बेइमानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बिम्ब सांस्कृतिक समिति ने नाटक सवा सेर गेहूं का मंचन किया। मुंशी प्रेमचंद की मूल कहानी का अवधी नाट्य रूपांतरण राम किशोर नाग ने और निर्देशन महर्षि कपूर ने किया। नाटक में अभिषेक कुमार पाल, कृष्ण कुमार पाण्डेय, स्पर्धा पाण्डेय, सनुज कुमार, शशांक शुक्ला, अनिरुद्ध कपूर, कुलदीप श्रीवास्तव, महर्षि कपूर, कशिश सिंह, आर्यन शुक्ला, प्रियंका दीक्षित, शिखा श्रीवास्तव और सरिता कपूर ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

## लखनऊ के वीर को पहली वरीयता

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा में 21 से 23 जून तक होने वाली जूनियर स्टेट यूपी कप टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की वरीयता जारी कर दी गई। जारी सूची के अनुसार शहर के वीर वाल्मीकि को यूथ बालक जूनियर, यूथ बालक सब जूनियर और कैडेट बालक वर्ग में पहली वरीयता मिली है। इसके अलावा होप्स बालक वर्ग में शहर के लक्ष्य कुमार बतौर शीर्ष वरीयता खिलाड़ी के रूप में मुकाबलों में उतरेंगे।

प्रतियोगिता के यूथ बालक जूनियर वर्ग में लखनऊ के आयुष बग्गा को तीसरी वरीयता मिली है, जबकि कैडेट बालक वर्ग में लक्ष्य कुमार को दूसरी और अनयराज वर्मा को तीसरी वरीयता मिली है। इसके अलावा कैडेट बालिका वर्ग में इशना अग्रवाल को तीसरी वरीयता दी गई है।

## सीएएल ब्लू और पर्पल विजयी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएएल अंडर-16 किकेट लीग के तहत बुधवार को खेले गए मुकाबलों में ब्लू और पर्पल ने जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में सीएएल ब्लू ने सीएएल रेड को एक विकेट से पराजित किया। रेड के 362 रन के लक्ष्य को ब्लू ने एक विकेट के शेष रहते प्राप्त किया। दिन के दूसरे मुकाबले में सीएएल पर्पल ने ग्रीन को 18 रन से पराजित किया। पर्पल के 423 रन के जवाब में सीएएल ग्रीन की टीम 405 रन ही बना सकी।

## ग्लोबल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन जुलाई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूएई के दुबई और शारजाह सहित अन्य शहरों में अक्टूबर और नवंबर में आयोजित होने वाली ग्लोबल टी-20 क्रिकेट के लिए विभिन्न आयु वर्ग में टीमों का चयन जुलाई के अंतिम सप्ताह से किया जाएगा। युवा सोसाइटी और नॉर्वेजियन क्रिकेट फेडरेशन की ओर से देश के सभी राज्यों के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी चयन किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में चयन की तिथि जल्दी घोषित की जाएगी। इस चयन में स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी भी भाग ले सकते हैं। जिलों के बाद मंडल स्तर पर चयन होंगे। राज्य स्तरीय चयन भी चार जिलों में होंगे। युवा सोसाइटी के अध्यक्ष परमिंदर सिंह के अनुसार, ग्लोबल टी-20 में विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबले होंगे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर

पता:–तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।
मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना (चतुर्थ कॉल)

**पत्रांक–243/ग्रा0अ0वि0/ निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2023–2024, दिनांक:–10–06–2024**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर रसीद की मूल प्रति अन्य निविदा प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

**1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | बाल विकास एवं पुष्टाहार/मनरेगा/ग्राम पंचायत | | | | |
| 1 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कोडरी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 2 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मेंहदापुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 3 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टिकरिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 4 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र फिरोजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 5 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र दतेली में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 6 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रहिमाबाद–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 7 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रहिमाबाद–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 8 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रहिमाबाद–4 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 9 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र विशुन नगर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 10 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र जैनापुर सोहरैया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 11 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र इसौली में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 12 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मिंयांसरांय–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 13 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र उनसिया–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 14 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र निजामाबाद में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 15 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रायपुर नवीन में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 16 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र खपरैला में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 17 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टेडवा चिलौला में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 18 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र आमखेड़ा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 19 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रफातपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 20 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र जमैयतपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 21 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र दहेलिया श्रीरंग में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 22 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दा सरांय में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 23 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हुसैनपुर कैमहरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 24 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अकबरपुर मखदूमपुर–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 25 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गंगापुर उल्फतराय में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 26 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टकपुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 27 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बन्नी बाजार में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 28 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कासिमपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 29 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र उनेरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 30 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्हनपुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 31 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सर्फापुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 32 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सुजावलपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 33 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र भवानीपुर वि0सं0–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 34 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नगरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 35 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बिजवार–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 36 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अकबरगंज में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 37 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मिश्रापुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 38 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र परसेहराखुर्द में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 39 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मियासराय में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 40 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र माखूपुर–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 41 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र माखूपुर–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 42 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कमाल सरांय में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 43 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सरांय युसुफ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 44 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र शाहजलालपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 45 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मखुवापुर–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 46 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मखुवापुर–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 47 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मखुवापुर–3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 48 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सुल्तानपुर बेहड़ा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 49 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नेवादा बरूआ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 50 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र जाजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 51 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र चकलापुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 52 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र चिलवारा–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 53 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टेडवा चिलौला–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 54 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अहाता कप्तान–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 55 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र धरैंचा–2(ढेंडुराई) में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 56 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ढेडवहियनपुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 57 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र महराजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 58 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कनवाखेड़ा–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 59 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र करनवाखेड़ा–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड खैराबाद | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 60 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टीकर बहादुरपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 61 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हथूरी–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 62 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हथूरी–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 63 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कैमा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 64 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सहरोई चक्रवात में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 65 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सहरोई सिकटिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 66 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सेरूकहा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 67 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मोहद्दीनपुर–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 68 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मोहद्दीनपुर–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड ऐलिया | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 69 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अजीजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मिश्रिख | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 70 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रघुनाथपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मिश्रिख | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 71 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बौधनी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मिश्रिख | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 72 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र इस्लामनगर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मिश्रिख | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 73 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बिनौरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मिश्रिख | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 74 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बनियामऊ–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 75 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सरैया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 76 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गन्धेरिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 77 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कुशौली में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 78 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र रालामऊ–3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 79 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र काकोरी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 80 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र डेंगरा–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 81 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र डेंगरा–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 82 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बरसंधिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 83 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सिरधरपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 84 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मुसौली–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 85 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मुसौली–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 86 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र माडर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 87 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र खालेपुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 88 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र भैंसेपारा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 89 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हरदोइया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 90 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र केसरा–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 91 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र केसरा–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 92 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नेवदिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 93 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र पेरियाकोडर–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 94 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र फिरोजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 95 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ताजपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड मछरेहटा | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 96 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नरोत्तमपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 97 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नेवादा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 98 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ढोलईकला–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 99 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सेलूमऊ–1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 100 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सेलूमऊ–2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 101 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हरीरामपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड हरगांव | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 102 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र धौरहरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, लहरपुर। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 103 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र टप्पा 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, लहरपुर। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 104 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र छावनी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, लहरपुर। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 105 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मजलिसपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 106 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र शेरपुर सरावॉ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 107 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अमौरा मोती सिंह में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 108 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र चिमला में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 109 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र निजामाबाद में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 110 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र पकरिया मिनी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 111 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अर्रोखेमाजितपुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 112 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ढोलई खुर्द 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 113 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कोरैया सरावॉ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 114 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गढी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 115 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र माधौसिंह पुरवा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 116 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ओदरहा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 117 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र उल्कापुर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, परसेण्डी। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 118 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र खराहरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 119 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र पुरैनी बोहरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 120 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र नसीरपुर सरकार में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 121 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र भिठानाफर्र में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 122 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र जबदुआ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 123 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्भिया 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 124 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्भिया 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 125 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बम्भिया मिनी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 126 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र अमलोरा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 127 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ईटगांव 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 128 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र भिठनाकला में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 129 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कनकारी 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 130 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कोडवा धमधमपुर 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 131 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कोडवा धमधमपुर 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 132 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र पचुर्खी 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 133 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुर 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 134 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुर 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 135 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र खरौहा 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 136 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मुजेहना में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 137 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बर्रा में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 138 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र परसिया में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 139 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र हलीमनगर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 140 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बरी जानकी नगर में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 141 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कोडरी 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 142 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र घेवड़ा 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 143 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र ताहपुर पकौरी में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 144 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र दुलामउ में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 145 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गोलोक कोड़र 5 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 146 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र गोलोक कोड़र 6 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 147 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र म्योढी छोलहा 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, रेउसा। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 148 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र शंकरपुर त्योला में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 149 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र तेन्दुवा 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 150 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र तेन्दुवा 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 151 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र सलेमपुर 1 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 152 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कैमहरा खुर्द 3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 153 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कटिया 3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 154 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कटिया 3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 155 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र कटिया 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 156 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र मानपुर 3 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 157 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र शंकरपुर मिनी 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |
| 158 | सीतापुर | ऑगनबाड़ी केन्द्र बसुदहा 2 में सामग्री आपूर्ति, विकास खण्ड, बिसवां। | 7.22 | 0.37 | 500+225+88= 813.00 | 04 माह |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:–22–06–24 से 27–06–24 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान:–28–06–24 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–सीतापुर, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद सीतापुर।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–29–06–24 को अपरान्ह 12:30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सीतापुर में सम्पर्क करें।

**(ज्ञानेन्द्र कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर।**
**राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।**

UP – **206259** दिनांक 18/06/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## एक नजर

### दीवान से मारपीट, चार पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिविल कोर्ट गेट-4 के पास बुधवार को वकील और जेसीपी कानून-व्यवस्था के कार्यालय में तैनात दीवान के बीच मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर शांत कराया। वहीं, दीवान की तहरीर पर देर रात को अज्ञात वकीलों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि दीवान का नाम उमेश मिश्रा हैं। जेसीपी कार्यालय में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि निजी काम से अपने वकील से मिलने गए थे। उसी दौरान उनकी तीन से चार वकीलों की झड़प हो गई। गाली -गलौज के साथ ही दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर मौजूद पुलिसबल ने मामला शांत करवाया है। वहीं, देर रात को दीवान उमेश ने चार अज्ञात वकीलों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### छात्रा ने पिया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के बनी गांव में रहने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुमार कश्यप की 20 वर्षीया पुत्री रोशनी बंथरा क्षेत्र के ही एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बी फार्मा का प्रशिक्षण ले रही थी। बताते हैं कि बीती सोमवार रात रोशनी का उसकी बहन से कुछ विवाद हो गया। इस पर पिता ने दोनों पुत्रियों को डांट दिया। पिता की डांट से नाराज रोशनी ने मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घर में रखी जहरीली दवा पी ली। उसके मुंह से झाग निकलने के साथ उल्टियां होते देख जब परिजन को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई, बाद में मृतका के पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### बेहोशी की हालत में मिला व्यक्ति, अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर इलाके में मंगलवार शाम 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर कस्बे में मंगलवार शाम करीब 7 बजे बेहोशी की हालत में मिला करीब 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति नीले रंग की टी शर्ट और हाफ पैंट पहने हुए था।

# बारिश से पहले कराएं सड़कों का पैच वर्क

## उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अमौसी और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का पैचवर्क बारिश से पहले कराया जाए। साथ ही सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में बन रहे नए और पुराने नालों को जोड़ने का काम भी अगली बैठक से पहले पूरा कर लिया जाए। ये निर्देश बुधवार को हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने नगर निगम अधिकारियों को दिए।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई। इसमें उद्यमियों ने अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़क नंबर एक व चार और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क नंबर तीन पर पैच वर्क कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को बारिश से पहले पैच वर्क हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उद्यमियों ने बताया कि सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे नाले और पहले से बने नालों का कनेक्शन नहीं हो पाया है। इस कारण जलभराव होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने अगली बैठक से पहले कनेक्शन जोड़ने का कार्य पूरा करने का निर्देश भी दिया।




कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

» **अगली बैठक से पहले नालों का कनेक्शन जोड़ने का काम हो जाए पूरा**

जिलाधिकारी ने नगर निगम अधिकारियों को अमौसी के नादरगंज व सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्रों के प्लान, डेवलपमेंट रिपोर्ट और बजट का आवंटन अलग-अलग करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने आगामी उद्योग बंधु की बैठकें बारी-बारी से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी बैठक में शामिल हो सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ विकास प्राधिकरण, पुलिस कमिश्नरेट तथा उद्योग से संबंधित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिनिधि एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

## भुगतान लंबित रखने पर लेखाकार का वेतन रोका

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी ब्लॉक में मनरेगा के कार्यों का भुगतान लंबित रखने पर बीडीओ ने लेखाकार का वेतन रोक दिया है। साथ ही, नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। काकोरी ब्लॉक में जारी मस्टर रोल के अनुसार, मनरेगा के कार्य कराए गए, लेकिन लेखाकार सक्षम अग्रवाल द्वारा 11 ग्राम पंचायतों के 8.14 लाख रुपये में से 3.93 लाख रुपये भुगतान किया गया। जबकि शेष धनराशि बेवजह लंबित रखी। इससे श्रमिकों को समय पर श्रम नहीं मिला। जांच की गई तो लेखाकार की लापरवाही सामने आई। जिनके भुगतान में रुचि न लेने पर बीडीओ ने जून का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया। कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# मंगेतर को फोटो भेजकर तुड़वाई शादी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» **कृष्णानगर इलाके की युवती को कई दिनों से परेशान कर रहा था युवक**

**अमृत विचार :** कृष्णानगर इलाके में रहने वाली युवती को एक युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा था। उसकी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा था। विरोध करने पर युवती की शादी तुड़वाने के लिए उसके मंगेतर के पास फोटो भेज दी। शादी टूटने के बाद युवती ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

कृष्णानगर निवासी युवती के मुताबिक आजादनगर निवासी कौशलेंद्र काफी दिनों से उसे परेशान कर रहा था। आरोपी ने युवती की कुछ फोटो भी हासिल कर ली। जिन्हें एडिट कर आपत्तिजनक फोटो बनाई। फिर युवती पर शादी करने का दबाव बनाने लगा। बात नहीं मानने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी की हरकतों से सहमी युवती ने फोटो डिलीट करने के बदले उसे कुछ रुपये भी दिए। इस बीच युवती की सगाई हो गई। यह बात पता चलने पर आरोपी ने फोन कर धमकी दी। फिर एडिट की गई फोटो युवती के मंगेतर को भेज दी। जिसकी वजह से युवती की शादी टूट गई। पीड़िता के मुताबिक सोमवार को वह मां के साथ क्लीनिक दवा लेने के लिए जा रही थी। रास्ते में कौशलेंद्र ने उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकी देते हुए भाग निकला।

# किराएदार ने पार कर दिए पांच लाख के जेवर, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मकान मालिक के घर से पांच लाख के जेवरात पार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच लाख के जेवरात बरामद कर लिया है। पकड़ी गई महिला रितु पांडेय गुडंबा इलाके की रहने वाली है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपित रितु पांडेय गुडंबा के मिश्रपुर की रहने वाली है। यहां झब्बन की बगिया में अवनीश श्रीवास्तव के घर में रहती थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि 6 जून को अवनीश की पत्नी ज्योति ने महिला पर जेवरात पार करने का मामला दर्ज कराया था। कई दिनों से फरार चल रही थी। बुधवार को टीम ने इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि तीन वर्ष से किराए पर रह रही थी। ज्योति से अच्छी से दोस्ती कर उनका विश्वास जीत लिया था। उनके घर में क्या कहां रखा है इसकी जानकारी थी। इसका फायदा उठाते हुए धीरे-धीरे जेवरात पार कर रही थी। इसकी जानकारी उनको हुई तो फरार हो गई थी। महिला के पास से पांच लाख की कीमत के जेवरात बरामद किए हैं।

» **तीन वर्षों से रह रही थी किराए पर, ठाकुरगंज पुलिस ने किया खुलासा**

### शिक्षक के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमृत विचार : गाजीपुर थानाक्षेत्र के शक्तिनगर इलाके में रहने वाले शिक्षक के घर का ताला तोड़कर चोरों ने पांच लाख रुपये के जेवरात व नकदी साफ कर दिया। पड़ोसियों की सूचना पर घर पहुंचे शिक्षक ने थाने में मामला दर्ज कराया है। वहीं, सरोजनीनगर स्थित स्टेट फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट से सांइटिफिक असिस्टेंट का लैपटॉप चोरी हो गया। शक्तिनगर पीरबाग निवासी सुधांशु कुमार गोस्वामी करनैलगंज के एक स्कूल में शिक्षक हैं। वह परिवार संग गोण्डा में थे। इस बीच चोर मेन गेट का ताला तोड़ कर मकान में घुस गए। अलमारी तोड़ कर जेवर और रुपये निकाल लिए। सुधांशु के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर उनके चाचा भी रहते हैं। जिनका कमरे का सामान भी अस्त-व्यस्त था। सुधांशु के मुताबिक मकान में तीन चोर घुसे थे। यह जानकारी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मिली। सुधांशु के मुताबिक चोर करीब एक घंटे तक घर में मौजूद रहे। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, इंदिरानगर सेक्टर 16 निवासी नीरज सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में साइंटिफिक असिस्टेंट हैं। नीरज के मुताबिक शुक्रवार को वह ऑफिस में लैपटॉप छोड़ कर एडमिन ब्लॉक में गए थे। वापस आने पर लैपटॉप नहीं मिला। कर्मचारियों से लैपटॉप चोरी होने के बारे में पूछा गया। जानकारी नहीं मिलने पर नीरज सिंह ने सरोजनीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## छत से गिरे युवक की मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के गोसालालपुर गांव में शराब के नशे में भाइयों से झगड़ा करते समय युवक छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुधवार देर रात युवक की मौत हो गयी। कार्यवाहक थाना प्रभारी गौरी शंकर ने बताया कि मलिहाबाद थाना क्षेत्र के गोसालालपुर का रहने वाला मजदूर पंकज गौतम (35) बीते मंगलवार की देर शाम काम करके घर आया था। किसी बात को लेकर पंकज की उसके भाइयों छोटू, अंकित, अभिषेक व पिता मिश्रीलाल से कहासुनी हो गई थी। इस दौरान पंकज बातचीत करते हुए छत से नीचे गिर गया। पंकज की पत्नी ने उसे बलरामपुर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां बुधवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं, पत्नी व ससुरालीवालों ने भाइयों पर पंकज को पीट-पीटकर जाने से मारने का आरोप लगाया है।


## कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

पत्रांक– 32/न0पं0ता0/2024–25 दिनांक – 19.06.2024

**ई –निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तालग्राम कन्नौज में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य करवाना चाहती है। जिसके लिये नगर पंचायत द्वारा दिनांक 20.06.2024 से 20.07.2024 तक नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.in द्वारा द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 20-06-2024 03:00 PM से | ------ |
| 2 | Tender Download | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 3 | Bid Submission | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 4 | Close for Bid | --------- | 20-06-2024 03:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 20-07-2024 04:00 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical | |

नोट–निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित तिथि व समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज — अध्यक्ष, नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

## कार्यालय नगर पंचायत, तालग्राम-कन्नौज

पत्रांक– 31/न0पं0ता0/2024.25 दिनांक – 19.06.2024

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**

समस्त चारे–भूसे विक्रेताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त / प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम को निम्न विवरण के अनुसार चारे–भूसे की आवश्यकता है। जिसके लिये दिनांक 26.06.2024 के अपरान्ह 2.30 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 3.00 कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएं खोली जायेंगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी–अपनी निविदाएँ प्रति किलो की दर से दे सकते है। विवरण निम्न प्रकार है

| कार्य सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | प्रति कुन्तल | कुल धनराशि | 2% अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गौवंश हेतु चारे–भूसे की आपूर्ति | 408 कुन्तल | 650.00 | 2,65,000.00 | 5,300.00 | 300.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तालग्राम, जनपद कन्नौज — अध्यक्ष, नगर पंचायत तालग्राम, जनपद कन्नौज


# नगरीय परिवहन के प्रोत्साहन को मेरी बस-मेरी सड़क पहल की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

» **निदेशालय और सीईईडब्ल्यू ने उठाया कदम**

» **उन्नत सार्वजनिक परिवहन के लाभों का आकलन**

**अमृत विचार :** नगरीय परिवहन निदेशालय ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ मिलकर बुधवार को 'मेरी बस, मेरी सड़क' पहल की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य नगरीय परिवहन को प्रोत्साहित करना है। सीईईडब्ल्यू ने प्रदेश के 26 प्रमुख शहरों में वर्ष 2031 तक आवश्यक बसों की संख्या, बस स्टाप व फुटपाथ जैसे आधारभूत ढांचे व निवेश संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ एक उन्नत सार्वजनिक परिवहन के लाभों का आकलन किया है।

**2031 तक 12 हजार नगर बसों की होगी आवश्यकता :** वर्ष 2031 तक प्रतिदिन कम से कम 60 लाख यात्रियों को सेवाएं देने के लिए प्रदेश में 12 हजार से अधिक नगर बसों की आवश्यकता होगी। सीएनजी बसों की तुलना में ई-बसें 23 से 32 प्रतिशत तक सस्ती होंगी और वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी लाएंगी। 40 लाख लोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जगह पर बसों को अपना सकते हैं।

**सुव्यवस्थित नगर परिवहन प्रबंधन में यह कार्यक्रम निभाएगा अहम भूमिका :** नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक डा.राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि मेरी बस-मेरी सड़क पहल की शुरुआत बसों की संख्या में अधिकाधिक वृद्धि, बेहतर सेवाएं और सुव्यवस्थित नगर परिवहन प्रबंधन में एक अहम भूमिका निभाएगा।

उन्नत बस सेवाएं आने पर 40 लाख लोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जगह पर बसों को अपना सकते हैं, जिससे सड़कों पर भीड़-भाड़ में कमी आएगी। यह परिवर्तन 2031 तक 24 किलोटन पीएम 2.5 (पीएम2.5), 3.38 मीट्रिक टन कार्बन मोनो-ऑक्साइड और 0.321 मीट्रिक टन नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रदूषणकारी तत्वों को घटाते हुए वायु गुणवत्ता में सुधार लाएगा।

### 15,700 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान

वर्ष 2031 तक प्रदेश के 26 प्रमुख शहरों में दैनिक यात्रा की आवश्यकता पूरी करने के लिए आवश्यक बसों की खरीद के लिए 15,700 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय है। इसके अतिरिक्त, अधिकांश बस यात्री और संभावित बस यात्री चाहते हैं कि उनके गंतव्य स्थल तक आवागमन की सुविधा में सुधार हो और वाहन मिलने में कम से कम समय लगे। कार्यक्रम में नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक डॉ. राजेंद्र पेंसिया, बरेली की नगर आयुक्त निधी गुप्ता वत्स, शाहजहांपुर के नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, अयोध्या के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अलीगढ़ के नगर आयुक्त अमित आसेरी, आईआईटी दिल्ली के ट्रिप-सी में एमेरिटस प्रोफेसर गीतम तिवारी और अर्बन कैटलिस्ट की जेंडर विशेषज्ञ सोनल शाह ने अपने-अपने विचार और अनुभव साझा किए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांक– 366/DA-02/46/2024-25 दिनांक – 19.06.2024

**निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/9–5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद–कन्नौज में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्य करवाना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई–निविदाएं ई–टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0 सं0 | Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Tender Release | 20-06-2024 09:00 AM | |
| 2 | Clarification Date | 20-06-2024 09:00 AM | 20-06-2024 02:00 PM |
| 3 | Tender Download | 20-06-2024 09:00 AM | 27-06-2024 02:00 PM |
| 4 | Bid Submission | 20-06-2024 03:00 PM | 27-06-2024 02:00 PM |
| 5 | Closing of Bid | | 27-06-2024 02:00 PM |
| 6 | Pre Bid Meeting Date | | 27-06-2024 02:00 PM |
| 7 | Technical Bid Opening | | 27-06-2024 03:00 PM |
| 8 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

ई–निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD). निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 19.06.2024 प्रातः 09.00 बजे से देखा का सकता है। ई–निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्यकी अलग–अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

अनिल कुमार, अधिशासी अधिकारी / टेण्डर कमेटी अध्यक्ष — मुन्नी देवी, अध्यक्ष, न0पा0प0 गुरसहायगंज


## ससुरालीजन के खिलाफ मारपीट करने के साथ दहेज प्रताड़ना की दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर के सेक्टर-ई, एलडीए कॉलोनी निवासी प्रियंका ने अपने पति अखिलेश्वर प्रसाद तिवारी, सास नारायणी, ससुर जयनारायण, ननद मीनाक्षी द्विवेदी और ननदोई सत्य प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी व जान से मारने का प्रयास करने के साथ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि 18 फरवरी 2022 को उसका विवाह अखिलेश्वर के साथ हुआ था। उसके बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। उसका खाना-पीना भी बंद कर दिया। उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। करीब साल भर पहले ससुराल वालों ने उसे जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया, लेकिन आरोप है कि बीती 17 जून की रात करीब 9:30 बजे पीड़िता का पति ड्यूटी से घर पहुंचा और सास-ससुर के भड़काने पर उसे मारने पीटने लगा। शोर मचाने पर टीवी की आवाज बढ़ा दी और पीड़िता का मुंह दबा दिया। पीड़िता के पति ने उसे जान से मारने की कोशिश की। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना पीड़िता के मायके वालों को दी। मायके वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर बुलाया। बाद में पीड़िता के मायके वाले उसे सरोजनीनगर सीएचसी ले आए। जहां उसका मेडिकल कराया गया। फिलहाल पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।


# हीट स्ट्रोक हेतु रोकथामः

- हाइड्रेट रहने हेतु पानी के का सेवन अधिक से अधिक करें याद्यपि आप प्यासा महसूस न भी कर रहे तब भी प्रत्येक 2 घंटे के अन्तराल पर पानी जरूर पियें।
- उन चीजों का सेवन न करें जो आपको डिहाइट्रेट (शरीर में पानी की कमी) कर सकती हो जैसे–शराब।
- उच्च तापमान और आद्रता (अत्याधिक धूप) वाले क्षेत्र में लम्बे समय तक रहने से बचें।
- यदि किसी कारण से उच्च तापमान वाले क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता हो तो बीच–बीच में ब्रेक लें।
- हीट एक्सहोर्शन होने के प्राथमिक लक्षण एवं संकेतों को पहचानें और शरीर का तापमान कम करने हेतु उचित कदम उठाएं जिससे स्थिति खराब होकर हीट स्ट्रोक में परिवर्तित न हो पाएं।

## हीट स्ट्रोक का प्रबंधन और उपचारः

- रोगी को ठंडे स्थान पर ले जाएँ।
- यदि किसी व्यक्ति को हीट स्ट्रोक होने का अंदेशा हो, तो उस व्यक्ति को छायादार जगह पर हो सके हो एयर कंडीशन कमरे में या पंखे के सामने रखें जिससे शरीर का तापमान कम हो सकें।
- शरीर का तापमान कम करने के लिए अतिरिक्त कपडे हटा दें और व्यक्ति के शरीर पर ठंडा पानी या आइस पैक लगाएं।
- **रिहाइड्रेट करनाः** पसीना, वाष्पीकरण या अन्य रूप से हुए तरल पदार्थो की कमी को पूरा करने के लिए, पानी या इलेक्ट्रोलाईट युक्त घोल पीने के लिए दें (यदि व्यक्ति होश में हो)।
- यदि मरीज़ बेहोश हो जाता है या मानसिक स्थिति बदल जाती है तो, मरीज़ को लिटाएं और मरीज़ के पैरों को शरीर के स्तर से ऊपर उठाएं।
- **चिकित्सीय सहायता लेनाः** इमरजेंसी रेस्पोंस सिस्टम को सक्रीय करने के लिए 108 पर कॉल करें और आगे के प्रबंधन और इलाज हेतु मरीज को अस्पताल ले जाएँ।
- स्थिति की गंभीरता के आधार पर, आई बी फ्लूइड और अन्य चिकित्सा हस्तक्षेप भी आवश्यक हो सकती हैं।



**डॉ राधेश्याम गोंड**
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवा, बराबंकी



**महेन्द्र प्रताप यादव,**
स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी
देवा, बराबंकी



**डा. अवधेश कुमार यादव**
मुख्य चिकित्सा, अधिकारी
बाराबंकी

Call 108

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांक: 415/तीन–कर/ नामान्तरण/2024–25 दिनांक: 19.06.2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद, गोण्डा के कर विभाग की कर निर्धारण पंजिका में दर्ज भवन स्वामियों / अध्यासियों के नाम के स्थान पर निम्नलिखित व्यक्तियों का नाम दर्ज करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः एतद्वारा उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1915 की धारा–147 (2) के अन्तर्गत समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दे सकता है। नियत अवधि बीत जाने के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और प्रस्तावित नामान्तरण को अन्तिम रूप प्रदान कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | मोहल्ला का नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 464/493 | महराजगंज | श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र तिलकराम शर्मा | श्रीमती बानो बेगम पत्नी अब्दुल मन्नान शेख | पंजीकृत बैनामा |
| 2 | 626/339 | पटेल नगर पश्चिमी | श्री ईश्वर शरण श्रीवास्तव पुत्र साँवल | श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 इंश्वरसरन लाल श्रीवास्तव | वरासत |
| 3 | 346 | आवास विकास प्रथम | श्रीमती विजयलक्ष्मी पत्नी स्व0 हरीशचन्द्र श्रीवास्तव | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 हरीशचन्द्र श्रीवास्तव | वरासत |
| 4 | 136/1/ 121 | छेदीपुरवा | श्री बुद्ध प्रकाश तायल पुत्र गोकुल चन्द्र | श्रीमती विजयलता तायल पत्नी स्व0 बुद्ध प्रकाश तायल | वरासत |
| 5 | 21/315 (आंशिक) | पटेल नगर पश्चिमी | श्री कृष्णकान्त तिवारी | श्री चन्द्रकान्त तिवारी पुत्र स्व0 कृष्णकान्त तिवारी | वरासत |
| 6 | 52 | आवास विकास प्रथम | श्री महेन्द्र सिंह छाबड़ा पुत्र चतर सिंह | श्रीमती कमलजीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह छाबड़ा व श्री प्रभजोत सिंह छाबड़ा पुत्र गुरदीप सिंह छाबड़ा | पंजीकृत दान–पत्र व अपंजीकृत पारिवारिक समझौता |
| 7 | 390/531 | रानी बाजार | श्रीमती खैरूननिशा पत्नी मकबूल अहमद | परवीन बेगम, यासमीन बेगम फारूकी, शाहीन बेगम, कैसरजहाँ, मैसरजहाँ, गुलशन, सना, इशरत जहाँ व तनजीम फातिमा पुत्रीगण मकबूल अहमद | वरासत |
| 8 | 640/335/1 | पटेल नगर पश्चिमी | श्री नरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव पुत्र स्व0 ओंकार प्रसाद | श्रीमती सुमन श्रीवास्तव पत्नी स्व0 नरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव व श्री रितेश कुमार व अभिषेक श्रीवास्तव पुत्रगण स्व0 नरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव | वरासत |
| 9 | 357 | आवास विकास प्रथम | श्री रमेश चन्द्र सेठ पुत्र कृष्ण बिहारी सेठ | श्रीमती मीरा सेठ पत्नी स्व0 रमेश चन्द्र सेठ व श्री रोहन सेठ व श्रेयांस सेठ पुत्रगण स्व0 रमेश चन्द्र सेठ | वरासत |
| 10 | 216/301 | मेवातियान | श्री मो0 अशरफ अली खॉ पुत्र साबिर अली | श्रीमती रूखसाना खान पत्नी अशरफ अली खान | वरासत |
| 11 | 17/38 | मेवातियान | श्री मो0 आरिफ रिजवी पुत्र स्व0 मो0 नासिर | श्री हसन निजामुद्दीन पुत्र स्व0 मो0 सिद्दीक | पंजीकृत बैनामा |
| 12 | 221/718 | सिविल लाइन प्रथम | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी शारदा प्रसाद मिश्र | श्री राजेश मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र व रजनीश मिश्र पुत्रगण शारदा प्रसाद मिश्र | वरासत |
| 13 | 355 | आवास विकास प्रथम | श्री चन्द्रभान सिंह पुत्र स्व सन्त प्रसाद सिंह | श्री उमेंश सिंह, महेन्द्र सिंह व योगेश सिंह पुत्रगण स्व0 चन्द्रभान सिंह | वरासत |
| 14 | 40/25,26 | छेदीपुरवा | श्री राम मिलन पुत्र श्यामलाल | श्री दुर्गा प्रसाद सोनी पुत्र स्व0 राम सहाय सोनी | पंजीकृत बैनामा |
| 15 | 171/114 (आंशिक भाग) | रानी बाजार | श्री राधेश्याम पुत्र हनोमान बख्श | श्री गोविन्द अग्रवाल पुत्र राधेश्याम | मा0 न्यायलय आदेश |
| 16 | 26/39 | आजाद नगर (सिविल लाइन द्वितीय) | श्रीमती गंगोत्री देवी पत्नी दुर्गा बक्श सिंह | श्री विवेक कुमार सिंह व आशीष कुमार सिंह पुत्रगण स्व0 दुर्गा बक्श सिंह | वरासत |
| 17 | 131/137/2 (आंशिक भाग) | मालवीय नगर | श्री नरेश कुमार लबानी पुत्र स्व0 दयानन्द | श्रीमती चित्रा लधानी पत्नी स्व0 नरेश कुमार लधानी | वरासत |
| 18 | 876/6/1 | सिविल लाइन द्वितीय | श्री सुबोध कुमार सिन्हे पुत्र राघव बिहारी | श्री रितेश सिन्हा पुत्र स्व0 सुबोध कुमार सिन्हा | वरासत |
| 19 | 638ए/438 | राधाकुण्ड | श्री विष्णु गोपाल श्रीवास्तव पुत्र स्व0 गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व0 विष्णु गोपाल श्रीवास्तव व श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव व कुंवर प्रताप श्रीवास्तव पुत्रगण स्वद्व विष्णु गोपाल श्रीवास्तव | वरासत |

कर निर्धारण अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोण्डा। — अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोण्डा।

## एक नजर

### रालोद में शामिल हुए बसपा नेता इजहार अहमद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा के मुस्लिम नेता इज़हार अहमद शाह ने बुधवार को रालोद की सदस्यता ले ली है। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और पार्टी के प्रति पूरी आस्था जताई। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि इज़हार अहमद बसपा के टिकट से माटा विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने पार्टी की नीतियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ली है, उनके आने से पार्टी को पूर्वांचल व देवीपाटन मंडल के क्षेत्र में मज़बूती मिलेगी।

### फरार चल रहे शिकारियों को वन विभाग ने दबोचा

**अमृत विचार, हरदोई :** कछौना वन रेंज के अंतर्गत कटियामऊ जंगल के समीप बने गौशाला के पास चार माह पूर्व जंगली सुअर का शिकार कर आग में भून रहे शिकारियों मचले, भोला व सुनील को खेत जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई से लकडकट्टों व शिकारियों, आरा मशीन संचालकों, अवैध कोयला भट्टी संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### पिता की संदिग्ध हालात में मौत, पुत्र ने दी तहरीर

**अमृत विचार, हरदोई :** बुज़ुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके बेटे ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। मंगलवार को कछौना कोतवाली के नैरा निवासी रामदेव (70) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बेटे की तहरीर पर कछौना पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। उसका कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### बिहार निवासी युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** पंजाब की निजी कंपनी में काम करने वाला बिहार का युवक मंगलवार को शहीद एक्सप्रेस से पंजाब जा रहा था। ट्रेन कोतवाली देहात के करना के पास युवक ट्रेन से गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के पास से बरामद हुए काग़ज़ो से शिनाख्त की गई। पुलिस को सूचना मिली कि करना के पास रेलवे ट्रेक पर युवक का शव पड़ा हुआ है। पहुंची पुलिस ने शव की जामा तलाशी के दौरान उसके पास से बरामद हुए काग़ज़ो से उसकी शिनाख्त हुई। युवक का नाम मोनू कुमार ठाकुर पुत्र बी लाल ठाकुर निवासी माधौपुर ज़िला समस्तीपुर बिहार बताया गया। मोनू पंजाब के अम्बाला में एक निजी कंपनी में काम करता था।

# कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक नियुक्ति प्रक्रिया हुई निरस्त

## आचार संहिता खत्म होने के बाद भी इंस्टीट्यूट को नहीं मिला निदेशक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया फार्म स्तिथ कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान (केएसएसएसएआई) लखनऊ में निकट समय में नियमित निदेशक मिलने की उम्मीद खत्म हो गई। निदेशक चयन के लिए चल रही प्रक्रिया अंतिम चरण में बुधवार को निरस्त कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा नए सिरे से विज्ञापन जारी कर आवेदन मांगने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ डॉ.आर के धीमन, बतौर कार्यवाहक निदेशक जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक पद की चयन प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दोबारा आवेदन मांगने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उप्र. द्वारा दिसंबर 2023 से कैंसर इंस्टीट्यूट में स्थाई निदेशक की नियुक्ति के लिए जारी नियुक्ति प्रक्रिया बिना परिणाम घोषित हुए विराम लग गया।

इस चयन प्रक्रिया में करीब तीन दर्जन से ज्यादा चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया था, फरवरी 2024 में साक्षात्कार भी हुए मगर 18 वीं लोकसभा चुनाव की आचार संहिता की वजह से प्रक्रिया थम गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार के बाद तीन चिकित्सक, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के एनेस्थिसिया विभाग के डॉ.मुकेश त्रिपाठी और इंडोक्राइन सर्जन डॉ.गौरव अग्रवाल के अलावा केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जन डॉ.ब्रजेश मिश्र चयनित हुए। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही प्रक्रिया तहत किसी एक को निदेशक की जिम्मेदारी देने के लिए तीनों नाम की फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी गई थी। अंतिम पायदान पर सहमति नहीं बनी अंततः नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि चयनित चिकित्सकों में कैंसर विशेषज्ञ न होने की वजह से प्रक्रिया रद्द की गई है।

### ढाई साल से कार्यवाहक निदेशक

कैंसर इंस्टीट्यूट में स्थाई निदेशक डॉ.शालीन कुमार को सितंबर 2021 को पद से आरोप लगने पर हटा दिया गया था और एसजीपीजीआई के निदेशक को बतौर कार्यवाहक निदेशक पद का जिम्मेदारी दी गई थी।

### डॉक्टर छोड़ रहे संस्थान

स्थाई निदेशक न होने की वजह से संस्थान को अपेक्षिप गति नहीं मिल रही है। कैंसर मरीज आधे- अधूरे इलाज के साथ भटक रहें हैं। दूसरी तरफ ज्वाइन करने वालों से लंबी संस्थान छोड़ने चिकित्सकों की है। बीते दिनों आंको-एनेस्थिसिया विभाग के डॉ.हिमांशु प्रिंस द्वारा संस्थान छोड़ने से संस्थान में पैलेटिव केयर विभाग बंद हो गया है। जिसके बाद दर्द से तड़पने वाले कैंसर मरीजों की दिक्कतें बढ़ गई है। इसके अलावा अबतक 16 चिकित्सक संस्थान छोड़ चुके हैं, जिनमें अधिकांश चिकित्सक कैंसर संबन्धित इलाज की विशेषज्ञता रखते थे।

# पालक की सेहत में गोल्ड नैनो पार्टिकल्स बने कारगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय में किया गया शोध, फसलों में उपयोगिता पर की गई चर्चा


प्रो. मोहम्मद इसराइल अंसारी

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बायोइंजीनियर्ड गोल्ड नैनोपार्टिकल्स के उपचार से पालक के पत्तों पर शोध हुआ है। शोध के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। इसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला है।

प्रो. मोहम्मद इसराइल अंसारी के नेतृत्व में एक शोध दल ने पाया है कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स का उपयोग करके पालक के पौधों को नमक के उच्च स्तर के तनाव में भी बेहतर वृद्धि और सहनशीलता मिलती है। यह शोध जून 2024 में फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस (स्विट्ज़रलैंड) में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने पाया कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स के अनुप्रयोग से पालक में क्लोरोफिल के स्तर में वृद्धि हुई है। ये नैनोपार्टिकल्स पौधों के स्टोमेटा (पत्तियों पर छोटे छिद्र) को फिर से खोलने में मददगार साबित हुए। इससे जलयोजन और गैस विनिमय भी बेहतर हुआ।

पोटैशियम आयनों की मात्रा बढ़ने से एब्सिसिक एसिड का स्तर कम हुआ, जो तनाव प्रतिक्रिया से जुड़ा हार्मोन है। प्रोफेसर ने बताया कि गोल्ड नैनोपार्टिकल्स विषैले नहीं होते और नैनो मात्रा में उपयोग से फसलों को प्रतिकूल परिस्थितियों में पनपने में मदद करते है।

## प्रदर्शनी में बच्चों और बड़ों के लिए पुस्तकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय भवन अलीगंज में प्रकाशन विभाग ने ग्रीष्मकालीन पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यह प्रदर्शनी 21 जून तक चलेगी।

प्रकाशन विभाग ने इस प्रदर्शनी में जनोपयोगी पुस्तकों और पत्रिकाओं को प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व उप राष्ट्रपति के भाषण संग्रहों के अलावा यहां राष्ट्रपति भवन पर आधारित प्रकाशनों का संग्रह भी मौजूद है। स्वाधीनता आंदोलन के नायकों और आधुनिक भारत के निर्माता महापुरुषों की प्रेरणादायी जीवनियां भी यहां मौजूद हैं।

# छात्राओं ने पोस्टर पर उकेरा योग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



योग पर पोस्टर बनाकर दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजेन्द्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनसीसी विंग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग के महत्व को पोस्टर पर उकेर कर प्रदर्शित किया। इस मौके पर महाविद्यालय की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने नियमित रूप से योगाभ्यास करने की ऑनलाइन शपथ ली।

नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय और एनसीसी अधिकारी मेजर मनमीत कौर सोढ़ी के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट पूजा गौतम, ज्योति गौतम, जानवी दुबे और बुशरा हामिद आदि ने पोस्टर के माध्यम से अष्टांग योग, योग का महत्व और इससे होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ से परिचित कराया। 20 जून को सुबह 7.30 बजे से महाविद्यालय में योगाभ्यास कराया जाएगा।

## निर्माणाधीन नाले में गिरीं पूर्व पालिकाध्यक्ष की बेटी और पौत्री

**अमृत विचार, हरदोई :** साण्डी के पूर्व पालिकाध्यक्ष की बेटी अपनी भतीजी को लेकर अपने चाचा के घर जा रही थी, उसी बीच दोनों वहां निर्माणाधीन नाले गिर पड़ी। जैसे-तैसे उन दोनों को नाले से निकाल कर उन्हें नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

इस बारे में ईओ जेपी यादव का कहना है कि वैसे तो निर्माणाधीन नाले को ढकने का कोई नियम नहीं है, लेकिन फिर भी आगे से ध्यान रखा जाएगा। साण्डी में मण्डी समिति के पास अलियापुर रोड पर पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश गुप्ता का मकान है। मंगलवार की रात को पूर्व पालिकाध्यक्ष की बेटी प्रीति अपनी भतीजी को लेकर चाचा के घर जा रही थी, तभी अचानक दोनों वहां निर्माणाधीन नाले में गिर पड़ी। दोनों घायल हो गईं।

# मर्डर मिस्ट्री सॉल्व करेंगे नवाजुद्दीन

## फिल्म रौतू का राज के प्रमोशन के लिए लखनऊ आए अभिनेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रख्यात फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी नई फिल्म रौतू का राज के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे। रौतू मसूरी के पास एक गांव है। इस गांव की खासियत यह है कि यहां कभी कोई अपराध नहीं हुआ। रौतू में अपराध की एक रहस्यमयी घटना घटती है। इस मामले की जांच के लिए पुलिस अधिकारी के रूप में नवाजुद्दीन सिद्दीकी रौतू पहुंचते हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि इस फिल्म में वह थाना प्रभारी दीपक नेगी के रूप में नजर आएंगे। वह बताते हैं कि शांत शहर रौतू में नेत्रहीनों के एक स्कूल के वार्डन की रहस्यमयी मौत हो जाती है। जहां पर 15 साल से ज्यादा समय से कोई हत्या नहीं हुई, वहां पर रहस्यमयी मौत से तूफान आ जाता है। वार्डन की मौत के राज से पर्दा हटाने के लिए थाना प्रभारी दीपक नेगी जिस तरह से मेहनत करता है वही इस फिल्म की ख़ूबसूरती है। जी-5 की ओर से बनाई गई यह फिल्म 28 जून को 190 देशों में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपनी फिल्म का प्रचार करने लखनऊ आया हूं, लखनऊ खुले दिल वाला शहर है और मुझे यहां आकर अच्छा महसूस होता है।


मीडिया से बात करते नवाजुद्दीन।

### पुलिस अधिकारियों से मिलने पहुंचे सिद्दीकी

फिल्म रौतू का राज में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है इसलिए वह लखनऊ आये तो पुलिस मुख्यालय गए और वहां पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, पीआरओ और निरीक्षकों के साथ बातचीत की। पुलिस अधिकारियों को नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए उन्हें कैसा महसूस हुआ।

## मनोरोगी किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, रायबरेली :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अर्धविक्षिप्त किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वहीं, पीड़िता के मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अर्द्ध विक्षिप्त किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। उधर किशोरी के पेट में दर्द होने लगा तब परिजनों द्वारा उसे अस्पताल ले गए जब जांच के बाद यह पता चला कि उसके पेट में 7 माह का गर्भ पल रहा है। बिन ब्याही किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी होते ही परिजन सन्न रह गए। किशोरी के साथ हुई दरिन्दगी की घटना के बाद आहत मां ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# प्रदेश में 1200 क्लेफ्ट सर्जरी हर माह हो रही निशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्माइल ट्रेन के सहयोग से प्रदेश में 15 अस्पतालों में बच्चों को मिल रही सुविधा

**अमृत विचार :** अकेले राजधानी में स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से हर माह कटे होठ व तालू (क्लेफ्ट) के साथ पैदा होने वाले करीब 250 से ज्यादा बच्चों की चार अस्पतालों निःशुल्क सर्जरी होती है। वहीं प्रदेश भर में 1200 सर्जरी संपन्न होती हैं। यह जानकारी स्माइल ट्रेन की क्षेत्रीय निदेशक ममता कैरोल ने दी।

ममता कैरोल ने बताया कि कटे होठ व तालू (क्लेफ्ट) के साथ पैदा होने वाले बच्चों की संख्या उप्र. में सबसे ज्यादा है। पूर्णतया निःशुल्क इलाज होने की उन्होंने बताया कि लखनऊ में सरकारी अस्पतालों में केजीएमयू, हेल्थ सिटी, विवेकानंद पॉलीक्लीनिक व सिप्स हॉस्पिटल में पूर्णतया निशुल्क सर्जरी उपलब्ध है। इन अस्पतालों में होने वाली समस्त सर्जरी का भुगतान संस्थान द्वारा अस्पताल को किया जाता है।

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो.विजय कुमार ने बताया कि उनके यहां हर माह आठ से 10 सर्जरी की जाती हैं, राजधानी में सबसे ज्यादा क्लेफ्ट सर्जरी करने वाले सिप्स हॉस्पिटल के डॉ.आर के मिश्र ने बताया कि कटे तालू के हर माह लगभग 125-150 सर्जरी संपन्न होती हैं। हेल्थ सिटी के डॉ.वैभव खन्ना ने बताया कि 30-40 सर्जरी हर माह संपन्न होती हैं और विवेकानंद अस्पताल के डॉ.अमित अग्रवाल ने भी 40-50 सर्जरी करने की जानकारी दी।


इन्दिरा नगर जैन मन्दिर में जैन श्रावक संस्कार कार्यशाला को संबोधित करते प्रो. अभय कुमार जैन। अमृत विचार

# अहिंसा मोक्ष की ओर बढ़ाती है : प्रो. अभय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जैन श्रावक संस्कार कार्यशाला के नवें दिन चन्द्र प्रकाश ने शिविरार्थियों को समझाया

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से इन्दिरा नगर जैन मन्दिर में चल रही जैन श्रावक संस्कार कार्यशाला का बुधवार को नवां दिन था। नवें दिन छह ढाला के द्वितीय अध्याय की 6 से 11वीं गाथा को चन्द्र प्रकाश ने शिविरार्थियों को समझाया। उन्हें बताया गया कि आत्म कल्याण के लिए सात तत्वों जीव, अजीव, आश्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष का यथार्थ ज्ञान जरूरी है।

जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि रागात्मक भाव से अनायास हिंसा होती है। हिंसा अधर्म है। यह जीवात्मा को अनन्त काल तक चौरासी लाख योनियों में भ्रमण कराती है। अहिंसा धर्म का सम्यक स्वरूप है जो मोक्ष की ओर अग्रसर करती है। शिविर के संयोजक और समिति के अध्यक्ष पीके जैन और मंत्री अभिषेक जैन ने प्रेक्टिकल के साथ बुधवार को बच्चों को पूजन विधि के अभिषेक अंग को सिखाया।

# डेड बॉडी के साथ हो गई लूट सीएमओ बोले- मैनेज करो

संवाददाता, हरदोई

- पोस्टमार्टम के बाद युवती के परिजन ने सीएमओ से की शिकायत

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के दौरान वसूली करने और रिश्वत मांगे जाने के बाद अब डेड बाडी से लूट का हैरतअंगेज खुलासा हुआ है। अजीब बात यह कि सब कुछ पता होने के बाद सीएमओ ने और कुछ नहीं कहा। बस अपने एक खास सिपहसालार को बुलाया और बोले, जाओ और मैनेज करो।

दरअसल पहले बीच शहर में शवों का पोस्टमार्टम हुआ करता था। लेकिन जब से दूरी बढ़ी तो कारगुजारियां भी बढ़ती चली गई। कहीं डेड बाडी के पोस्टमार्टम के नाम पर वसूली तो कहीं रिश्वत मांगने की शिकायतें आने लगी। लेकिन अब तो हद ही हो गई। मंगलवार को सीएमओ के सामने शिकायत पहुंची कि इसी साल 9 अप्रैल को माधौगंज पुलिस ने एक युवती का पोस्टमार्टम कराया था। सुसाइड करने वाली युवती ने नाक और कानों में सोने की बाली पहन रखी थी। पुलिस ने पंचनामा कर डेड बाडी पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। उसी के बाद पता चला कि सुसाइड करने वाली की नाक और कानों से सोने की बाली गायब थीं।

ऐसा करने वालो को इस बात का एहसास नहीं रहा होगा कि यह उनका भांडा फोड़ देगा। मंगलवार को उसी की शिकायत सीएमओ के सामने पहुंची। इस पर उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस में तैनात अपने सिपहसालार फार्मासिस्ट को तलब किया और कुछ सुने बगैर दो टूक कहा कि जाओ और मैनेज करो। इसकी जानकारी पुलिस को भी नहीं है।

# इंस्पेक्टर सहित दो पर था आरोप, बदलवाई तहरीर

संवाददाता, महोली-सीतापुर

- पुलिस ने करीबी पर ही फोड़ा 50 हजार की वसूली का ठीकरा

**अमृत विचार :** कोतवाली के बहुचर्चित लेकिन कथित 50 हजारी रिश्वत कांड के मामले में 13 दिन बाद नया मोड़ आ गया। भारतीय किसान यूनियन के एक संगठन द्वारा थाना प्रभारी और उनके करीबी द्वारा कथित तौर पर की गई वसूली के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किए जाने के ऐलान के चंद घंटे पहले ही पुलिस ने तहरीर बदलवाकर अपने करीबी के सिर पर 50 हजार रुपए वसूले जाने का ठीकरा फोड़ते हुए केस दर्ज कर लिया है।

मालूम हो कि भुड़िया गांव की शीलू पत्नी प्रेम द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक 3 जून की सुबह करीब 8 बजे प्रभारी निरीक्षक बिना वर्दी उसके घर घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उसके पति को जबरिया पकड़कर अपने साथ थाने ले गये। थोड़ी देर बाद शीलू कोतवाली पहुंची और प्रभारी निरीक्षक से प्रेम की गिरफ्तारी का कारण पूछा तो उन्होंने धमकाते हुए 50 हजार रुपए की मांग की।। डर और भय वश उसने अपने कुछ परिचित लोगों से रकम मांगकर इकट्ठा की और प्रभारी निरीक्षक को दे दिया। रुपए मिलने के आधे घंटे बाद रात करीब 9.30 बजे प्रेम को पुलिस हिरासत से छोड़ दिया गया।

शीलू ने 14 जून को सीओ कार्यालय पहुंचकर नई तारीख में तहरीर देकर प्रभारी निरीक्षक और पदुम सिंह पर पति को छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपए की वसूली करने का आरोप लगाया था। सीओ ने पूरे प्रकरण में साक्ष्य की कमी का होना बताया था।

## बहू पर लगाया बेटे को जहर खिलाकर मारने का आरोप

**अमृत विचार, रायबरेली :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतन्शीपुर गांव निवासी कमलेश कुमार (45) पुत्र राजकुमार कि बुधवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि मृतक कमलेश कुमार मिर्गी दौरे के अलावा और भी बीमारियों से ग्रसित था।

**आयोजन** — भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

# हिन्दी में काम आसान, संकोच छोड़ने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम छमाही बैठक में हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में विभागाध्यक्ष, कार्यालय प्रमुख और हिन्दी अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में 44 सदस्य कार्यालयों के 100 से ज्यादा पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

अपर महानिदेशक व विभागाध्यक्ष राजिंदर कुमार ने हिन्दी में अधिक से अधिक काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि हिन्दी बहुत ही सरल और लचीली भाषा है। इस भाषा में काम करना बेहद आसान है। हमें सिर्फ अपना संकोच छोड़कर हिन्दी में काम करने की जरूरत है।

गाजियाबाद से आये गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) अजय चौधरी ने बताया कि हिन्दी में काम करने के साथ-साथ उसका सही प्रदर्शन भी बहुत जरूरी है। निदेशक व राजभाषा अधिकारी ओम प्रकाश ने सभी सदस्य कार्यालयों से आई छमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों को पॉवर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर हिन्दी में गृह पत्रिका प्रकाशित करने वाले कार्यालयों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। राजभाषा के कार्यान्वयन का पूर्णता अनुपालन करने वाले कार्यालयों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर सहायक निदेशक अजय चौधरी ने अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। पुरस्कार पाने वाले कार्यालयों की उन्होंने सराहना की और जो कार्यालय लक्ष्य से कुछ दूर रह गए उनसे निरंतर प्रयास करते रहने को कहा।

# खराब प्रदर्शन पर समीक्षा में जुटी प्रदेश भाजपा

## पार्टी के अनुभवी नेताओं की टीम जिलों का दौरा कर तैयार कर रहे रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सौंपे गए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विस. क्षेत्र का दौरा कर 25 जून तक देनी होगी रिपोर्ट
- प्रदेश नेतृत्व इस रिपोर्ट को बाद में केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा, डेढ़ दर्जन सवालों पर मंथन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा निरंतर टोह ले रही है कि चुनाव पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर लेने के बावजूद झटका कहां-कहां से और क्यों लगा। चुनाव परिणामों में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है। पार्टी यहां 33 सीटें ही जीत पाई। आखिर कौन-कौन से ऐसे कारण रहे जिसके चलते भाजपा का राज्य में इस बार प्रदर्शन खराब रहा? पार्टी इन कारणों को इक्का-दुक्का नहीं बल्कि लगभग डेढ़ दर्जन सवालों की एक चेकलिस्ट तैयार कर पड़ताल में जुटी है। इस कड़ी में रायबरेली और अयोध्या में हार की समीक्षा पर खासा जोर है।

पार्टी की ओर से अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को चेकलिस्ट के साथ पड़ताल में नियुक्त किया है। इन्हें सभी 80 संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश हैं। इसमें हारी और जीती सीट सभी के क्षेत्र शामिल रहेंगे। जिम्मा 40 नेताओं पर है, जिन्हें अपनी-अपनी रिपोर्ट 25 जून तक प्रदेश नेतृत्व को सौंपनी होगी। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से यह रिपोर्ट साझा करेगा।

सवालों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका, उम्मीदवारों के चयन उनकी छवि, रणनीतिक विफलताएं, उम्मीदवार का स्थानीय लोंगो से जुड़ाव, विपक्षी उम्मीदवार के प्रति झुकाव के कारण, पार्टी के मुद्दों के आगे विपक्ष के क्या नैरेटिव प्रभावी रहे, जैसे डेढ़ दर्जन और सवाल शामिल हैं। इसमें आरक्षण, रोजगार, सरकारी योजनाओं जैसे सवाल भी शामिल होंगे। दरअसल, इतनी विस्तृत समीक्षा के पीछे संगठन की मंशा तीन साल बाद (2027) उप्र. में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समय रहते होमवर्क कर लेने की भी है। ग्राऊंड जीरो पर उतर कर चेकलिस्ट के साथ पड़ताल करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महासचिव गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, विदयाभूषण, विजय पाठक समेत अन्य अनुभवी नेता शामिल हैं। यह रिपोर्ट अगर तैयार हो जाती है तो पहले प्रदेश नेतृत्व, फिर केन्द्रीय नेतृत्व इस पर विमर्श करेगा।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित:॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत, वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध, अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई, जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी, लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

**उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।**

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया, जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है, गेहूं और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन, कुशल जलप्रयोग उपकरण, पौधों के संरक्षण उपाय, भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय, प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

**शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।**

शुरू-शुरू में मजा आया भी, लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा, लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ, न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड


मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा, लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था, नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया, लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।

रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार, उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा, लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

**देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।**

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार, विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में, अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं। इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

ब्रिट्रिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था, इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है, लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।

**मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।**



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है, ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है, लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# संस्कृति और सभ्यता



डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

**मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।**

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं, लेकिन संभव है कि बदलती सोच, बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक, जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास, वहां के शासन और प्रशासन के तरीके, वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है, उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं, जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं, क्रोध करता है अथवा नहीं, वह बातों को समझता है अथवा नहीं, वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं, उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं, ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है, वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां, हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।

# हम सब मिलकर चलें

बात शहर या कस्बे की नहीं है, बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे, वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए, किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है, वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी, जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता, उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता, झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है, व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें, हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत तीन की मौत

**मथुरा :** जिले के मांट क्षेत्र में बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा मांट-पानीगांव मार्ग पर डांगोली गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। उसने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार था कि मोटरसाइकिल सवार पंकज (24), उनकी पत्नी राधिका (20) तथा छोटा भाई आकाश (18) सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे और तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

### पाकिस्तानी पत्नी को तीन तलाक देने वाले पति पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पाकिस्तानी पत्नी के साथ मारपीट कर तीन तलाक देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने पति और ससुराल वालों ने जान का खतरा जताया है। पाकिस्तान के लौहार निवासी महिला के अनुसार उनका निकाह 2008 में पाकिस्तान में ही बरेली के बिहारीपुर निवासी मोहम्मद अथर के साथ हुआ था। उनका एक बेटा शाहनूर और सात साल की बेटी आयजा है। कई साल से पति अथर और ससुराल के लोग उत्पीड़न कर रहे थे। इस पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब उन्होंने पाकिस्तान जाने को कहा तो पति ने लांग टर्म वीजा में अड़चन पैदा की। आरोप है कि 11 जून पति ने मारपीट कर तीन तलाक दे दिया।

### ठगी मामले में निजी बैंक के कर्मचारी समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा :** शेयर बाजार मे ट्रेडिंग के नाम पर 48.5 लाख रुपये की ठगी के आरोप में एक निजी बैंक के कर्मचारी समेत दो लोगों को साइबर क्राइम थाने की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार किया। साइबर क्राइम के सहायक पुलिस आयुक्त विवेक रंजन राय ने बताया आरोपियों की पहचान जौनपुर निवासी ऋषभ मिश्रा और औरैया निवासी धीरज पोरवाल के रूप में हुई है।

# बर्खास्तगी न होने पर कर्मचारी वेतन का हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ **हाई कोर्ट ने सहायक अध्यापकों को दी राहत, अधिकारियों को लगाई फटकार**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहायक अध्यापकों का वेतन अकारण रोकने के मामले में कहा कि अगर किसी कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई या बर्खास्तगी का आदेश जारी नहीं किया गया है तो उसे सेवा में माना जाएगा और वह उस समयावधि का वेतन पाने का हकदार भी होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने संजय कुमार और तीन अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि याचियों की राज्य प्राधिकारियों के साथ मिलीभगत के बारे में केवल एक बेबुनियाद आरोप की संरचना की गई थी, जिसे सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के मिलीभगत का आरोप सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त व्यक्ति का वेतन रोकने का उचित कारण नहीं हो सकता है। दरअसल याचियों की नियुक्ति को अवैध करार देते हुए बताया गया कि राज्य प्राधिकारियों ने गलत निर्णय लिया था। हालांकि कोर्ट ने माना कि याचियों की नियुक्ति को अवैध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि चयन साक्षात्कार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नामित व्यक्ति की उपस्थिति में किए गए थे और संतुष्टि के बाद ही याचियों को 21 अगस्त 2003 को अनुमोदन प्रदान किया गया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि अनियमित और अवैध नियुक्तियों के बीच अंतर है। भले ही नियुक्तियां निर्धारित नियमों के अनुसार सख्ती से न की गई हों, लेकिन उन्हें कानून के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जा सकता है।

वर्तमान मामले में कोर्ट ने देखा कि विपक्षियों का यह मामला नहीं था कि याचियों ने अपनी नियुक्तियां प्राप्त करने में धोखाधड़ी की थी। याचियों का वेतन रोकने के लिए विपक्षियों ने केवल दर्ज प्राथमिकी का आधार लिया, जबकि बीएसए, जौनपुर द्वारा याचियों की नियुक्ति के आदेश को वापस नहीं लिया गया।

अंत में कोर्ट ने बिना ठोस कारण और उपयुक्त अनुशासनात्मक जांच किए बिना अध्यापकों के वेतन रोकने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों के आचरण से पता चलता है कि गलती करने वाले अधिकारियों की भूमिका को नजरअंदाज करते हुए याचियों को केवल बलि का बकरा बनाया गया है। अंत में कोर्ट ने याचियों को बकाया वेतन भुगतान के साथ ही सभी परिणामी लाभ देने का निर्देश देते हुए सभी याचियों को सेवा में नियमित रखने का आदेश दिया।

### आजीवन कारावास भुगत रहे आरोपी को मिली रिहाई

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कई वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों में ट्रायल कोर्ट द्वारा अपूर्ण जांच और गवाही के आधार पर आदेश पारित करने की परंपरा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मामलों में स्पष्ट रूप से गवाहों और साक्ष्यों में विसंगतियां दिखने के बावजूद ट्रायल कोर्ट आरोपियों के खिलाफ आदेश पारित कर देती है, जिन्हें रद किया जाना आवश्यक होता है अन्यथा आरोपी व्यक्ति बिना किसी कारण अनावश्यक सजा भुगतने के लिए विवश हो जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने 1983 में अपर सत्र न्यायाधीश, गाजीपुर के फैसले के खिलाफ खलील व तीन अन्य द्वारा दाखिल आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया। सभी अपीलकर्ताओं को ट्रायल कोर्ट द्वारा हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अपील के लंबित रहने के दौरान अपीलकर्ता खलील, जहीर और जैनुद्दीन की मृत्यु हो गई। इसके बाद मामले की पैरवी मामले का एकमात्र जीवित अपीलकर्ता मोफीद ही कर रहा था।

# व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नष्ट कर रहीं तर्कहीन गिरफ्तारियां

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▶▶ **अनुचित गिरफ्तारियां भ्रष्टाचार का प्रमुख स्रोत**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गोहत्या के एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत इस आधार पर स्वीकार की कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अपनी इच्छानुसार गिरफ्तारी कर सकती है। जिस आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस का कोई निश्चित समय नहीं होता है।

हालांकि गिरफ्तारी पुलिस के लिए अंतिम विकल्प होना चाहिए और इसे केवल उन असाधारण मामलों तक सीमित रखा जाना चाहिए, जहां आरोपी को गिरफ्तार करना अनिवार्य हो या हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की आवश्यकता हो। तर्कहीन और अंधाधुंध गिरफ्तारियां मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकलपीठ ने पुलिस स्टेशन लंका, वाराणसी में गोहत्या अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले के आरोपी मोहम्मद ताबीस रजा को जमानत देते हुए की।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारियां पुलिस में भ्रष्टाचार का मुख्य स्रोत हैं। लगभग 60% गिरफ्तारियां या तो अनावश्यक होती हैं या अनुचित सिद्ध हो जाती हैं और ऐसी अनुचित पुलिस कार्रवाई जेलों के खर्च का 43.2 प्रतिशत होती है।

कोर्ट ने याची को आरोप की प्रकृति तथा सीमित अवधि के लिए अग्रिम जमानत पर रिहा होने का हकदार मानते हुए सीआरपीसी के तहत पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अग्रिम जमानत पर रिहा कर दिया, साथ ही जांच अधिकारी को मामले की जांच शीघ्रता से पूरी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने पुलिस कार्रवाई और अनुचित गिरफ्तारी पर चिंता जताते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता एक बहुत ही कीमती मौलिक अधिकार है और इसे तभी खतरे में डाला जा सकता है, जब ऐसी अनिवार्यता हो।

### चीनी मिल पर हंगामा मामले में पूर्व विधायक सहित छह दोषी करार

**रामपुर, अमृत विचार :** राणा चीनी मिल में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने के मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने बुधवार को पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर और पांच अन्य सहित छह लोगों को दोषी करार दिया है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। 21 लोगों को दोष मुक्त कर दिया गया। 16 जनवरी 2012 को काफी लोग एकत्र होकर शाहबाद स्थित राणा चीनी मिल के अंदर घुस गए थे। वहां कर्मचारियों से मारपीट, लूटपाट और तोड़ फोड़ की थी। इस मामले में वहां तैनात उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर सहित 39 लोगों को नामजद करते हुए 200-300 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को जज ने छह लोगों को दोषी करार दिया। इसमें पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, भारत, किशनपाल, संजू यादव, सुरेश गुप्ता, मेघराज को दोषी करार दिया।

# करंट से ट्रक चालक और हेल्पर की मौत

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

▶▶ **लाइन फाल्ट होने से टीनशेड के एंगल में उतरा करंट**

**अमृत विचार :** बिजली की लाइन में फाल्ट होने से ढाबा के टीनशेड के एंगल में करंट आ गया। खाना खा रहे ट्रक के चालक और हेल्पर की करंट से मौत हो गई। ढाबा संचालक और कर्मचारियों ने घटना छिपाने के लिए दोनों के शव ढाबे के बाहर ट्रांसफार्मर के पास रख दिए। पुलिस ने ढाबा संचालक और कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी गुड्डू उर्फ राज (30) और गांव बमनी का प्रमोद (25) मंगलवार को ट्रक लेकर मुरादाबाद के कांठ के लिए निकले थे। रात करीब 11 बजे दोनों बदायूं निवासी वीरेंद्र मिश्रा के गांव सिलहरी के पास ढाबे पर खाना खाने रुके। दोनों खाना खा रहे थे। बिजली की लाइन में फाल्ट हो गया और टीनशेड के एंगल में करंट आ गया। करंट की चपेट में आकर गुड्डू और प्रमोद की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि हादसे के बाद ढाबा संचालक ने घटना छिपाने की कोशिश की है। ढाबा संचालक और कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है।

# 67,500 के नकली नोट पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**लखनऊ से लाकर यहां करते थे खपत, 3 गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाकर यहां खपत करते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए।



चौक कोतवाली पुलिस की हिरासत में तीनों आरोपी।

**60 रुपये में मिलता है सौ का नकली नोट**

आरोपी विवेक मौर्या ने बताया कि लखनऊ में दुबग्गा से वे नकली नोट लाते हैं। 60 रुपये में 100 का नकली नोट मिलता है। अपने साथियों के सहयोग से शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों में असली नोट के साथ मिलाकर नकली नोट चला देते थे। पुलिस के मुताबिक विवेक पर सात मुकदमे सदर बाजार, चौक कोतवाली में दर्ज हैं। इसके अलावा नीरज और जबर सिंह पर चौक कोतवाली में एक-एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में हुईं सबसे ज्यादा मौतें

## चुनाव कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान मौसम इस कदर पहले कभी नहीं पड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **चुनाव ड्यूटी में हीट वेव से मिर्जापुर में 24 घंटे में 14 मौतों के साथ प्रदेश में 20 कर्मियों की मौत**

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18वीं लोकसभा का चुनाव कई मायनों में याद किया जाएगा। भीषण गर्मी के बीच संपन्न चुनाव में ड्यूटी के दौरान अब तक 46 सरकारी कर्मियों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, इनमें से 14 की अकेले मिर्जापुर में ही हीटवेव से मृत्यु हुई है। यह संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि करीब तीन दर्जन अन्य कर्मियों की मौत के मामले जांच प्रक्रिया में हैं। जबकि गत विधानसभा चुनाव 2022 में 51 कर्मियों की मृत्यु हुई थी।

संपन्न लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान 28 जिलों में ड्यूटी करने वाले 46 सरकारी कर्मियों की मृत्यु होने के रिकार्ड राज्य निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध हुए हैं। इनमें 32 मृतकों के परिवारीजनों को निर्वाचन आयोग द्वारा तय मुआवजा 15-15 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। जबकि 40 चुनाव कर्मियों की मौत के जांच के कारणों की पुष्टि की जा रही है। पुष्टि होने पर उनके आश्रितों को भी निर्धारत मुआवजा धनराशि दी जाएगी।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि विभिन्न स्रोत से चुनाव के दौरान करीब 85-86 मृतकों की सूचना मिली हैं, पुष्टि के लिए संबन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुष्टि होने पर मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

### अकेले मिर्जापुर में 14 की मौत, 3 की पुष्टि बाकी

सबसे ज्यादा मिर्जापुर में 14 कर्मियों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है और तीन मामले जांच प्रक्रिया में है, पुष्टि होने पर अकेले मिर्जापुर में मृतकों की संख्या 17 हो जाएगी। इसके अलावा आगरा में तीन, बरेली, सीतापुर, सहारनपुर, में मृतकों की संख्या दो-दो है। इसके अलावा अलीगढ़, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बांदा, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बंदायू, बुलंदशहर, चित्रकूट, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गोरखपुर, हापुड, हाथरस, झांसी, ललितपुर, महोबा, मथुरा, रायबरेली, मुरादाबाद, शामली और सुल्तानपुर में एक-एक कर्मी की मृत्यु हुई है।

### होमगार्ड विभाग भी देगा मृतकों को 5 -5 लाख

चुनाव में खासी संख्या में होमगाड्र्स की मृत्यु हुई है, इनमें से प्रत्येक के आश्रित परिवार को होमगाड्र्स विभाग द्वारा 5-5 लाख रूपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार के अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार ने बुधवार को होमगाड्र्स विभाग के महासमादेष्टा को चुनाव के दौरान मृतक होमगाड्र्स के परिवार को सितंबर 2021 वाली पुरानी व्यवस्था के अनुसार अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिए हैं।

# एक लीटर दूध के लिए खर्च होता है 800 लीटर पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**आईवीआरआई का शोध**

▶▶ **पानी के अप्रत्यक्ष खर्च पर डॉ. हरिओम पांडेय ने की रिसर्च**

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान यानी आईवीआरआई के पशुधन उत्पाद विभाग के वैज्ञानिकों की दुधारू पशुओं में पानी की खपत पर की गई रिसर्च का चौंकाने वाला नतीजा सामने आया है। इस रिसर्च में पता चला है कि गाय या भैंस के एक लीटर दूध के लिए औसतन 800 लीटर पानी खर्च होता है। वैश्विक संकट बन रहे पानी की कमी की समस्या के लिहाज से इस रिसर्च को किसानों और वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है।

आईवीआरई के पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हरिओम पांडेय के मुताबिक आईसीएआर प्रोजेक्ट के तहत पानी के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपयोग के बारे में पता लगाने के लिए पिछले साल यह रिसर्च शुरू की गई थी। इस रिसर्च से पता चला है कि गाय के प्रति लीटर दूध के लिए औसतन 850 लीटर पानी खर्च होता है। भैंस के लिए पानी का यह खर्च औसतन 830 लीटर होता है। पानी की यह मात्रा प्रत्यक्ष रूप से गाय और भैंस को पीने के साथ अप्रत्यक्ष रूप से उनके आहार उत्पादन और रखरखाव के लिए इस्तेमाल की जाती है।

रिसर्च के मुताबिक गाय-भैंस पर अप्रत्यक्ष रूप से खर्च होने वाला पानी मुख्य रूप से उनके आहार उत्पादन के लिए खर्च होता है। इसमें घास, चारा और अनाज की खेती में उपयोग होने वाला पानी शामिल है। इसके अलावा पशुओं की सफाई और उनके रहने की जगह की देखभाल और सफाई पर भी काफी पानी खर्च होता है। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पानी की कमी के संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर कई अभियान चलाए जा रहे है। इस लिहाज से यह रिसर्च किसानों और नीति निर्माताओं के लिए दूध उत्पादन में पानी की खपत कम करने के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती है और भविष्य में जल संकट को कम करने में भूमिका निभा सकती है। किसानों और वैज्ञानिकों को मिलकर जल-संरक्षण के उपाय ढूंढने होंगे दूध उत्पादन में पानी की खपत कम कर पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके।

### इस तरह कर सकते हैं पानी की बचत

- ऐसे चारे और आहार का उपयोग किया जाए जिन्हें कम पानी की जरूरत होती है।
- पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग कर पानी की खपत को कम किया जाए।
- उन्नत जल-संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके पानी की खपत कम की जाए।

## उत्तराखंड

# चार हेलीकॉप्टरों की मौसम बिगड़ने से इमरजेंसी लैंडिंग

ब्यूरो, देहरादून

- **केदारनाथ से सहस्त्रधारा के लिए रवाना हुए हेलीकॉप्टरों को एम्स ऋषिकेश में उतारा गया**
- **एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह भी थे सवार**

**अमृत विचार :** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

चारधाम यात्रा में लगे चार हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दोपहर में एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ शुरू हो गया। जिस वजह से हेलीकॉप्टर डगमगाने लगे, तब उनमें सवार श्रद्धालुओं के हाथ-पांव फूल गए। लेकिन पायलटों की सूझबूझ के चलते चारों हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग एम्स ऋषिकेश में हो गई। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी ने राहत की सांस ली। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह भी सवार थे। बाद में मौसम साफ होने पर चारों हेलीकॉप्टरों ने वहां से गंतव्य के लिए उड़ान भरी।



ऋषिकेश एम्स में खड़े हेलीकॉप्टर।

### मैदान में तपिश, पहाड़ों पर झमाझम बरसे मेघ

**हल्द्वानी/नैनीताल, अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को कुमाऊं के मैदानी इलाकों में अंधड़ व बारिश होने का अनुमान जताया था, जो गलत साबित हुआ। पहाड़ों में झमाझम बारिश हुई, लेकिन मैदानी इलाके उष्ण लहर और तेज धूप से तपते रहे। पहाड़ों में बारिश से तापमान में गिरावट आई है, इससे ठंड का एहसास हुआ। बुधवार को नैनीताल, भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, मुनस्यारी, डीडीहाट आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, लेकिन मैदानी इलाके सूखे पड़े रहे। उष्ण लहर और तेज धूप के कारण हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में लगातार 11 दिन से पारा 41 डिग्री के पार चल रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम के समय पहाड़ों में झमाझम बारिश शुरू हुई। जिससे नगर में तापमान गिर गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। नैनीताल में बुधवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। यहां का अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मुक्तेश्वर में भी शाम को अच्छी बारिश हुई। यहां विगत दिनों अधिकतम तापमान 32 डिग्री पहुंच गया था। बारिश होने से पारा नीचे गिर गया है। बागेश्वर में मंगलवार सायं मौसम ने करवट बदली। गरज व तूफान के साथ बूंदाबादी हुई, जिससे तापमान में कमी आई है। बुधवार को सुबह से धूप खिली रही। मगर दोपहर बाद मौसम बदला और बादल छा गए। इसके बाद फिर से बूंदाबादी शुरू हो गई।

# गंगोत्री हाईवे पर रात 10 बजे के बाद नहीं चलेंगे वाहन

ब्यूरो, देहरादून

- **गंगोत्री हाईवे पर हादसे के बाद प्रशासन ने बढ़ा दी चौकसी**

**अमृत विचार :** गंगोत्री हाईवे पर हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने को चौकसी बढ़ा दी है। अब रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यातायात पर रोक लगाई गई है।

चारधाम यात्रा के लिए अभी भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही निजी वाहनों व टैक्सियों से जारी हैं। पिछले दिनों गंगोत्री हाईवे पर हुए हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। जिले में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। आगामी मानसून सीजन में चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसी के साथ गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थायी पुलिस चौकी खोल दी गई है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के सुरक्षित संचालन के लिए यह व्यवस्था की गई है।

# बिनसर अग्निकांड में झुलसे एक और वन कर्मी ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** अल्मोड़ा जिले के बिनसर वन्य जीव विहार अग्निकांड में एक और वन कर्मी ने दिल्ली एम्स में दम तोड़ दिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल के अनुसार फायर वाचर कृष्ण कुमार (21) ने बुधवार अपराह्न 1.37 पर अंतिम सांस ली। दिल्ली एम्स के बर्न वार्ड में कृष्ण भर्ती था। वह 70 प्रतिशत झुलसा था।

बिनसर में 13 जून को आग लग गई थी। पीआरडी के दो जवानों समेत छह वनकर्मी आग बुझाने गए थे, जिसमें चार लोग जिंदा जल गए थे जबकि चार झुलस गए थे।

# बाघ ने वृद्ध पर किया हमला, मौत

संवाददाता, खटीमा



मृतक प्रेम चंद

- **मौके पर दोबारा बाघ के आने से भगदड़, फायरिंग के बाद जंगल में भागा**

**अमृत विचार :** वनखंडी महादेव शिव मंदिर चकरपुर के पीछे बाघ ने हमला कर साइकिल सवार वृद्ध को मार डाला। ग्रामीण और वनकर्मियों को घटनास्थल से कुछ दूर शव मिला। वहीं घटनास्थल पर बाघ के दोबारा आने से वनकर्मियों और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। वन कर्मियों के हवाई फायर करने पर बाघ जंगल में भाग गया।

खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी प्रेम चंद (70) बुधवार सुबह अपने भाई करम चंद के घर से चकरपुर बाजार स्थित होटल पर काम के लिए साइकिल से निकले थे। वनखंडी महादेव मंदिर के पीछे बाघ ने साइकिल पर झपट्टा मारकर उन्हें गिराया और घसीटते हुए झाड़ियों में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। उधर, प्रेम चंद होटल पर नहीं पहुंचे तो होटल स्वामी ने परिजनों से पूछताछ की। उनकी खोज की गई तो ग्रामीणों को मौके से 50 मीटर दूर झाड़ियों में शव मिला।

# जंगलों को आग से बचाना सभी की जिम्मेदारी

संवाददाता अल्मोड़ा

▶▶ **राज्यपाल गुरमीत सिंह ने काकड़ीघाट स्थित कार्कटेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना**

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने परिवार सहित काकड़ीघाट स्थित कार्कटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने यहां स्थित ज्ञान वृक्ष पर जलाभिषेक किया तथा ध्यान कक्ष ध्यान भी लगाया।

काकड़ीघाट पहुंचने पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा सहित अन्य अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल ने ज्ञान वृक्ष (पीपल) पर जलाभिषेक कर काकड़ीघाट के बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। राम कृष्ण मिशन अल्मोड़ा के ध्रुवेशानंद महाराज ने इस स्थान का महत्व बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने अपनी परिव्राजक यात्रा के दौरान 21 अगस्त 1890 को काकड़ीघाट में रात्रिवास किया था। इस पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान लगाया था जो ज्ञानवृक्ष के नाम से जाना गया। ध्यान करते हुए उन्हें दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभूति हुई थी। अपने साथी और गुरुभाई स्वामी अखण्डानन्दजी के सामने उन्होंने इस अनुभूति का वर्णन किया था। इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस बात पर खुशी जताई कि जिस पेड़ के नीचे स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाया था उसको वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण की है। कोसी नदी हमारे लिए पूज्यनीय है, जल एवं वृक्षों का संरक्षण करना सबसे बड़ी बात है। इस दौरान कुलपति एसएसजे विवि सतपाल सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया सहित मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



ज्ञानवृक्ष पीपल पर जल चढ़ाते राज्यपाल। ● अमृत विचार

# जंगलों में लगी भीषण आग, यातायात बंद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को करनी पड़ी भारी मशक्कत**

**अमृत विचार :** रामपुर-रुद्रपुर हाईवे से सटे जंगल में आग लग गई। आग के उग्र रूप को देखकर हाईवे पर यातायात बंद कर दिया गया। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाईवे से सटे जंगल की आग बुझाई। जबकि जंगल के अंदर की आग बुझाने के लिए वन विभाग देर रात तक जुटा रहा।

बुधवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज के अंतर्गत रामपुर-रुद्रपुर हाईवे पर एस मोड़ के समीप सड़क के दोनों ओर जंगलों में आग लग गई। आग की सूचना पर भाखड़ा रेंज की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की। कुछ ही देर में आग हल्द्वानी रेंज के जंगलों तक पहुंच गई। एक घंटे बाद भी जब आग काबू में नहीं आ सकी तो रेंज की टीम ने आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। शाम को पांच बजे के बाद हाईवे पर ट्रैफिक फिर से शुरू किया गया। फिलहाल देर सायं तक वन टीमें आग बुझाने में जुटी रहीं। वनाग्नि में लगभग 8 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,337.59 | 23,516 |
| बढ़त/गिरा | 36.45 | 41.90 |
| प्रतिशत में | 0.05 | 0.18 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 20 जून 2024

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |

## एक नजर

### ताप बिजली संयंत्रों के पास 4.5 करोड़ टन कोयला

**नई दिल्ली।** ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयला भंडार 16 जून को सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4.5 करोड़ टन हो गया है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि टीपीपी को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयासरत है। उत्पादन में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स के कुशल प्रबंधन और सुचारू अंतर-एजेंसी समन्वय के परिणामस्वरूप टीपीपी में अबतक का सबसे अधिक कोयला भंडारण दर्ज किया गया है। बयान के अनुसार, ताप बिजली संयंत्रों में अबतक का सबसे अधिक कोयला भंडार उपलब्ध है।

### द सिटी को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बुधवार को पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाओं के अभाव पर द सिटी को-ऑपरेटिव बैंक, महाराष्ट्र का लाइसेंस रद कर दिया। रिजर्व बैंक ने कहा कि महाराष्ट्र के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने के लिए कहा गया है। रिजर्व बैंक के अनुसार, सहकारी बैंक 19 जून, 2024 को कारोबारी समय की समाप्ति से बैंक परिचालन बंद कर देगा। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से केवल पांच लाख की मौद्रिक सीमा तक जमा राशि की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

### कोल इंडिया ने बंद खदानें निजी कंपनियों को दीं

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों से कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व-भागीदारी के आधार पर निजी कंपनियों को आवंटित करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3.41 करोड़ टन की है। इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63.5 करोड़ टन है। कोल इंडिया ने न्यूनतम राजस्व भागीदारी चार प्रतिशत पर तय की गई है। अनुबंध की अवधि 25 साल की होगी। जिन निजी कंपनियों को ये खानें आवंटित की गई हैं उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

## सेंसेक्स नए रिकॉर्ड स्तर पर निफ्टी में मामूली गिरावट

मुंबई, एजेंसी

- बैंक शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को उतार-चढ़ाव के बीच दी मजबूती

शेयर बाजारों में बुधवार को सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंचा जबकि एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा। एक समय दोनों रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे थे, लेकिन बाद में मुनाफावसूली से नीचे आ गए।

बीएसई के संसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त से नए शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 550.49 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,851.63 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर चला गया था। हालांकि एनएसई का निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 पर चला गया था। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि बैंक शेयरों में तगड़ी खरीदारी ने सेंसेक्स को उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती दी। वाहन, धातु, तेल, गैस, दूरसंचार व रियल्टी में मुनाफावसूली से निफ्टी कमजोर हुआ।

## सरसों का उत्पादन बढ़ा, तेल के दाम में कमी नहीं

नीरज मिश्र, लखनऊ



- फसल बेहतर होने के बाद भी बढ़ रही सरसों के तेल की कीमत

**सरसों की पैदावार**

| वर्ष | पैदावार |
|---|---|
| 2019-20 | 10.75 |
| 2020-21 | 12.75 |
| 2021-22 | 14.74 |
| 2022-23 | 21.57 |

नोट- (आंकड़े लाख मीट्रिक टन में)

**अमृत विचार :** पिछले साल की तरह एक बार फिर सरसों के तेल का भाव बढ़ना शुरू हो गया है। वह भी तब जब बोआई का रकबा बढ़ने से पैदावार में इजाफा दर्ज किया गया है।

कारोबारी भी मान रहे हैं कि बेहतर उत्पादन के बाद भी सरसों के तेल का भाव बढ़ना समझ से परे है। इसके पीछे दो वजह हैं। एक यह कि या तो पिछली बार की तरह दाम बढ़ने के फेर में किसान अपना माल लाने से रोक रहे हैं या फिर जमाखोरी है। तेल के दाम एक बार फिर 140 रुपये के पास हैं जिससे लोगों में आशंका कि पिछली बार की तरह भाव डेढ़ सौ रुपये लीटर का आंकड़ा पार न कर लें। कारोबारी कह रहे हैं जमाखोरी नहीं मुनाफे की उम्मीद में किसान भी सरसों दबा रहे हैं जिससे सरसों के तेल का भाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

यूपी में वर्ष 2019-20 में तकरीबन 10.75 लाख मीट्रिक टन सरसों की पैदावार हुई थी जो साल 2022-23 में बढ़कर 21.57 लाख मीट्रिक टन हो गई। यहां तक कि कोरोना काल में भी पैदावार में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। बावजूद इसके तेल के भाव में उफान आना चिंता की बात है।

> अचानक सरसों के तेल ने फिर से रफ्तार लेना शुरू की है। 127 रुपये लीटर से आगे निकलकर सरसों का तेल अब 140 रुपये लीटर का भाव छू रहा है। फिलहाल अभी कोई तीज-त्योहार नहीं हैं। सरसों का उत्पादन बढ़ा है। ऐसे में कीमतों की पर नियंत्रण के लिए तत्काल ध्यान देना होगा। नहीं तो पिछली बार की तरह आंकड़ा पौने दो सौ रुपये लीटर का आंकड़ा छूने में देर नहीं लगेगी।
> -**रचित अग्रवाल**, तेल के कारोबारी

> फसल बेहतर है। लेकिन रेट बढ़े हैं। लोकल तेल तो 110 रुपये के आसपास था। वहीं ब्रांडेड तेल 126 से 127 रुपये लीटर बिक रहा था। अचानक पंद्रह दिन में तेल के दाम तेजी से बढ़ना शुरू हो गए हैं। अब 140 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।
> - **धर्मेश साहू**, तेल के व्यापारी

## बजट से पूर्व वित्त मंत्री ने की गंभीर चर्चा

### बैठक में अर्थशास्त्रियों ने रखे विचार, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, वित्त सचिव हुए शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट से पूर्व गंभीर विषयों को लेकर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव; आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कॉरपोरेट मामलों के विभागों के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है।



बजट से पूर्व देश के अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। ● एजेंसी

यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में पहले लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा 22 जुलाई से 9 अगस्त तक का हो सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा क्योंकि सरकार के पास अभी 31 अगस्त तक व्यय के लिए संसद की मंजूरी है। सरकार के लिए उससे पहले बजट को पारित कराना वैधानिक रूप से आवश्यक होगा।

### जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर कर लगाने का मुद्दा भी शामिल है। परिषद की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इसमें राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। इस बैठक में जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह की रिपोर्ट को अंतिम रूप देने पर हुई प्रगति पर भी चर्चा की संभावना है। परिषद की यह बैठक आठ महीने के अंतराल के बाद हो रही है। इससे पहले, 52वीं बैठक 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी। परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय की समीक्षा कर सकती है। यह फैसला 1 अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ है।

## महंगाई धीरे-धीरे हो रही नरम, खाद्य वस्तुओं के दाम चिंता का विषय

मुंबई, एजेंसी



- अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से रिजर्व बैंक की बुलेटिन में प्रकाशित लेख में किया गया उल्लेख

खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है।

उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। लेख में लिखा गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का कारण मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (ईंधन और खाद्य वस्तुओं को छोड़कर) में निरंतर कमी आना है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की अस्थिर और उच्च कीमतों के कारण महंगाई घटने का मार्ग बाधित हो रहा है।

आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। इसी महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर यथावत रखा। एमपीसी ने आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने के लिए उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का अपना रुख दोहराया। केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया है कि मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। आरबीआई ने कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता हैं।

## भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात तीन प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात 2023-24 में मात्रा के लिहाज से 3 प्रतिशत बढ़ गया है जबकि मूल्य के हिसाब से यह आठ प्रतिशत गिरा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के लिहाज से निर्यात 2023-24 के दौरान बढ़कर 17,81,602 टन हो गया है और इसकी कीमत 7.38 अरब डॉलर है। वहीं 2022-23 में यह 17,35,286 टन था और इसकी कीमत आठ अरब डॉलर थी।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के चेयरमैन डी वी स्वामी ने कहा कि भारत ने 17,81,602 टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात करके मात्रा के मामले में अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा दर्ज किया। हालांकि, अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे इसके प्रमुख निर्यात बाजारों में कई चुनौतियां हैं।



- वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार निर्यात 2023-24 में 17,81,602 टन, वहीं कीमत 7.38 अरब डॉलर

मंत्रालय ने कहा कि 4.88 अरब डॉलर के निर्यात के साथ फ्रोजन झींगा समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे ऊपर है। इसकी मात्रा में 40.19 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 66.12 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। ब्लैक टाइगर झींगा के निर्यात में भी अच्छी वृद्धि हुई। वहीं, फ्रोजन मछली का 6.71 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जो मात्रा में 21.42 प्रतिशत और डॉलर की कमाई में 9.09 प्रतिशत हिस्सा है। डॉलर के संदर्भ में ये निर्यात 2023-24 में 2.31 प्रतिशत घट गया।

## वाहन उद्योग 19% बढ़कर 10.22 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी

भारतीय वाहन उद्योग 2023-24 में 19 प्रतिशत बढ़कर 10.22 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, बहुपयोगी और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड के मजबूत प्रदर्शन से वाहन उद्योग में उछाल आया है। प्रबंधन परामर्शक कंपनी प्राइमस पार्टनर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में मात्रा के लिहाज से वाहन उद्योग का आकार 10 प्रतिशत बढ़ गया।

यूवी (बहुपयोगी) और एसयूवी खंड में बदलाव यह रहा कि पिछले वित्त वर्ष में इनकी मात्रा में 23% और कीमत में 16% की वृद्धि हुई, जिससे कुल मूल्य 39% बढ़ गया। इस खंड में औसत मूल्यवृद्धि कीमतों में सामान्य वृद्धि, उच्च खंड और हाइब्रिड और स्वचालित की ओर झुकाव, सनरूफ की लोकप्रियता और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग बढ़ने के कारण हुई। भारतीय ग्राहक विभिन्न क्षेत्रों में अधिक ऊंचे एवं महंगे मॉडल को पसंद कर रहे हैं, तथा वाहनों की औसत कीमत बढ़ रही है।



- एसयूवी खंड के मजबूत प्रदर्शन से वाहन उद्योग में आया उछाल

प्राइमस पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक अनुराग सिंह ने कहा कि भारत कम कीमत वाले उत्पादों को दरकिनार करते हुए और खूबियों और ऊंची कीमत वाले वाहनों को पसंद कर रहा है। उपभोक्ता प्राथमिकताएं और मजबूत आर्थिक बुनियादी बातें भारतीय वाहन उद्योग में इस बदलाव को आगे बढ़ा रही हैं। खास बात यह है कि यूवी और एसयूवी खंड अधिकांश भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प बन रहे हैं। दूसरी ओर, यात्री वाहन (पीवी) खंड में मामूली मूल्य वृद्धि के कारण मात्रा में नौ प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जिससे मूल्य में चार प्रतिशत गिरावट आई। दोपहिया वाहन खंड में, भारत में मात्रा में 10 प्रतिशत और मूल्य में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### वाणिज्यिक वाहनों के दाम 2% बढ़ाएगी टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने बुधवार को कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। यह अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की थी। टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का विनिर्माण करती है।

## ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को कहा कि समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है।



सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। इसे उद्योग के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र को कॉर्बन-मुक्त करने के लिए एक संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है। क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम में अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं जो भारत को स्थानीय और वैश्विक स्तर पर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि अगले दशक में हम ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे और अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेंगे।

## उत्तरी क्षेत्र में बिजली मांग 89.4 गीगावाट पहुंचने से ट्रिपिंग की स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में सोमवार को बिजली की मांग के 89.4 गीगावाट पर पहुंचने और आपूर्ति कम होने से कुछ जगहों पर बिजली गुल होने (ट्रिपिंग) की स्थिति का सामना करना पड़ा।



उत्तरी क्षेत्र में बिजली की मांग का आंकड़ा दर्ज करने वाले उत्तर क्षेत्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) ने कहा कि सोमवार को उत्तरी भारत में बिजली की मांग बढ़कर 89.4 गीगावाट होने से आपूर्ति में 16.5 गीगावाट का अंतर पैदा हो गया था। मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बिजली गुल होने की स्थिति पैदा हो गई। किसी इलाके में क्षमता से अधिक मांग होने पर बिजली स्टेशन ट्रिप कर जाते हैं और बिजली गुल हो जाती है। एनआरएलडीसी केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) का एक हिस्सा है। एनएलडीसी अंतर-क्षेत्रीय लिंक पर बिजली की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है। एनआरएलडीसी ने कहा कि सोमवार को दोपहर 1.53 बजे उत्तरी क्षेत्र की मांग में 16.5 गीगावाट की कमी देखी गई। कुरुक्षेत्र के एचवीडीसी लिंक के ट्रिप होने के बाद उत्तरी क्षेत्र में कम वोल्टेज देखा गया और बिजली भार में कमी आई।

## दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 1.2 अरब के पार, जियो शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दूसरी बार 1.2 अरब के पार पहुंच गई है। नए ग्राहकों की संख्या और कुल ग्राहक आधार दोनों ही मामलों में रिलायंस जियो सबसे आगे है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल दूरसंचार ग्राहकों का आधार अप्रैल में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 120.12 करोड़ हो गया। यह संख्या मार्च, 2024 में 119.92 करोड़ थी। इससे पहले मई, 2017 में कुल ग्राहक आधार 1.2 अरब का आंकड़ा पार कर गया था। इनकी संख्या अप्रैल माह में 116.54 करोड़ रही। रिलायंस जियो ने इस अवधि में 26.8 लाख नए ग्राहक जोड़कर मोबाइल फोन सेवा खंड में बढ़त हासिल की। जियो का कुल ग्राहक आधार 47.24 करोड़ हो गया। भारती एयरटेल ने 7.52 लाख ग्राहक जोड़े, जो 26.75 लाख हो गया। बीएसएनएल को 12.3 लाख और वोडाफोन आइडिया को 7.35 लाख ग्राहकों का भारी नुकसान होने से मोबाइल सेवा खंड की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

## रामपुर के किसानों को मालामाल करेगा ग्रीन गोल्ड

### रामपुर के बांस से बनेगा बरेली का फर्नीचर और पीलीभीत की बांसुरी

सुहेल जैदी, रामपुर

- एक हेक्टेअर की खेती में महज पांच हजार रुपये का आता है खर्च
- लाठी, डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती, मेज, कुर्सी, सोफा आदि की देश-विदेश में मांग

**अमृत विचार :** रामपुर के बांस से बरेली में फर्नीचर और पीलीभीत में बांसुरी बनाई जाती है। बांस से बने उत्पादों की देश-विदेश में काफी मांग बढ़ रही है। बांस से लाठी, फर्नीचर, अगरबत्ती और रोटी रखने के लिए रंग-बिरंगी डलियां तैयार की जाती है। वहीं, एक हेक्टेअर जमीन पर बांस की खेती के लिए महज पांच हजार रुपये का खर्च आता है। बांस की पौध रोपित करने के बाद 30 वर्ष तक आर्थिक लाभ मिलता रहता है।

उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव बताते हैं कि 2022 से रामपुर में बांस की खेती की शुरूआत की गई थी। इसके लिए सबसे पहले जिलेभर के 1156 तालाबों के किनारे बांस के करीब 75 हजार पौधे रोपित कराए गए थे। इस वर्ष 50 हजार पौधे रोपित कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हुआ था। इसके अलावा किसानों को बांस की खेती से जोड़ा जाएगा। ग्रीन गोल्ड (हरा सोना) कहे जाने वाले बांस की खेती से रामपुर के किसानों की तकदीर बदल सकती है। बताते हैं कि बांस की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है घर बनाने व पर्व-त्योहार के मौके पर ही नहीं है बल्कि बांसुरी, लाठी, डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती, मेज, कुर्सी, सोफा, हैंड्रिक्राफ्ट समेत तमाम कार्यो में बांस का उपयोग किया जाता है। पहले की अपेक्षा बांस से बने उत्पाद की कीमत जहां बढ़ी है वहीं इसकी मांग में भी काफी तेजी आई है।

उपायुक्त मनरेगा ने कहा कि एक हेक्टेअर भूमि में बांस की खेती करने वाले किसान तीन वर्ष में लखपती बन जाएंगे। बांस से बने उत्पादों की मांग हर प्रदेश से की जा रही है। इसके तैयार करने और इसकी लागत कम होने से किसानों को आर्थिक रूप से काफी मजबूती मिल रही है।



तालाब के किनारे बांस के पौधे रोपित करते किसान। ● अमृत विचार

> बांस की खेती के लिए कोसी क्षेत्र की जलवायु उपयुक्त है। वहीं एक बार बांस की खेती करने के बाद एक हेक्टेयर से दो से तीन लाख तक की कमाई की जा सकती है। रामपुर के किसानों के लिए यह खेती ग्रीन गोल्ड की तरह है। एक बार बांस का पौधा रोपित होने के पश्चात 30 साल तक आय का साधन बना रहता है।
> - **डॉ. लक्ष्मीकांत**, कृषि वैज्ञानिक

### पीपल की तर्ज पर पर्यावरण को संवारता है बांस

बांस पर्यावरण के लिए भी काफी फायदेमंद है। यह भी पीपल की तर्ज पर 24 घंटे कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करता है और ऑक्सीजन गैस छोड़ता है। बांस के पौधे काफी तेजी से बढ़ते हैं, जिसके कारण चार से पांच वर्ष में तैयार हो जाते हैं और किसान 30 साल तक इस पौधे से आर्थिक मुनाफा कमा सकते हैं।

# युवक ने स्टेम सेल दान ने ब्लड कैंसर रोगी की बचाई जान

अहमदाबाद, एजेंसी

युवक के निस्वार्थ कार्य स्टेम सेल दान ने ब्लड कैंसर रोगी की जान बचाई। ब्लड कैंसर रोगी सायली राणे का इलाज करने वाले चिकित्सक डॉ. संदीप शाह एवं डॉ संकेत शाह एच.ओ.सी वेदांता अहमदाबाद ने बताया कि 43 वर्षीय हेल्थकेयर क्लिनिकल रिसर्च प्रोफेशनल सायली एक अजनबी के निस्वार्थ कार्य की बदौलत नई जिंदगी का जश्न मना रही हैं।

आज ब्लड कैंसर से पीड़ित राणे, जो ल्यूकेमिया से जूझ रही थी, अपने स्टेम सेल डोनर, सतीश रेड्डी से पहली बार एक भावनात्मक मुलाकात में मिलीं। उन्होंने बताया कि विशाखापट्टनम के 32 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर सतीश रेड्डी ने जुलाई 2016 में डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया के साथ स्टेम सेल डोनर के रूप में पंजीकरण कराया। उल्लेखनीय रूप से, उनका अनूठा टिशू टाइप(एचएलए) राणे के लिए एकदम सही मैच साबित हुआ, जिससे उन्हें ल्यूकेमिया से उबरने का मौका मिला। रेड्डी ने अगस्त 2021 में अपने ब्लड स्टेम सेल्स दान करके, सायली को जीवनदायी स्टेम सेल ट्रांसप्लांट पाने में मदद की।

## पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे

**भुवनेश्वर।** पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि वह ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष का दायित्व निर्वहन करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए पटनायक ने कहा कि यह निर्णय बीजद विधायक दल की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा, "हमने बीजद के विधायकों की बैठक की। मैंने उन्हें बधाई दी और धन्यवाद दिया। उन्होंने मुझे विपक्ष का नेता और बीजद विधायक दल का नेता चुना है।" वरिष्ठ विधायक प्रसन्ना आचार्य को विपक्ष का उपनेता नियुक्त किया गया, जबकि पूर्व अध्यक्ष प्रमिला मलिक सदन में विपक्ष की मुख्य सचेतक होंगी।

# सिक्किम में 1,225 फंसे हुए पर्यटकों को निकाला गया

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1,225 यात्रियों को अब तक निकाल लिया गया है। अभियान के तीसरे दिन बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,225 पर्यटकों को मंगलवार देररात तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन, सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन (एनडीआरएफ), डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया।


उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन के बाद फंसे पर्यटकों को बचाते बीआरओ कर्मी। ● एजेंसी

लाचुंग उत्तरी सिक्किम का एक सीमावर्ती गांव है और यह समुद्र तल से 9,600 फीट या 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गर्मियों के दौरान मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, क्योंकि यह क्षेत्र आमतौर पर सर्दियों के दौरान बर्फ से ढका रहता है। यह क्षेत्र पर्यटन उद्योग 90 के दशक की शुरुआत में पर्यटकों के लिए खोला गया था, तब से यह नकदी समृद्ध व्यवसाय है। लाचुंग भारत की रक्षा के लिए एक बहुत ही रणनीतिक स्थान है।

### शेष 158 पर्यटकों की भी बचा ली गई जान

उत्तरी सिक्किम में फंसे शेष 158 पर्यटकों को निकालने के साथ ही बचाव अभियान बुधवार को समाप्त हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगन के जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया कि अभियान के तीसरे और अंतिम दिन 158 पर्यटकों को बचाने के साथ हमने फंसे हुए सभी 1,447 पर्यटकों को निकाल लिया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि 1,447 पर्यटकों को उनके गंतव्य भेज दिया गया है। उन्होंने कहा-उत्तरी सिक्किम में बादल फटने से 12-14 जून 2024 तक लगातार बारिश के कारण मंगन जिले में कुल 1,447 पर्यटक फंस गए थे। उन सभी को व्यापक बचाव अभियान के बाद अब सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और उनके संबंधित गंतव्य रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में शामिल सभी लोगों और पर्यटकों को चुनौतीपूर्ण समय के दौरान धैर्य रखने के लिए धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सेंथिल बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी।

### राइफल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की राइफल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी से छीना गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को डोडा से एसपीओ की ए के-47 राइफल छीनने वाले मोहम्मद रफी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रफी को पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम ने मसरी वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

### अलवर पुलिस ने पकड़े पांच साइबर ठग

**अलवर।** राजस्थान में साइबर अपराध के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत अलवर जिले के थाना वैशाली नगर एवं नौगांवा पुलिस ने साइबर ठग प्रभावित दो स्थानों पर दबिश देकर पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार करके छह एंड्राइड मोबाइल जब्त किये हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि वैशाली नगर थानाधिकारी सीताराम सैनी ने पुलिस बल के साथ सूर्य नगर मोड़ क्षेत्र में लोगों को मोबाइल के जरिये जाल में फंसाने की तैयारी कर रहे साइबर ठग राहुल जाटव, (19) सुनील जाटव (22), एवं केदार जाटव (28) को गिरफ्तार करके तीन मोबाइल जब्त किए गए।

### गोमांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिले की मार्बल सिटी किशनगढ़ में बुधवार को उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब असामाजिक तत्वों की ओर से बीच बाजार गोमांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। पुलिस के मुताबिक किशनगढ़ में सब्जी मंडी क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से गोमांस एवं गोवंश के कटे पैर फेंकने से हड़कंप और फिर तनाव पैदा हो गया था।

# आधुनिक शिक्षा पर काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया लोकार्पण

राजगीर, (बिहार), एजेंसी

- कहा-उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है और उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन करने के बाद नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा-नालंदा उस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है। उन्होंने कहा-जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने जब एजुकेशनल लीडर हुए। मोदी ने कहा-आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे स्थानों में हुआ करती थी। जब भारत शिक्षा में आगे था तब उसकी आर्थिक सामर्थ्य भी नई ऊंचाई पर था।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया

मोदी ने कहा आज भारत के शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत के युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया है। भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ विदेशी विश्वविद्यालयों ने भी जुडना शुरू कर दिया है। आज छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए भारत में ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थान उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें एशिया के कितने ही देश की विरासत जुड़ी हुई हैं। एक विश्वविद्यालय के परिसर के उदघाटन में इतने देश का उपस्थित होना, अपने आप में अभूतपूर्व है।


नालंदा विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुफ्तगू करते मुख्यमंत्री नीतीश।

### दुनिया के लिए शिक्षा व ज्ञान का केंद्र बने भारत

प्रधानमंत्री ने कहा मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। इसके लिए भारत आज बहुत कम उम्र से ही अपने छात्रों को नई खोज की भावना से जोड़ रहा है। आज एक तरफ एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को अटल टिंकरिंग लैब में आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ मिल रहा है वहीं दूसरी ओर चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशन छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी खोज को बढ़ावा देने के लिए भारत ने एक दशक पहले स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत की थी।

### भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा

मोदी ने कहा हमारा प्रयास है कि भारत में दुनिया की सबसे व्यापक और पूर्ण कौशल प्रणाली तथा सबसे उन्नत अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली हो... इन प्रयासों के नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा है और 10 साल पहले क्यूएस रैंकिंग में भारत के सिर्फ नौ शिक्षा संस्थान थे जबकि आज इनकी संख्या बढ़कर 46 हो गई है। उन्होंने खुशी जताई कि उन्हें तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिन में ही नालंदा आने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में औसतन भारत में हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है और हर दिन एक नयी आईटीआई की स्थापना हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं। आज देश में 23 आईआईटी संस्थान हैं। 10 साल पहले 13 आईआईआईएम थे, आज उनकी संख्या 21 है। 10 साल पहले की तुलना में आज करीब 3 गुना यानी 22 एम्स हैं।

# आप की युवा शाखा ने धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

आप की युवा शाखा ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और कथित अनियमितताओं के आरोपों के चलते राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को रद करने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा-परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं के कारण छात्र प्रभावित हुए हैं। हम मांग करते हैं कि नीट परीक्षा मामले की जांच समयबद्ध तरीके से और उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में की जाए। संजीव झा ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। वहीं आप की मुंबई इकाई ने बुधवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित घोटाले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसे 'राष्ट्रीय अपमान' बताते हुए नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की। पार्टी ने कहा कि दादर में आयोजित विरोध प्रदर्शन नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ पार्टी के राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा था। आप की मुंबई इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष रूबेन मस्कारेन्हास ने आरोप लगाया कि नीट घोटाला केवल 24 लाख मेडिकल उम्मीदवारों के भविष्य के साथ ही नहीं, बल्कि पूरे युवा भारत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अनियमितताओं की जांच कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए।

## नीट विवाद

### एनएसयूआई अध्यक्ष ने एनटीए पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अध्यक्ष वरुण चौधरी ने बुधवार को केंद्र से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर प्रतिबंध लगाने और नीट-यूजी 2024 परीक्षा में कथित प्रश्न पत्र लीक व भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो एनएसयूआई 24 जून को संसद का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि वह नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने और संसद में इस मुद्दे पर चिंता जताने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं से संपर्क करेंगे।

# अवैध देशी शराब पीने से पांच की मौत

चेन्नई, एजेंसी

- तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले की घटना में 20 से अधिक लोग बीमार पड़े

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में संदिग्ध रूप से अवैध देसी शराब पीने से 20 से अधिक लोग बीमार पड़ गये तथा कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने कहा कि इस सिलसिले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब के विश्लेषण में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस घटना की समग्र विवेचना के लिए सीबी-सीआईडी जांच का आदेश दिया है। बयान के मुताबिक सरकार ने इस मामले में कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का तबादला कर दिया जबकि पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा को निलंबित कर दिया गया। नौ अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया है जिनमें कल्लाकुरिचि जिले की मद्यनिषेध शाखा के भी पुलिसकर्मी शामिल हैं। विपक्ष के नेता इडापड्डी के पलानीस्वामी ने स्थानीय समाचारों का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा कि अवैध शराब पीने के बाद करीब 40 लोगों को भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा- जब से द्रमुक सरकार सत्ता में आयी है तब से अवैध शराब से मौतें होती जा रही हैं। मैं विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाता रहा हूं और कार्रवाई की मांग करता रहा हूं।'' उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करे। सरकार के अनुसार 20 से अधिक लोगों को को कल्लाकुरिचि मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जिन्होंने उल्टी आने और पेटदर्द होने की शिकायत की थी। राज्य सरकार के मुताबिक पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की जांच के आधार पर संदेह है कि उन्होंने अवैध शराब (ताड़ी) पी होगी।

## आपत्तिजनक अंश हटाने के बाद फिल्म-हमारे बारह को प्रदर्शन की मंजूरी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म "हमारे बारह" को रिलीज करने की अनुमति दे दी। फिल्म निर्माता के कुछ आपत्तिजनक अंशों को हटाने पर सहमत होने के बाद अदालत ने यह अनुमति दी। यह फिल्म पहले सात जून और फिर 14 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसके 21 जून को रिलीज होने की संभावना है। फिल्म के खिलाफ उच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर कर दावा किया गया है कि इसमें कुरान की बातों को गलत तरीके से पेश किया गया है तथा यह इस्लामी आस्था और मुस्लिम समुदाय के प्रति अपमानजनक है।


**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीनगर यात्रा से पहले एहतियात के तौर पर पूरे श्रीनगर और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर एसकेआईसीसी के पास तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## विस चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुईं पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी, बेटी श्रुति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के अगले ही दिन हरियाणा की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को अपने तमाम समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। राज्य में इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसे भाजपा के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब मैं भी भगवा रंग में रंग गई हूं।

# हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी पर मामला दर्ज

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

### ई-मेल पर दी गई थी धमकी

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे और देश के अन्य शहरों के विमानपत्तनों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल पर पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फर्जी साबित हुए इस संदेश के बारे में दिग्गज ई-मेल सेवा प्रदाता 'जीमेल' से जानकारी भी मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने संवाददाताओं को बताया, जीमेल के एक खाते से संदेश भेजकर मंगलवार को इंदौर और देश के अन्य शहरों के हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में यह संदेश फर्जी साबित हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी की शिकायत पर इस ई-मेल को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार के जरिये आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि धमकी भरा संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जीमेल से जानकारी मांगी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

## अभिनेत्री रितुपर्णा कोलकाता में ईडी के अधिकारियों के सामने हुईं पेश

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेनगुप्ता से उनके बैंक लेनदेन से संबंधित कुछ विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। ईडी अधिकारी ने कहा-हमारे पास अभिनेत्री के लिए कुछ प्रश्न हैं। हम अन्य विवरण का भी सत्यापन करेंगे जिनमें विशेष रूप से उनके बैंक खातों से किए गए लेनदेन का ब्योरा शामिल है। हमें इन लेनदेन के स्रोत और गंतव्य की जानकारी की जरूरत है। ईडी ने पहले अभिनेत्री से इसी मामले के सिलसिले में पांच जून को अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा था।

# मप्र उच्च न्यायालय ने किशोरी का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

जबलपुर, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने भ्रूण संरक्षित रखने का भी दिया निर्देश

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 14-वर्षीय उस लड़की के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है, जिसका कुछ महीने पहले राज्य के सिंगरौली जिले में कथित तौर पर अपहरण कर बलात्कार किया गया था। अदालत ने अधिकारियों को डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।




न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि किसी भी खतरे की स्थिति में गर्भपात कराने वाले चिकित्सक और राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं होंगे तथा गर्भपात केवल पीड़िता के माता-पिता के जोखिम और खर्च पर ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता अपनी बेटी को गर्भपात की प्रक्रिया के लिए सिंगरौली के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास ले जा सकते हैं। अदालत ने कहा कि अगर सीएमएचओ को लगता है कि लड़की को बेहतर इलाज के लिए किसी 'मल्टीस्पेशलिटी' अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो वह उसे गर्भपात के लिए उक्त अस्पताल में रेफर कर सकते हैं। जिला चिकित्सा बोर्ड, सिंगरौली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएं हैं और चिकित्सा बोर्ड द्वारा गर्भपात को मंजूरी दी गई है तो गर्भावस्था की किसी भी अवधि में गर्भ को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

भ्रूण को संरक्षित रखने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इसे (भ्रूण को) तुरंत जांच एजेंसी को सौंप दिया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी को भ्रूण अपने कब्जे में लेने की तिथि से दो दिन के भीतर डीएनए फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी इस वर्ष की शुरुआत में लापता हो गई थी और जिले के मोरवा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक महीने से अधिक समय बाद जब उसका पता चला, तो नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिससे पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस ने बाद में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार के आरोप दर्ज किए।

## कांग्रेस की तथ्यान्वेषी समितियां चुनाव में खराब प्रदर्शन की करेंगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को छह तथ्यान्वेषी समितियों का गठन किया जो हालिया लोकसभा चुनाव में, कई राज्यों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा करेंगी। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की से जारी बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन समितियों का गठन किया है। पार्टी ने मध्यप्रदेश की समिति में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, पूर्व सांसद सप्तगिरी उलका और गुजरात विधानसभा के पूर्व सदस्य जिग्नेश मेवानी को शामिल किया है।

# राहुल के जन्मदिन पर खरगे, अखिलेश और कई अन्य नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कुछ नेताओं ने बुधवार को राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला नेता बताया।

राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य हैं। इससे पहले वह केरल के वायनाड से सांसद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में खरगे के साथ मिलकर अपने जन्मदिन का केक काटा। इस मौके पर प्रियंका गांधी और कई अन्य नेता मौजूद थे। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस नेता को बधाई दी।

## बिहार में महिला नक्सली रिंकी कोड़ा गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के कजरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने महिला नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मोतीलाल, सशस्त्र सीमा बल और कजरा थाना पुलिस ने राजघाट कोल से नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार रिंकी कोड़ा के विरूद्ध कजरा और चानन थाना में पुलिस के साथ मुठभेड़,गंगटिया घाट पर फायरिंग, ट्रक में आगजनी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# विश्व कप



# दक्षिण अफ्रीका के रबाडा ने अमेरिका का खेल बिगाड़ा

## गौस-हरमीत की साझेदारी पर डिकॉक का पावरप्ले भारी, 18 रन से हारा अमेरिका

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्कराम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के ग्रुप दो के अपने शुरुआती मैच में अमेरिका को 18 रन से शिकस्त दी।

ग्रुप चरण के सभी मैच जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट में खेल रही अमेरिका की टीम की दाद देनी होगी जो एंड्रीयस गौस (नाबाद 80 रन, 47 गेंद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गयी थी लेकिन उसे दूसरे छोर पर विकेट गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर हार गयी।




'मैन ऑफ द मैच' रहे डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली। अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभायी।

अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 21 रन देकर और हरमीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाये। सह मेजबान अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें कागिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया। गौस एक छोर पर टिके थे। नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोंस खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने। एनरिच नोर्किया (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया। रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका।

## मार्कस स्टोइनिस टी-20 में बने नंबर एक ऑलराउंडर



**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी-20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।


श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। इंग्लैंड के स्पिनर राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।

# रोमांचक मुकाबले में भारत जीता

**07** शतक के साथ स्मृति मंधाना ने की भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज की बराबरी

**04** रन से हराकर भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली

**बेंगलुरु, एजेंसी**




स्मृति मंधाना (136) और कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद (103) की शानदार शतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को चार से हरा दिया हैं। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 326 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अन्नेका बोश (18) और सुने लूस (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने मारिजेन कैप के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 184 रनों की साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही दक्षिण अफ्रीका को 43वें दीप्ति शर्मा ने मारिजेन कैप को आउट कर बड़ा झटका दिया। मारिजेन कैप ने 94 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की पारी खेली। इसके बाद पूजा वस्त्रकर ने नडीन डी क्लर्क (28) और नोंडुमिसो शंघासे (शून्य) को आउट दक्षिण अफ्रीका को दबाव में लगा खड़ा किया। हालांकि एक छोर कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट थामे खड़ी थी। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 135 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुय नाबाद 135 रन बनाये लेकिन अपनी टीम को आखिरी गेंद पर जीत नहीं दिला सकी। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी और मुकाबला चार से हार गई। भारत टीम की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। स्मृति मंधाना और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## खेल डायरी

### केन विलियमसन कप्तानी से देंगे इस्तीफा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के कप्तान केन विलियमसन करियर विस्तार के लिए अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने 2024-25 के केंद्रीय करार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विलियमसन ने कहा कि मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपने योगदान को जारी रखते हुए सभी प्रारूप में टीम को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहता हूं। लेकिन न्यूजीलैंड समर के दौरान मेरे पास कुछ विदेशी अवसर भी होंगे, जिसके कारण मैं इस साल केंद्रीय करार को स्वीकार नहीं कर सकता।

### शॉटगन टीम में उदयपुर की माहेश्वरी का चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर की माहेश्वरी चौहान ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक के बाद आगामी पेरिस-2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम की घोषणा कर दी गई। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में शामिल होंगी। उनके नाम स्कीट इवेंट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं। माहेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

### लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक : मार्क

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष मार्क निकोलस ने खुलासा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच टीमों ने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लाडर्स स्थित टीम लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। अनुभवी कमेंटेटर और लेखक मार्क अक्टूबर से स्पिरिट के चेयरमैन का पद संभालेगें हैं। मार्क ने यह खुलासा एमसीसी सीईओ गाय लैवेंडर के सदस्यों को हाल में लिखे पत्र के हवाले से किया है जिसमें उन्होंने स्पिरिट टीम में 49% हिस्सेदारी बेचने की इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की पेशकश पर स्वीकृति मांगी है।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्डकार्ड

**विम्बलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिये वाइल्ड कार्ड दिये गए हैं। विम्बलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

# कैरेबिया में अच्छा करेंगे कोहली : हेडन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी-20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं। कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं। कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा। सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है। विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया। हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है।




# टीम में शामिल हो सकते हैं चहल या कुलदीप : राहुल

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी**

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को संकेत दिया कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के लिए अंतिम एकादश में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है क्योंकि वहां की परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल लग रही हैं।

भारत ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया था क्योंकि वहां की 'ड्रॉप-इन' पिचों में असमान उछाल था जिससे तेज गेंदबाजों को मदद मिली। द्रविड़ ने सुपर आठ मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि किसी को भी बाहर रखना मुश्किल है। न्यूयॉर्क में तेज गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी अलग थीं। हमें यहां (बारबाडोस में) कुछ अलग करने की जरूरत हो सकती है। युजी (युजवेंद्र चहल) या कुलदीप (यादव) का इस्तेमाल यहां किया जा सकता है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास हरफनमौला खिलाड़ी हैं। हमारे पास आठ बल्लेबाज थे, लेकिन हमारे पास सात गेंदबाजी विकल्प भी थे। द्रविड़ ने यह भी कहा कि भारत अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला रहेगा और परिस्थितियों के अनुसार इसमें बदलाव करेगा। हर स्थिति अलग होती है। इसे पत्थर की लकीर नहीं बनाया जा सकता। मैं लचीलेपन में विश्वास करता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हमने अक्षर (पटेल) को ऊपर भेजा।



अभ्यास के दौरान कप्तान रोहित के साथ कोच राहुल द्रविड़।

# जीत की लय कायम रखने उतरेगी विंडीज

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**

### इंग्लैंड के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला आज

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं।

वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है।

दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी।

**टीमें इस प्रकार हैं : इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

## बोपन्ना-इब्डेन की जोड़ी सिंच चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** शीर्ष वरीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इब्डेन की जोड़ी ने बुधवार को यहां आस्ट्रिया की एलेक्जेंडर अर्लर और लुकास मेडलर की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत से सिंच टेनिस चैम्पियनशिप के पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इब्डेन की भारतीय-आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने विम्बलडन चैम्पियनशिप की तैयारी की शुरुआत करते हुए एटीपी 500 ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में 56 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और इब्डेन फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# चेक को पुर्तगाल ने दी मात

**लीपजिग, एजेंसी**

स्थानापन्न फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ के अंतिम मिनट में किये गये गोल की बदौलत पुर्तगाल ने यूरो कप में बुधवार को चेक गणराज्य की मजबूत टीम को 2-1 हराया। जर्मनी के लीपजिग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहली सीटी बजने के बाद से ही पुर्तगाल ने गेंद अपने पास रखते हुए कई मौके बनाए। लेकिन पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चेक गणराज्य की मजबूत रक्षा पंक्ति ने गोल करने का अवसर नहीं दिया। छह बार यूरो कप का फाइनल खेलने वाले रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार प्रयास किया लेकिन चेकगणराज्य के गोलकीपर जिंड्रिच स्टेनक ने उन्हें विफल कर दिया। खेल ने 62वें मिनट में चेक गणराज्य के लुकास प्रोवोड ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन यह खुशी अधिक समय तक टिक नहीं सकी। सात मिनट बाद रॉबिन हानाक ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



### जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराया

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** जमाल मुसियाला के यूरो 2024 में दूसरे गोल की बदौलत जर्मनी ने बुधवार को यहां हंगरी को 2-0 से हरा दिया और यूरोपीय चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। मुसियाला ने 22वें मिनट में गोल करके जर्मनी को बढ़त दिलायी। लेकिन इसका हंगरी ने कड़ा विरोध किया। 21 वर्षीय मुसियाला ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड पर 5-1 की जीत के दौरान जर्मनी का दूसरा गोल दागा था। जर्मनी के लिए दूसरा गोल कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में किया।

### क्रोएशिया- अल्बानिया ने 2-2 से ड्रा खेला

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** क्रोएशिया और अल्बानिया ने बुधवार को यहां यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 में 2-2 से ड्रा खेला। यह बाल्कन देश की टीमों के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच भी था। क्रोएशिया ने शुरू से ही बढ़त बनाने की कोशिश की लेकिन अल्बानिया के काजिम लैसी ने हेडर से 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। दूसरे हाफ में आंद्रेज क्रामारिच ने 74वें मिनट में बराबरी गोल दागा। दो मिनट बाद ही क्लाउस गजासुला के आत्मघाती गोल ने क्रोएशिया को 2-1 से आगे कर दिया।

## एमबापे ने नाक की चोट पर पट्टी बांधकर किया अभ्यास

**पैडरबोर्न (जर्मनी), एजेंसी।** फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे ने बुधवार को नाक की चोट पर पट्टी बांधकर हल्का अभ्यास किया। यूरो 2024 में चोटिल होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखायी दिये। एमबापे ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा कि जोखिम के बिना जीत संभव नहीं। इससे इस खिलाड़ी की मजबूत मानसिक स्थिति का पता चलता है। फुटबॉल जगत को एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को कहा कि नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। किलियन को जल्द ही हमारे साथ होना चाहिए। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी टॉप बैटर-बॉलर

**सौरभ श्रीवास्तव, बरेली**

### टी-20 वर्ल्डकप

- टॉप-10 तक कहीं नहीं है भारतीय खिलाड़ी

टी-20 वर्ल्डकप 2024 में कई उलटफेर देखने को मिला। जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही अमेरिका से हार गई। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को भी कमजोर टीम से हार का सामना करना पड़ा।

18 जून को लगी मुकाबले के 40 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाते हुए सभी बड़ी टीम के स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। बात चाहे गेंदबाजी की हो या बल्लेबाजी की दोनों में ही टॉप पर अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में जहां फजलहक फारुकी 12 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं, वहीं, बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज 4 मैचों में 150.48 के स्टाइक रेट के साथ 167 रन बनाकर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### टीम भावना से भारत ने जीते तीनों मुकाबले

इसमें कोई भी शक नहीं है कि भारत के 3 मुकाबले लो स्कोरिंग के रहे हैं। इसमें भारतीय टीम एक दिखाई दी। सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर मुकाबला खेला तभी भारत ने लो स्कोर को भी विरोधी टीम को चेज नहीं करने दिया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 68 रन, सूर्य कुमार यादव ने 59 रन, शिवम दुबे ने 34 रन तो वहीं, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। इसमें सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने एक-एक अर्धशतक भी जड़ा। वहीं बात करें गेंदबाजी की तो भारतीय गेंदबाजों ने रन बहुत कम दिए और विकेट भी लिए। 3 लीग मैच में हार्दिक पांड्या ने 65 रन देकर 7 विकेट, अर्शदीप ने 75 रन देकर 7 विकेट, बुमराह ने 45 रन देकर 5 विकेट और अक्षर पटेल ने 39 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लीग मुकाबलों में अभी तक टॉप-10 रहे बैटर और बॉलर में एक भी भारतीय खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। पहली बार सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में भी कोई भारतीय नहीं है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रिषभ पंत (96) ने बनाए।

### लीग मुकाबले में टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 4 | 167 | 150.45 | 80 |
| निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 4 | 164 | 150.45 | 98 |
| मार्कस स्टोयनिस | आस्ट्रेलिया | 4 | 156 | 190.24 | 67 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 4 | 152 | 124.59 | 70 |
| ट्रेविस हेड | आस्ट्रेलिया | 4 | 148 | 157.44 | 68 |

### लीग मुकाबले में टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | टीम | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारूकी | अफगानिस्तान | 12 | 5/9 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 9 | 3/16 |
| अकील हौसेन | वेस्टइंडीज | 9 | 5/11 |
| एनरिक नॉत्या | साउथ अफ्रीका | 9 | 4/7 |
| तंजीम हसन | बांग्लादेश | 9 | 4/7 |

### अमेरिका में सभी मुकाबले लो-स्कोरिंग रहे

वर्ल्डकप और पिच पर रन न बने ये बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में अमेरिका में ग्रुप स्टेज के 16 मुकाबले 3 शहरों में खेले गए। इनमें 9 मैच चेज करने वाली और 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। यहीं, 12 बार टीमें 120 रन से कम ही बना सकी। इसमें भी 2 बार 100 रन से कम बने, लेकिन सभी मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चिंता व्यक्त की

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों को हथियार विहीन करने के लिए एक ठोस अभियान चलाने का आग्रह किया है। मंगलवार को छोटे और हल्के हथियारों पर कार्रवाई कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में राजदूत मुनीर अकरम ने टीटीपी जैसे आतंकवादी समूहों द्वारा आधुनिक और परिष्कृत छोटे हथियारों की खरीद और इस्तेमाल पर पाकिस्तान की गंभीर चिंता व्यक्त की।

टीटीपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है जो पूरे पाकिस्तान में शरिया शासन स्थापित करना चाहता है। 'डॉन' न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि इन हथियारों की तस्करी, स्थानांतरण को रोकने के लिए कदम उठाना संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और वैश्विक संस्था की जिम्मेदारी है।

### पाकिस्तान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।

# रामफोसा ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**जोहानिसबर्ग।** सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया। हालांकि, एएनसी और डेमोक्रेटिक अलायंस ने अपनी प्रतिद्वंद्विता को दरकिनार करके गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौता किया। चुनाव में एएनसी को 40 प्रतिशत वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) 22 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



### कितना तापमान सह सकता है मानव शरीर

वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर के तापमान की एक सीमा 36 से 37.5 डिग्री के भीतर सबसे अच्छा काम करता है। एक बार 40 डिग्री तक पहुंचने पर यह कम आर्द्रता के स्तर के साथ खतरनाक हो सकता है। अब चूंकि तापमान 50 डिग्री के करीब है तो स्थिति गंभीर है।

# हीट वेव बनी खतरे की घंटी

चिलचिलाती धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी के कारण बूढ़े और बच्चों को अधिक खतरा है। वहीं हीट वेव भी अब किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। हीट वेव के चलते सभी वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि कैसे इससे बचाव कर सकते हैं।

### क्या है हीट वेव

हीट वेव में बहुत ज्यादा हाई तापमान हो जाता है। जिसके संपर्क में आने पर मानव शरीर के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। हीट वेव की परिभाषा विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है और इसके लिए एक खास तापमान सीमा तय की जाती है। कुछ देश हीट इंडेक्स को हीट वेव मापने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जिसमें तापमान और ह्यूमिडिटी दोनों के स्तरों को ध्यान में रखा जाता है।

### भारत में कैसे तय की जाती है हीटवेव

भारत में लू की घोषणा तब की जाती है, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है या उससे ज्यादा हो जाता है। ये तापमान सीमाएं उन स्थितियों की पहचान करने के लिए तय की गई हैं, जो संभावित रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौत का कारण बन सकती हैं।

### हीट वेव से ऐसे करें बचाव

गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। अगर जरूरी काम से निकलें तो छाता या पानी की बोतल जरूर साथ में रखें। हल्के रंग, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें। हाई प्रोटीन फूड्स से बचें और बासी भोजन खाने से परहेज करें। बीमारी या बेहोशी का लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

## एक नजर

### संस्कृति मंत्रालय और एएसआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिव्यांग लोगों के लिए मुख्य आयुक्त के कार्यालय ने व्हीलचेयर का उपयोग करने वालों और कम गतिशीलता वाले लोगों को ईसा खान मकबरा जाने में परेशानी को लेकर संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया है। मुख्य आयुक्त ने संस्कृति मंत्रालय और एएसआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 75 और 77 का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया गया है। मुख्य आयुक्त ने मंत्रालय और एएसआई को 30 दिन के भीतर अपनी टिप्पणी और प्रासंगिक दस्तावेज पेश करने को कहा है। इसमें कहा गया है कि अनुपालन नहीं करने पर मामले में एकतरफा फैसला किया जा सकता है।

### बांग्लादेश में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी शहर कॉक्स बाजार में बुधवार तड़के भारी बारिश के कारण रोहिंग्या शिविरों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद समसुद्दुजा ने संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन ढाका से लगभग 292 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले के शिविर संख्या नौ और 10 में हुआ। उन्होंने बताया कि रोहिंग्या लोग कॉक्स बाजार जिले के 33 शिविरों में रह रहे हैं, जहां मंगलवार से भारी बारिश हो रही है। समसुद्दुजा ने बताया कि अधिकारी जोखिम भरी पहाड़ी ढलानों पर रह रहे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की सजा बढ़ायी

**दुबई।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सजा एक साल बढ़ा दी गई है। उनके वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी की गतिविधियों को लेकर सजा बढ़ायी गयी है। मोहम्मदी के वकील मुस्तफा निली ने कहा कि उनकी मुवक्किल को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह सजा नरगिस मोहम्मदी द्वारा मतदाताओं से ईरान के हालिया संसदीय चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह करने, यूरोप के सांसदों को पत्र भेजने तथा एक अन्य ईरानी पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता को दी गयी यातना के बारे में टिप्पणी करने के बाद दी गई है। नरगिस मोहम्मदी (52) को ईरान की कुख्यात एविन जेल में रखा गया है।

# दलाई लामा से मिलीं नैंसी पेलोसी

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

धर्मशाला, एजेंसी



धर्मशाला में बुधवार को अपने आवास पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा।

- प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बती संसद का दौरा किया और सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन हुआ
- तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत आए

अमेरिकी कांग्रेस सदस्य माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी भी शामिल थीं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

पेलोसी ने हिमाचल प्रदेश पहुंचने के बाद कहा, मैं यहां आकर रोमांच महसूस कर रही हूं। कांगड़ा एयरपोर्ट से लेकर मकलोडगंज तक दलाईलामा के अनुयायियों ने पेलोसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। यह बैठक चीन की बौद्ध भिक्षु (दलाई लामा) के साथ संपर्क से बचने की चेतावनी के बावजूद आयोजित की गई। चीन के लोग उन्हें अलगाववादी भी कहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि सात लोगों के द्विदलीय समूह ने दलाई लामा से धर्मशाला के इस पहाड़ी शहर में बौद्ध मठ के सामने उनके महल में मुलाकात की। यह बैठक उनके प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के एक दिन बाद इस पहाड़ी शहर में स्कूली बच्चों, बौद्ध भिक्षुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के बाद आयोजित की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को तिब्बती संसद का दौरा किया और यहां निर्वासित तिब्बती सरकार द्वारा उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

मैककॉल ने मंगलवार को कहा कि सांसद दलाई लामा के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा करने वाले थे, उनमें एक अमेरिकी विधेयक भी शामिल हैं, जिसका उद्देश्य तिब्बत विवाद को हल करने के लिए चीन पर दबाव डालना है और राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर का इंतजार है। चीन ने कहा कि वह इस यात्रा और विधेयक को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। चीन ने सांसदों से आग्रह किया कि वे जिसे वह दलाई गुट कहते हैं, उससे संपर्क न करें और बाइडेन से विधेयक पर हस्ताक्षर न करने का अनुरोध किया। तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत भाग गये। दलाई लामा तब से यहीं निर्वासित जीवन जी रहे हैं। चीनी अधिकारी अन्य देशों के अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत से नाराज थे। दलाई लामा ने अमेरिका की पिछली यात्राओं के दौरान राष्ट्रपतियों सहित अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है, लेकिन बाइडेन ने पदभार संभालने के बाद से उनसे मुलाकात नहीं की है।

# भीषण गर्मी में 550 हज यात्रियों की मौत

**मक्का।** सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान रेगिस्तानी क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के कारण अब तक कम से कम 550 लोगों की मौत हो गई है। अरब राजनयिकों ने पुष्टि की कि गर्मी और लू में कम से कम 323 मिस्रवासी मुख्य रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण मारे गये। अल-मुआइसेम अस्पताल से प्राप्त कुल संख्या का हवाला देते हुए एक राजनयिक ने कहा, सभी मिस्रवासी गर्मी के कारण मर गए, भीड़ के कुचलने के दौरान एक व्यक्ति को घातक चोटें भी आईं। अम्मान की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 60 जॉर्डनवासी मारे गए।

# अमेरिका ने ताइवान को नए हथियार बेचने को मंजूरी दी

वाशिंगटन, एजेंसी

- 291 अल्टियस-600एम प्रणाली और 720 स्विचब्लेड ड्रोन हथियारों में शामिल

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए हथियार बेचने को मंजूरी दी और इसके साथ वह ताइवान को सैकड़ों सशस्त्र ड्रोन, मिसाइल उपकरण और संबंधित साजो सामान भेजेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

मंगलवार को की गई यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं है लेकिन ताइवान को हथियार बेंचे जाने को मंजूरी देने की बात ऐसे वक्त कही गई है जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव चरम पर है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसका कहना है कि ताइवान पर नियंत्रण के लिए यदि बल प्रयोग करना पड़ा तो भी वह इससे पीछे नहीं हटेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जिन हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है उनमें 291 अल्टियस-600एम प्रणाली शामिल हैं जो मुखास्त्र युक्त मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन हैं। इन हथियारों में 720 स्विचब्लेड ड्रोन भी शामिल हैं।

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत आगे

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम की योजना बनाई

नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। यह स्मृति कार्यक्रम 23 जून को वैंकूवर में स्टेनली पार्क के केपरले खेल मैदान में एअर इंडिया मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। भारतीय समुदाय के सदस्यों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के वास्ते इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चाड में सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट, नौ की मौत

एनजमीना, एजेंसी

- राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का किया जा रहा इलाज

चाड की राजधानी एनजमीना में एक सैन्य आयुध डिपो में विस्फोट में नौ लोगों को मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता अब्देरमान कौलमल्लाह ने कहा कि राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का इलाज किया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट मंगलवार मध्य रात्रि से ठीक पहले शुरू हुए और 30 मिनट से अधिक समय तक चले, जिससे आस-पास की इमारतें हिल गईं। अधिकारियों और गवाहों ने बुधवार को कहा कि चाड की राजधानी में एक सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट और आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग बुझाने तथा घायलों के उपचार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए। पश्चिमी अफ्रीकी देश में आयुध डिपो में हुए धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी और उसके बाद आसपास के इलाकों में घने धुएं का गुबार छा गया। राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि विस्फोट के कारण लगी आग से जानमाल का नुकसान हुआ है। डेबी ने कहा, पीड़ितों की आत्मा को शांति मिले।

# रूस ईमानदार मित्र और सहयोगी : किम

प्योंगयांग, एजेंसी



उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस को एशियाई देशों में से सबसे ईमानदार मित्र और सहयोगी करार देते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कोरियाई लोगों का सबसे प्रिय मित्र बताया। किम ने पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान एक प्रेस बयान में कहा, इस समय जब पूरी दुनिया की निगाहें प्योंगयांग पर हैं, जो मित्रता के रूसी मिशन की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच एक नयी और सबसे शक्तिशाली संधि का निष्कर्ष कोरियाई लोगों के सबसे प्रिय मित्र राष्ट्रपति पुतिन की उत्कृष्ट दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के बिना असंभव होगा।

पुतिन और रूसी प्रतिनिधिमंडल की किम और उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। यह बैठक दोनों नेताओं के बीच एकांत में बातचीत के साथ आगे बढ़ी। किम ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग और सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है।

### वियतनाम पहुंचे पुतिन

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम पहुंचे। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार पुतिन पुराने साझेदार के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए राजकीय यात्रा पर आए हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ने का सामना कर रहा है।

# तीन भारतीय और मिस्र के चार नागरिक हिरासत में

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- कुवैत के मंगाफ शहर में आग लगने के मामले में सार्वजनिक अभियोजन ने की कार्रवाई

कुवैत के अहमदी प्रांत में भीषण आग लगने से 46 भारतीयों समेत 50 लोगों की मौत के मामले में भारत के तीन, मिस्र के चार और कुवैत के एक नागरिक को हिरासत में लिया गया है। बुधवार को एक मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को मंगाफ शहर में भूतल पर गार्ड के कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इमारत में 196 प्रवासी मजदूर रहते थे, जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। अंग्रेजी भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'अरब टाइम्स' ने बताया कि सार्वजनिक अभियोजन ने अल-मंगाफ की इमारत में आग लगने के मामले में एक कुवैती नागरिक, तीन भारतीय नागरिकों और मिस्र के चार नागरिकों को दो सप्ताह के लिए हिरासत में रखने का आदेश दिया है। खबर में कहा गया है कि आरोपियों पर हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। अखबार ने बताया कि कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के आदेश पर पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर (12.5 लाख रुपये) का मुआवजा दिया जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल

# प्रभा राज और तोशी का पिया परदेसिया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रभा राज और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया रिलीज हो गया है। भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना पारंपरिक लोकधुन पर बनाया गया है। इस गाने में तोशी द्विवेदी अपने पति के परदेस चले जाने पर काफी व्याकुल हैं। वह अपनी सखियों से अपने मन की व्यथा दर्द भरे एक्प्रेशन के साथ बयां कर रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया परदेसिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रभा राज ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में तोशी द्विवेदी नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी - सनी, डीओपी गौरव राय, रंजन, ड्रेस डिजाइनर बादशाह खान हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोपड़ा चोटिल हुईं

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में फिल्म की शूटिंग शुरू की। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उनके गले पर गहरी खरोंच दिखाई दे रही थी। प्रियंका ने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, ओह, मेरे काम में पेशेवर खतरे। रूसो ब्रदर्स के बैनर एजीबीओ स्टूडियोज और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा निर्मित द ब्लफ में प्रियंका एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी। उन्नीसवीं शताब्दी के कैरिबियन की पृष्ठभूमि पर आधारित द ब्लफ एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है, जिसमें उसके अतीत के रहस्यमय पाप उसे जकड़ते हैं, और इन सबसे बचकर उसे अपने परिवार की रक्षा करनी होती है। फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर्स करेंगे।



# रितु और कसीम हैदर का गाना आई फोन रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू म्यूजिक पर रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम का गाना आई फोन रिलीज हो गया है। आई फोन गाना में रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम की जोड़ी है। हर्ष गुर्ग द्वारा निर्देशित और बीबी एंटरटेनमेंट के बैनर तले एनके मूसवी द्वारा निर्मित, यह गाना बी4यू म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज किया गया है। इस गाने में रितु की मधुर आवाज़ और कसीम की करिश्माई उपस्थिति एक परिपूर्ण सामंजस्य बनाती है, जो गाने को आकर्षक और यादगार दोनों बनाती है। पार्थ शर्मा द्वारा लिखे गए आई फोन के बोल समकालीन और प्रासंगिक हैं। फोटोग्राफी के निर्देशक (डीओपी), सचिन गुप्ता, संपादन नीतीश चंद्रा, कोरियोग्राफी दिनेश साहनी की है।

## खगोल विज्ञान

बीटा पिक्टोरिस के सौरमंडल जन्म ले रहे हैं ग्रह

# ब्रह्मांड में हुई विशाल क्षुद्रग्रह की भीषण टक्कर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में हालही में विशाल क्षुद्रग्रह व ग्रह के बीच भयानक टक्कर हुई है। इस खगोलीय घटना को जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से देखा गया है। पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बीटा पिक्टोरिस नामक सौर मंडल में यह खगोलीय घटना हुई है। बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल की एक छोटी सी दुनिया है, जो इन दिनों ग्रहों के साथ अपने विकास में जुटी है।

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने इस घटना को देखा है और टक्कर के सबूत जुटाए हैं। यह एक नवनिर्मित सौर मंडल है। पिक्टोरिस प्रणाली युवा है। जिसकी उम्र केवल लगभग 20 मिलियन वर्ष है। यह ग्रह बनाने की प्रक्रिया में होने के लिए बेहद युवा है। इसमें कम से कम गैस के दो गैस विशाल ग्रह हैं। साथ ही अन्य छोटे चट्टानी ग्रह भी बनने शुरू हो गए हैं। ज्ञातव्य हो गैस के ग्रह धूल और चट्टानी मलबे के घूमते हुए बादलों से बनते हैं। इन बादलों में टकराव होते हैं। यह टकराव किसी भी सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जिस कारण ग्रह बनते हैं। क्षुद्रग्रह प्रारंभिक सौर मंडल में हुई टकराव की विशाल और हिंसक प्रक्रिया से बचे हुए पदार्थ के टुकड़े हैं। अपने सौर मंडल की बात करें तो हमारे सौर मंडल में 4.5 अरब वर्ष पहले सूर्य के चारों ओर अंतरिक्ष में एक विशाल बादल से ग्रहों का निर्माण हुआ था। तब ग्रह-निर्माण प्रक्रिया के उत्तरार्ध में क्षुद्रग्रहों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ था और करोड़ों वर्ष बाद अस्तित्व में आया। नई खोज इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी सौर मंडल का निर्माण भयानक टकरावों के बाद अस्तित्व में आता है।



पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बन रहे नए सौर मंडल की तस्वीर।

### दिलचस्प है बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल का युग

**नैनीताल :** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बीटा पिक्टोरिस सौर प्रणाली खगोलविदों के लिए बेहद आकर्षक है। यह हमारे निकट है और सौर मंडल निर्माण के सिद्धांतों का प्रमाण है। बीटा पिक्टोरिस मलबे की डिस्क से घिरा हुआ है। निर्माणाधीन यह सौर मंडल भविष्य में वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र रहेगा।